www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
13 मई 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 114, 16 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण



प्ले ऑफ की दौड़ के लिए गुजरात को कोलकाता से हर हाल में जीतना होगा P-14

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल और विपक्षी दलों पर हमला बोला

## मोदी के सीएए, आरक्षण और आस्था पर पांच वादे

कोलकाता, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में लोगों को सीएए, आरक्षण और राम मंदिर से जुड़ी पांच गारंटियां दीं। मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को अपने शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी।

मोदी ने राज्य के बैरकपुर, हुगली, आरामबाग और हावड़ा में सभाएं कीं। उन्होंने उत्तर 24 परगना के बैरकपुर की रैली में कहा कि टीएमसी के शासन में राज्य में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं। बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध करने के लिए टीएमसी की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा, वोट बैंक की राजनीति ने सीएए जैसे कानून को खलनायक के रूप में पेश किया है, लेकिन जब तक मोदी है, कोई भी सीएए को रद्द नहीं कर सकता।

**प्रताड़ित महिलाओं को धमकी:** मोदी ने कहा, टीएमसी के गुंडे दोषियों को बचाने के लिए संदेशखाली की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं। क्योंकि मुख्य अपराधी का नाम शाहजहां शेख है। प्रधानमंत्री ने कहा, ममता के शासन में बंगाल भ्रष्टाचार का केंद्र और 'बम बनाने का कुटीर उद्योग' बन गया। टीएमसी ने वोट बैंक की राजनीति के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जहां आप राम का नाम नहीं ले सकते और न रामनवमी मना सकते हैं।



पटना में रविवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया। इस दौरान उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पटना साहिब लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद मौजूद रहे। • एजेंसी

### भ्रष्टाचार इंडिया गठबंधन का आम चरित्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हावड़ा में कहा कि टीएमसी नेताओं का काम राज्य में अशांति पैदा करना है। चाहे कांग्रेस हो, वामपंथी दल हों या देश की कोई अन्य विपक्षी पार्टी, सभी ने भ्रष्टाचार को अपना सामान्य चरित्र बना लिया है। वे बोले, टीएमसी ने भ्रष्टाचार को पूर्णकालिक व्यवसाय बना दिया है। राज्य के लोगों ने अपनी कमाई लॉटरी टिकट खरीदने में खर्च कर दी और उसे लॉटरी घोटाले में खो दिया। टीएमसी का एजेंडा अवैध अप्रवासियों का कल्याण है, न कि बंगाल के लोगों का। वे भारत के लोगों को 'बोहिरागोतो' (बाहरी) कहते हैं।

### मोदी की पांच गारंटी

1. धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं।
2. राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोई नहीं पलट सकेगा।
3. एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई नहीं छू सकेगा।
4. सीएए कोई रद्द नहीं कर सकेगा।
5. रामनवमी मनाने से आपको कोई नहीं रोक सकता।

**टीएमसी की 'हर घर बम' योजना:** हुगली की रैली में मोदी ने कहा कि मोदी 'हर घर जल' की वकालत करते हैं, जबकि टीएमसी 'हर घर बम' योजना की वकालत करती है। उन्होंने कहा, टीएमसी भारत में समाज, कानून व्यवस्था और एकता को नष्ट कर रही है। राम मंदिर बना तो इनकी नींद उड़ गई। भर्तियों में जो भ्रष्टाचार हुआ है, वह निंदनीय है।

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं:** आरामबाग की सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संस्कृति की रक्षा के लिए है। राज्य में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है। बंगाल में राम मंदिर का नाम लेना तक अपराध हो गया है।

› मां की पूजा करते हैं P09

## केजरीवाल की मुफ्त बिजली, दो करोड़ रोजगार सहित 10 गारंटी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देशवासियों को 10 गारंटी दी हैं। इनमें गरीबों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, हर गांव और मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक , अग्निवीर योजना को बंद करने, भ्रष्टाचार की वॉशिंग मशीन को चौराहे पर तोड़ने और मुफ्त शिक्षा जैसी गारंटी शामिल हैं।

पार्टी मुख्यालय में रविवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि मेरी इन गारंटियों को लेकर इंडिया गठबंधन के बाकी साथियों से चर्चा नहीं हुई है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि गठबंधन की सरकार बनने पर इन गारंटियों को सभी साथियों से पूरा कराऊंगा। केजरीवाल ने कहा कि आजकल मोदी की गारंटी की चर्चा चल रही है, लेकिन उनकी गारंटी कैसी हैं, वह सब जानते हैं। उन्होंने एक-एक कर उन गारंटियों को गिनाया। मोदी ने गारंटी दी थी कि 15 लाख हर व्यक्ति के खाते में जमा कराएंगे। हर साल दो करोड़ रोजगार देंगे, स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू करके किसानों को फसलों का दाम देंगे, किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। आज उनकी गारंटियों को लेकर सभी देशवासी जानते हैं।




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को 'आप' कार्यालय में पार्टी का गारंटी पत्र जारी करते हुए। • सलमान अली

› संविधान बदलने की मंशा P04

## झारखंड के मंत्री को ईडी का नोटिस

रांची, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए 14 मई को तलब किया है।

एजेंसी ने आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके (लाल) घरेलू सहायक को एक फ्लैट से 32 करोड़ से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि 70 वर्षीय आलम को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को रांची में ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में आने को कहा गया है। मामला राज्य ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से संबंधित है।

› ईडी के पास जाऊंगा P07

## आईजीआई, 22 अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

- देशभर के 14 हवाई अड्डों को धमकी मिली
- एयरपोर्ट और अस्पतालों की सुरक्षा कड़ी की गई

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। आईजीआई सहित देश के 14 एयरपोर्ट और दिल्ली के 22 बड़े अस्पतालों को रविवार को ई-मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जांच एजेंसियों ने छानबीन के बाद इसे फर्जी करार दिया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले दिल्ली-एनसीआर के 100 से अधिक स्कूलों को भी इसी तरह का धमकी भरा ई-मेल भेजा गया था।

ई-मेल में लिखा है कि हवाईअड्डे को जल्द ही बम से उड़ा दिया जाएगा और धमकी को हल्के में ना लिया जाए। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर दोपहर करीब 3:15 बजे ई-मेल भेजा गया। ऐसा ही ई-मेल पटना, लखनऊ, बेंगलुरु, भोपाल, जम्मू, अहमदाबाद, केलीकट, अगरतला समेत 14 एयरपोर्ट को भेजा गया है।

ई-मेल मिलने के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद ई-मेल को फर्जी करार देते हुए पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस का मानना है कि यह किसी शख्स की शरारत है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

› धमकी से हड़कंप P03


## प्रमुख पांच

**एक क्लिक पर सभी कर नोटिस देख सकेंगे**
1 आयकर विभाग ने अपने पोर्टल पर नई सुविधा शुरू की है। अब एक ही क्लिक से करदाता को आयकर विभाग के सभी नोटिस एक ही जगह मिलेंगे। P13

**सीमा विवाद के समाधान की उम्मीद : जयशंकर**
2 विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत, चीन के साथ विभिन्न मुद्दें हल होने की उम्मीद करता है। P13

**पीओके में हिंसक झड़प, एक पुलिसकर्मी की मौत**
3 पीओके में प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। P15

**छह महीनों में दोगुने हो गए एआई उपयोगकर्ता**
4 पिछले छह महीनों में एआई का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। P12

**डिजिटल लेन-देन पर न लगे दाग**
5 रिजर्व बैंक की पिछली सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में डिजिटल फ्रॉड के 6,659 मामले सामने आए, जिनमें करीब 276 करोड़ रुपये की ठगी हुई।




आलोक जोशी P10

## दावा: संदेशखाली में महिलाओं को प्रदर्शन के लिए पैसे दिए गए

कोलकाता, एजेंसी। संदेशखाली प्रकरण में शनिवार रात एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें महिलाओं द्वारा पैसे लेकर प्रदर्शन करने का दावा किया गया है।

वीडियो में एक स्थानीय भाजपा नेता यह कहते नजर आ रहे हैं कि 70 महिलाओं को टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दो-दो हजार रुपये दिये गए। शाहजहां शेख पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और ग्रामीणों की भूमि हड़पने का आरोप है।

› सियासत गरमाई P07

## चौथे चरण की वोटिंग के साथ आज 70% चुनावी समर समाप्त होगा

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए सोमवार को मतदान होगा। चौथे चरण के मतदान के साथ करीब 70 फीसदी चुनावी समर समाप्त हो जाएगा।

इस चरण में पांच केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व क्रिकेटर और एक फिल्म अभिनेता समेत 1717 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में ओडिशा, आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भी वोटिंग होगी।

तीसरे चरण तक 283 सीटों पर मतदान हो चुका है। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 संसदीय क्षेत्रों में मतदान कराए गए। सोमवार तक कुल 379 सीट पर मतदान हो जाएगा। बाकी के तीन चरणों में 163 सीट पर वोटिंग होगी।

चौथे दौर में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की सभी 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11 सीट पर मतदान होना है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, झारखंड और ओडिशा की चार-चार और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी वोटिंग होगी।

### अधीर रंजन, ओवैसी समेत कई दिग्गज ताल ठोक रहे

इस चरण में पांच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, अर्जुन मुंडा, नित्यानंद राय, जी किशन रेड्डी, अजय मिश्रा टेनी चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा, पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान और कीर्ति आजाद, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा, वाईएस शर्मिला भी चुनाव मैदान में हैं।

› भाग्य का फैसला P09

## निज्जर मामले में एक और भारतीय को गिरफ्तार किया

- कनाडा में अब तक चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं
- गिरफ्तार भारतीय के खिलाफ सबूत का दावा

वाशिंगटन/ओटावा, एजेंसी। खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कनाडा पुलिस ने शनिवार को एक और भारतीय को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब तक चार भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

कनाडाई पुलिस की इंटीग्रेटेड होमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने बताया कि सरे निवासी अमनदीप सिंह (22) को हत्या और हत्या की साजिश रचने में गिरफ्तार किया गया है। वह एक अन्य मामले में पहले से हिरासत में था। आईएचआईटी के प्रभारी अधिकारी मनदीप मूकर ने बताया कि निज्जर की हत्या के मामले में अमनदीप के खिलाफ पर्याप्त सुबूत हैं। 45 वर्षीय निज्जर की 18 जून, 2023 को सरे में गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में तीन भारतीय को तीन मई को गिरफ्तार किया गया था। इन तीनों पर भी हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप हैं।

› हत्या करने वालों में शामिल P13

## दिल्ली का पारा इस सप्ताह 42 डिग्री पहुंचने के आसार

- राजधानी में आज भी बूंदाबांदी की संभावना
- धूल कणों में बढ़ोतरी से एक्यूआई 183 रहा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी में आने वाले दिनों में गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। इस सप्ताह 42 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंचने के आसार हैं।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में रविवार को तेज धूप निकली। हालांकि, बादलों की आवाजाही भी रही। इस दौरान पीतमपुरा समेत कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री और न्यूनतम 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। नजफगढ़ दिन में सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रहा। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स क्षेत्र की रात खासी गर्म रही। यहां का न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को इक्का-दुक्का क्षेत्रों में बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं, अब दिल्ली के तापमान में धीरे-धीरे इजाफा होगा। 17 मई तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। उधर, धूल कणों में बढ़ोतरी के चलते एक्यूआई 183 रहा।

**कुछ अलग** | नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही ने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया

## कामी ने कदमों से 29 बार एवरेस्ट का कद नापा

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने रविवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर 29वीं बार चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।

पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग के मुताबिक पर्वतारोही 54 वर्षीय शेरपा रविवार सुबह 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। उनके दल में कुल 20 पर्वतारोही शामिल थे, जिनमें से 13 पर्वतारोही नेपाल और शेष अमेरिका, कजाकिस्तान और कनाडा से थे। कामी ने वर्ष 1994 में 24 साल की उम्र में पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। गत वर्ष उन्होंने एक ही सीजन में 27वीं और 28वीं बार एवरेस्ट फतह किया था। कामी ने सबसे पहले वर्ष 1992 में अपनी पर्वतारोहण यात्रा शुरू की और एक सहायक कर्मचारी के रूप में एवरेस्ट के अभियान में शामिल हुए।



पर्वतारोही कामी रीता शेरपा।

**414** पर्वतारोहियों को इस वर्ष एवरेस्ट पर चढ़ने की मंजूरी मिली

### ब्रिटेन के पर्वतारोही ने 18वीं बार सबसे ऊंचे पर्वत पर चढ़ाई की

एक ब्रिटिश पर्वतारोही ने 18वीं बार दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर चढ़ाई की। इस तरह उन्होंने किसी भी विदेशी पर्वतारोही द्वारा सबसे अधिक माउंट एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। दक्षिण पश्चिम इंग्लैंड निवासी केंटन कूल ने माउंट एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ब्रिटिश रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।






सुकून से जाएं, और आराम से लौटें.

| दिल्ली - फुकेत | | | फुकेत - दिल्ली | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 09:00 | ✈ | 15:15 | 16:15 | ✈ | 19:20 |

31 मई, 2024 से शुरू.

भारतीयों के लिए वीज़ा फ्री

## काम की खबरें

**1 प्रवेश परीक्षा का परिणाम 14 मई को घोषित होगा**

सरकारी स्कूलों में गैर योजना दाखिले के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं में दाखिला को लेकर प्रवेश परीक्षा देने वाले छात्रों का परिणाम 14 मई को घोषित किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की परीक्षा शाखा के निर्देश है।

**2 बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों से दस्तावेज मांगे**

डीएसएसएसबी ने प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय के अधीन चल रही तकनीकी सहायक (जूनियर) भर्ती प्रक्रिया का परिणाम जारी किया है। चयनित अभ्यर्थियों को बोर्ड की वेबसाइट पर 14 से 28 मई के बीच दिए लिंक पर अपने दस्तावेज अपलोड कराने होंगे।

**3 नई दिल्ली- भागलपुर के रेलवे ने नौ फेरे बढ़ाए**

नई दिल्ली से भागलपुर के बीच चलने वाली विशेष गाड़ी संख्या 03483/84 के नौ फेरे बढ़ाए हैं। भागलपुर से यह गाड़ी 29 जून तक प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को चलेगी। वहीं, नई दिल्ली से भागलपुर के लिए यह रेलगाड़ी 30 जून तक प्रत्येक रविवार और बुधवार को चलेगी।

**4 जामिया में कोचिंग के लिए 19 मई तक फॉर्म भरें**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी के कोचिंग व कैरियर योजना केंद्र में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थी 19 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निशुल्क प्रशिक्षण लेने के लिए अल्पसंख्यक, एससी, एसटी और महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

**5 सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए 15 मई से आवेदन**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरकारी स्कूलों में कक्षा छह से नौं में गैर योजना दाखिले के तहत दूसरे चक्र में 15 मई से **https://www.edudel.nic.in//** पर पंजीकरण कर सकेंगे। बची सीटों पर दाखिले के लिए पंजीकरण करने की आखिरी तारीख 15 जून है।

## आज का मौसम

40.0° अधिकतम | 26.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 05:32। सूर्यास्त : 19:02

**अनुमान**

राजधानी में बादल छाए रहेंगे। कुछ इलाकों में हल्की बारिश के आसार है।




### एक ही आईडी से आए थे ई-मेल, 22 अस्पतालों के एमएस को सीसी किया था, बम-डॉग स्क्वॉड की टीम को जांच में कुछ नहीं मिला

# अस्पतालों को उड़ाने की धमकी से हड़कंप मचा

**दहशत**



नई दिल्ली के संजय गांधी अस्पताल में रविवार को कूड़ेदान की सघनता से जांच करते सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारी। • हिन्दुस्तान

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के 22 प्रमुख अस्पतालों और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को धमकी भरे ई-मेल भेजे गए हैं। ई-मेल में अस्पतालों, एयरपोर्ट और उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सभी जगहों पर धमकी भरा ई-मेल एक ही आईडी से भेजा गया है।

खासबात यह है कि ई-मेल भेजने वाले ने सभी अस्पतालों के एमएस को सीसी में करके यह धमकी भेजी थी। हालांकि, पुलिस व फायर कंट्रोल के पास राजधानी के दर्जन भर अस्पतालों से ही इस संबंध में कॉल आई थी। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई और अस्पतालों व एयरपोर्ट पर बम व डॉग स्क्वॉड की टीम जांच में जुट गई। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान अबतक किसी भी जगह पर किसी तरह का कोई बम नहीं मिला है। पुलिस देर रात तक सर्च ऑपरेशन जारी रखे हुए थी। ईमेल **courtgroup03@beeble.com** से भेजा गया था।

स्थानीय पुलिस के अलावा मामले की जांच में दिल्ली पुलिस की एंटी टेरर यूनिट-स्पेशल सेल और साइबर यूनिट भी जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक अस्पताल के अधिकारियों को खासतौर से एमएस के नाम से बनी ई-मेल आईडी पर धमकी भरा मेल भेजा गया था। फायर कंट्रोल रूम के मुताबिक ई-मेल मिलने के बाद रविवार दोपहर करीब 3.17 बजे फायर कंट्रोल रूम में बुराड़ी अस्पताल को धमकी भरे मेल आने की सूचना दी गई। इसके बाद 4.26 बजे मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल में धमकी भरा ई-मेल आने की कॉल मिली थी। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर 6.19 बजे और डाबरी इलाके में स्थित दादा देव अस्पताल से 7.09 बजे बम की धमकी वाला ई-मेल मिलने की कॉल मिली थी। इसके बाद अरुणा आसफ अली अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, डीडीयू अस्पताल, हिन्दू राव अस्पताल, ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण अस्पताल नजफगढ़ सहित करीब दर्जन भर अस्पतालों की जांच की जा चुकी थी।

**Court नाम के ग्रुप ने ली जिम्मेदारी :** पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है कि यह ई-मेल आखिरकार कहां से भेजा गया है। अबतक की जांच में पता चला है कि **Court** नाम के ग्रुप ने संभावित नरसंहार की जिम्मेदारी ली है, लेकिन इसमें कितनी सच्चाई है, इसकी जांच की जा रही है। दरअसल पुलिस को शक है कि जांच को भटकाने के लिए भी अलग-अलग तरीके से सूचना भेज कर पुलिस को उलझाने की कोशिश भी हो सकती है।

### दोपहर तीन बजे पता चला

बुराड़ी अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल ने सबसे पहले करीब दोपहर 3 बजे ई-मेल देखकर पुलिस को सूचित किया। छानबीन के दौरान सामने आया कि ये मेल अन्य अस्पतालों को भी भेजा गया है। इसके बाद संबंधित अस्पतालों को पुलिस ने इसकी जानकारी दी। मेल में इन अस्पतालों को भी शामिल किया गया था।

### ई-मेल में यह लिखा

ई-मेल में लिखा, मैंने आपकी इमारत के अंदर बम रखा है। वो अगले कुछ घंटों में फट जाएंगे। यह कोई धमकी नहीं है। आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं अन्यथा इमारत के अंदर धमाके में निर्दोष लोगों का खून बहेगा, जिसके जिम्मेदार आप होंगे। इस हत्याकांड के पीछे 'कोर्ट' नामक समूह का हाथ है।

## चुनौती : फर्जी ई-मेल से उड़ी सुरक्षा एजेंसियों की नींद

■ रमेश त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** राजधानी के स्कूलों को मेल भेजे जाने के मामले की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई थी कि इतने में दिल्ली के अस्पतालों, एयरपोर्ट व उत्तर रेलवे के सीपीआरओ दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है।

हालांकि, प्रारंभिक जांच के आधार पर यह बताया जा रहा है कि इस बार भी अस्थाई ई-मेल आईडी का इस्तेमाल किया गया है और संदिग्धों द्वारा लोकेशन छिपाने के लिए धमकी भरा ई-मेल डार्क वेब का इस्तेमाल कर भेजने का शक जताया जा रहा है।

इस तरह से ई-मेल अमूमन वीपीएन कनेक्शन का इस्तेमाल करके भेजे जाते हैं, ताकि असली आईपी एड्रेस को छिपाया जा सके। कई बार डार्क वेब का भी इस्तेमाल किया जाता है। अगर डार्कवेब का इस्तेमाल किया गया होगा तब तो पुलिस या किसी भी एजेंसी के लिए आईपी का पता करना मुश्किल होगा। अगर सामान्य प्रक्रिया के तहत आईपी छिपाया गया तो उस सूरत में साइबर टीम को भरोसा है कि जल्द आईपी एड्रेस का पता लगा लिया जाएगा।

### अस्थाई आईडी से भेजा

जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि इस धमकी भरे मेल को भेजने के लिए अस्थाई ई-मेल आईडी का इस्तेमाल किया गया है, जो एक घंटे में ही निष्क्रिय हो जाती है। इस तरह की आईडी बनाने का काम मुख्यत: आतंकी संगठन आईएस करता है।

### साजिश की तरफ इशारा

दिल्ली पुलिस के पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर अशोक चांद का कहना है कि एक के बाद एक आ रहे धमकी भरे ई-मेल एक बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रहे हैं, जिस तरह से प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल किया जा रहा है। उससे यह कहना गलत नहीं होगा कि धमकी देने वाले बड़े पैमाने पर पैनिक क्रिएट कर तबाही मचाना चाहते हैं।

## मेट्रो स्टेशन की दीवारों पर फिर लिखे भारत विरोधी नारे

■ खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इसकी जिम्मेदारी ली

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** मेट्रो स्टेशन की दीवार पर एक फिर से खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे जाने का मामला सामने आया है। भारत विरोधी यह नारे करोलबाग और झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के नीचे की दीवारों पर लिखे गए थे।

हालांकि, जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल इन नारों को मिटवा दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन अभी कोई सुराग नहीं लगा है। अमेरिका में बैठे खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के नाम से सोशल मीडिया पर नारे लिखवाए जाने की जिम्मेदारी ली गई है। बहरहाल, पुलिस संदिग्धों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। करोल बाग और झंडेवालान मेट्रो स्टेशन की दीवारों पर खालिस्तान जिंदाबाद लिखा गया था।

**पहले भी लिखे गए :** दो स्टेशन पर एक साथ नारे लिखे गए थे, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि नारे लिखने वालों की संख्या एक से ज्यादा हो सकती है। हालांकि, पुलिस जांच के प्रारंभिक स्तर पर होने की बात कहते हुए कोई जानकारी साझा करने से बच रही है। यह पहली बार नहीं है, जब दिल्ली की दीवारों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए हैं। इससे पहले जनवरी में भी दिल्ली में ऐसी घटना सामने आई थी।

## शहर 30s

### कविता मामले में आज सुनवाई संभव

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल किए गए पूरक आरोपपत्र पर अदालत सोमवार को संज्ञान ले सकती है। ईडी ने 224 पेज का छठा पूरक आरोपपत्र इस मामले में पेश किया है। इससे पहले एक मुख्य आरोपपत्र और पांच पूरक आरोपपत्र पेश किए जा चुके हैं। हालांकि, सीबीआई मामले में अभी कविता के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल नहीं हुआ है।

### बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र एक लाख वाहन पकड़े

**नई दिल्ली।** राजधानी में ट्रैफिक पुलिस ने अभियान के तहत बीते चार महीनों में बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र के 1,01,164 वाहनों के चालान किए गए। वर्ष 2023 (1 जनवरी से 30 अप्रैल तक) में 78,169 वाहनों का चालान किया गया था। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वह अपने वाहनों की जांच करवा प्रदूषण प्रमाणपत्र साथ रखें।

### कर्मियों ने सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी

**नई दिल्ली।** समान कार्य-समान वेतन, ड्यूटी की अवधि आठ घंटे और डीटीसी के निजीकरण रोकने की मांग को लेकर रविवार को संविदा कर्मचारियों ने आईपी पार्क में बैठक की। इस दौरान उन्होंने मांगें पूरी नहीं होने पर सड़कों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के बैनर तले बैठक का आयोजन हुआ।

### समावेशी कक्षा के लिए प्रशिक्षण मिलेगा

**नई दिल्ली।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की ओर से समावेशी कक्षा-हितधारकों की भागीदारी को लेकर शिक्षा निदेशालय के शिक्षकों को दीक्षा दिल्ली पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में रविवार को परिषद के संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. नाहर सिंह ने सर्कुलर जारी किया है।

### टूटे पेड़ों को हटाने के लिए निगम को सूचना दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तेज आंधी के बाद कई जगहों पर टूटे पेड़ गिरे। मोती नगर, राजेंद्र नगर और अन्य जगहों पर पेड़ एवं टहनियां सड़कों पर मौजूद हैं। इनको हटाने के लिए स्थानीय निवासियों और आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने निगम प्रशासन को अवगत कराया है। वहीं, निगम के अधिकारी ने कहा कि पेड़ों को हटाने का कार्य जारी है। इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## बाल यौन शोषण में ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बाल यौन शोषण से जुड़े एक मामले में ट्रायल कोर्ट के आरोप मुक्त करने के फैसले को स्थगित किया। साथ ही आरोप मुक्त किए गए दो आरोपियों को नोटिस जारी किया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि भले ही आपराधिक मामलों में जनहित याचिका पर आम तौर पर विचार नहीं किया जाता है, लेकिन ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश में कई तथ्यों की अवहेलना की गई है। अदालत ने कहा कि एडिशनल सेशन जज ने पॉक्सो अधिनियम की धारा 2 (डी) के तहत बच्चे की परिभाषा पर संज्ञान नहीं लिया।

इसी कानून की धारा 2(डी(ए)) के तहत बाल अश्लीलता( बाल पोर्नोग्राफी) का प्रावधान है। अदालत ने कहा कि किसी बच्चे से जुड़ी या किसी बच्चे को चित्रित करने वाली कोई भी स्पष्ट यौन सामग्री बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा के अंतर्गत आएगी, जिससे यह पता चलता है कि किसी बच्चे की भागीदारी का केवल प्रथम दृष्टया अनुमान ही पर्याप्त है। मामला अब रोस्टर के अनुसार एकल-न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा।

### यह है मामला

विशेष न्यायालय (पॉक्सो) कड़कड़डूमा द्वारा पारित आदेश के खिलाफ तुलिर चैरिटेबल ट्रस्ट नामक संगठन द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष जनहित याचिका दायर की गई थी। बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े 73 वीडियो उनके उपकरणों से बरामद होने के बाद सीबीआई ने मामले में दो लोगों को आरोपी बनाया था। उन पर आईटी अधिनियम की धारा 67 बी (बच्चों को यौन कृत्यों में स्पष्ट रूप से चित्रित करने वाली सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए सजा), धारा 15 (2) (किसी भी रूप में अश्लील सामग्री रखना) के तहत आरोप पत्र दायर किया गया था।

## पोस्ट मास्टर पर जुर्माना लगाया

**अदालत से**

■ हेमलता कौशिक

**नई दिल्ली।** अगर आप बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्थान में खाता खुलवाते हैं तो दस्तावेज के अलावा हस्ताक्षर का नमूना लेने की जिम्मेदारी संबंधित संस्थान के प्रमुख की है। हस्ताक्षर नमूना न होने के आधार पर आपकी लेन-देन प्रक्रिया प्रभावित होती है तो इसके लिए संबंधित वित्तीय संस्थान के अधिकारियों को खामियाजा भुगताना होगा। यह टिप्पणी करते हुए उपभोक्ता अदालत ने पोस्ट मास्टर पर जुर्माना लगाया।

पूर्वी दिल्ली के सैनी एनक्लेव स्थित उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम के अध्यक्ष सुखवीर सिंह मल्होत्रा, सदस्य रवि कुमार और सदस्य डॉ. रश्मि बंसल की पीठ ने डाक विभाग के पोस्ट मास्टर पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही इस रकम पर छह फीसदी के ब्याज का भुगतान करने का निर्देश दिया।

शिकायतकर्ता ने मयूर विहार स्थित पोस्ट ऑफिस में दो बचत खाते खुलवाए थे। नवंबर, 2019 में एक खाते से एक लाख रुपये का चेक काटकर अपने दूसरे बैंक ऑफ इंडिया के खाते में स्थानान्तरित किए थे, लेकिन उसके चेक को पोस्ट ऑफिस की तरफ से बाउंस कर दिया गया, जबकि पोस्ट ऑफिस के खाते में पर्याप्त रकम मौजूद थी।

इस पर पोस्ट ऑफिस का तर्क था कि खाते खुलवाते समय फार्म पर शिकायतकर्ता ने अपने हस्ताक्षर नहीं किए थे। हस्ताक्षर की अनुपस्थिति के चलते उसका चेक बाउंस हुआ। शिकायतकर्ता के खाते से काटे गए 296 रुपये भी पोस्ट मास्टर को देने होंगे।

### 'बगैर दस्तावेज नहीं खुल सकता खाता'

उपभोक्ता अदालत ने कहा कि बगैर दस्तावेज की उपलब्धता और अन्य औपचारिकताओं के बैंक या वित्तीय संस्थान में खाता खुल ही नहीं सकता। फिर पोस्ट ऑफिस का यह तर्क संगतविहीन है कि शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर दस्तावेज में मौजूद नहीं थे। उपभोक्ता अदालत ने यह भी कहा कि पीड़ित ने कोई ऋण नहीं लिया था, बल्कि अपना पैसा पोस्ट ऑफिस के बचत खाते में जमा कराया था। ऐसे में यदि कोई तकनीकी खामी भी आती है तो इसकी जिम्मेदारी बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस जैसी वित्तीय संस्थाओं की ही होगी।

## डॉक्टर 15 मई से छुट्टी पर रहेंगे

**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली समेत केंद्र सरकार के अस्पताल सफदरजंग, आरएमएल लेडी हार्डिंग में वरिष्ठ डॉक्टर यानी फैकल्टी सदस्य 15 मई से ग्रीष्मकालीन आकाश पर रहेंगे। इस दौरान ओपीडी आने वाले रोगियों को थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

इस संबंध में प्रबंधन ने सभी विभागों को निर्देश जारी करते हुए छुट्टी पर जाने वाले डॉक्टरों का रोस्टर तैयार कर दिया है। अस्पतालों में वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति 50 फीसदी से कम ना हो, इसके लिए प्रबंधन ने 15 मई से 14 जून और 16 जून से 15 जुलाई तक दो अलग-अलग चरण में छुट्टी देने का फैसला किया है।




## शारीरिक शिक्षा विषय को मंजूरी

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने मुकुंदपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय में शारीरिक शिक्षा विषय की पढ़ाई को मंजूरी दी है। इस संबंध में निदेशालय की योजना शाखा के आदेश दिए गए हैं। स्कूल प्रमुख को विषय के संबंध में सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

**योजना** | निगम की इस माह 40 सरफेस और 10 मल्टीलेवल पार्किंग में इसको लागू करने की तैयारी

# 50 पार्किंग में ई-पेमेंट की सुविधा मिलेगी



**नई दिल्ली, व. सं.।** दिल्ली में 50 पार्किंग में इसी मई माह से नागरिकों को डिजिटल पेमेंट की सुविधा मिलने लगेगी। दिल्ली नगर निगम ने 40 सरफेस और 10 मल्टीलेवल पार्किंग में इसको लागू करने की योजना है। इसके तहत लोग अपने फास्टैग अकाउंट से सीधे पार्किंग शुल्क का भुगतान कर सकेंगे।

अधिकारी ने बताया कि नई प्रणाली को शुरू करने के लिए एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही ठेकेदारों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए निगम के आईटी विभाग के कर्मचारी और पार्किंग की देखने वाले कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से कार्यशाला भी होगी। लोगों को बिना किसी समस्या के डिजिटल तरीके से पार्किंग शुल्क का भुगतान करने के लिए सेवाएं दी जाएंगी। इसके लागू होने से पार्किंग शुल्क वसूलने की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। इसी के मद्देनजर निगम की अधिक से अधिक पार्किंग को डिजिटल पेमेंट मोड में समायोजित कर रहे हैं। इससे पहले निगम प्रशासन ने 52 पार्किंग में बीते कुछ समय में इस व्यवस्था को लागू कर दिया है।

**180 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त :** निगम प्रशासन को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पार्किंग से 180 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के कार्यकाल से काफी ज्यादा है। बीते वित्तीय वर्ष में 129 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। निगम के आरपी सेल विभाग ने नए वित्तीय वर्ष के लिए नई रणनीति बनाई है। इसके तहत अगले छह माह में 36 नई पार्किंग को तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयुक्त की बैठक होगी।

### महापौर ने आयुक्त को लिखा पत्र

दिल्ली में अवैध पार्किंग की समस्या को लेकर नगर निगम महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें कहा कि अवैध पार्किंग के कारण यातायात की दिक्कतें होती हैं। जाम लगता है और लोगों को असुविधा होती है। साथ ही निगम को वित्तीय नुकसान भी होता है। इस समस्या को दूर करने के लिए कड़े कदम उठाने और अवैध पार्किंग के हॉट स्पॉट की पहचान कर पांच दिनों में पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है।





■ मुख्यमंत्री ने रोड शो के जरिए भाजपा पर हमला बोला ■ मोती नगर और उत्तम नगर इलाके में लोगों से वोट मांगे ■ पंजाब के सीएम भगवंत मान ने भी हुंकार भरी

# संविधान बदलना चाह रही भाजपा : केजरीवाल




@ 07 बजे शाम उत्तम नगर में रविवार को रोड शो करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, साथ में भगवंत मान।



@ 05 बजे शाम मोतीनगर इलाके में मुख्यमंत्री के रोड शो में शामिल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता। • सलमान अली

**रोड शो**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** अंतरिम जमानत पर बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार चुनावी माहौल को गरमाए हुए हैं। रविवार को उन्होंने दिल्ली में दो रोड शो किए और भाजपा पर संविधान बदलने की कोशिश का आरोप लगाया।

नई दिल्ली सीट के मोती नगर और पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के उत्तम नगर इलाके में आयोजित रोड शो में उन्होंने फिर से केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग (भाजपा) संविधान बदलना चाहते हैं, जैसे रूस में पुतिन ने संविधान को बदल दिया है। अब वहां चुनाव नहीं होते हैं, सिर्फ पुतिन ही बना रहता है। ये लोग भी संविधान बदलकर चुनाव खत्म करेंगे।

**स्कूलों को बंद करने की साजिश:** उन्होंने कहा कि यह गंदी राजनीति है। अगर कोई अच्छा काम कर रहा है तो उसे अच्छा काम करने दो। मैंने पांच सौ स्कूल बनवाए तो आप (भाजपा) पांच हजार स्कूल बनाओ। मैं पांच सौ स्कूल बना रहा हूं तो मुझे जेल में डाल देते हैं, जिससे कि उन पांच सौ स्कूलों को खराब किया जा सके।

**चार सौ सीट के नारे पर भाजपा को घेरा :** मुख्यमंत्री ने भाजपा को 400 सीट के नारे पर भी घेरा। उन्होंने कहा कि ये (भाजपा) लोग कह रहे हैं कि 400 सीट दे दो। यह बता नहीं रहे कि 400 सीट क्यों चाहिए। भाजपा वालों से बात की तो पता चला कि वे देश के अंदर आरक्षण खत्म करेंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में आपको मिस कर रहे थे। अब दो जून को वापस जाना है, लेकिन कोई बात नहीं। देशभक्तों के लिए 20 दिन भी काफी है।

### 'देशभर में झोली फैलाकर जनता से वोट मांगूंगा'

उत्तम नगर के रोड शो में सीएम ने कहा कि मेरा पूरा जीवन देश के लिए समर्पित है। मुझे 20 दिन की मोहलत मिली है। इनमें 24 घंटे काम करूंगा। रात-दिन पूरे देश में घूमकर और झोली फैलाकर मांग मांगूंगा कि इस तानाशाही को खत्म करो। सीएम ने कहा कि मेरा क्या कसूर है, इन्होंने जेल क्यों भेजा। मैंने आपके लिए काम किया, इसलिए इन्होंने (भाजपा) मुझे जेल भेजा गया।

### 'आप चाहेंगे तो मुझे जेल जाने की जरूरत नहीं होगी'

मोतीनगर में आयोजित रोड शो में सीएम ने कहा कि जेल में मैंने आप लोगों को बहुत मिस किया। बहुत लोगों की दुआएं मेरे साथ थी। मुझे पता है कि थोड़ी-थोड़ी याद आपको भी आ रही थी। थोड़ा आपके दिल में दर्द था, थोड़ा इधर दर्द था। उन्होंने कहा कि ये लोग (भाजपा) बता रहे हैं कि 20 दिन बाद मुझे जेल वापस जाना है। अगर आप लोगों ने झाड़ू के बटन को जमकर दबाया तो मुझे जेल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से मिले

दिल्ली के मुख्यमंत्री रविवार दोपहर पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से मिले। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आज डॉ. सिंघवी को और उनकी टीम को धन्यवाद देने के लिए उनके आवास पर गया। यह उन्हीं का परिणाम है कि मैं आज प्रचार कर पा रहा हूं। वह हमेशा हम सभी के लिए शक्ति का स्रोत रहे हैं।

## देशभर में बिजली संकट होने का भी आरोप लगाया

**पार्टी दफ्तर**

■ सीएम ने सेवानिवृत्ति के मुद्दे पर केंद्र को घेरा
■ कहा-भाजपा नियम तोड़ेगी या बदलेगी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कार्यालय में गारंटी पत्र जारी किया। इस दौरान एक सवाल पर उन्होंने कहा कि 2014 में स्वयं प्रधानमंत्री ने 75 वर्ष से अधिक की उम्र में पार्टी नेताओं को रिटायर करने का नियम बनाया है।

इसके आधार पर पार्टी के तमाम बड़े नेताओं को बाहर किया गया या उनके टिकट काटे गए, इसलिए मुझे नहीं लगता कि प्रधानमंत्री अपने बनाए नियमों को तोड़ेंगे या फिर वो यह बताएं कि यह नियम उनके ऊपर लागू नहीं होता। यह नियम सिर्फ लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं के लिए था।

केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गारंटी दी थी कि वर्ष 2022 तक देश के हर घर में 24 घंटे बिजली का इंतजाम किया जाएगा। आज देश के कोने-कोने की बात छोड़ दीजिए, कई शहरों में बिजली की भारी दिक्कत है।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2022 में बुलेट ट्रेन चलाने की गारंटी दी थी। इतना ही नहीं, 100 स्मार्ट सिटी बनाने की गारंटी दी, लेकिन एक स्मार्ट नहीं बनी। उधर, हमने चुनाव से पहले जो गारंटी दी, वो पूरी की है। हमने बिजली मुफ्त देने का वादा किया था, पूरा किया। 24 घंटे बिजली देने की गारंटी दी, वह करके दिखाया। इसलिए एक तरफ मोदी की गारंटी हैं, तो दूसरी तरफ केजरीवाल की गारंटी है। केजरीवाल ने फिर से प्रधानमंत्री के रिटायरमेंट का मुद्दा उठाया।

## 'मेरे जेल जाने के बाद आम आदमी पार्टी मजबूत हुई'

**विधायकों की बैठक**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी विधायकों के साथ बैठक की। जेल से बाहर आने के बाद उनकी यह पहली बैठक थी।

मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि हमारी सरकार गिराने के लिए भाजपा ने आप लोगों को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन उनका प्लान फेल हो गया। इसके लिए पूरी पार्टी और देश को आप पर गर्व है। दो जून को दोबारा जेल वापस जाना है। आप सभी लोगों को मिलकर आम आदमी पार्टी को संभाल कर रखना है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने विधायकों से डेढ़ महीने के दौरान हुई घटनाओं को लेकर जानकारी ली। इसमें दिल्ली के लोगों को दी जा रही निःशुल्क सेवाओं के साथ ही विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का जो आदेश आया, वह किसी चमत्कार से कम नहीं था। जेल के अंदर भी सभी विधायकों के बारे में पता चलता रहता था। वहां के स्टाफ, सुरक्षाकर्मी से बात करता रहता था। वो हर विधायक की जानकारी दे देते हैं। जब मुझसे मिलने आतिशी, सौरभ भारद्वाज, भगवंत मान आते थे तो इनसे मैं यही चर्चा करता रहता था कि दिल्ली में सबकुछ अच्छा चल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि मेरे जेल जाने के बाद आम आदमी पार्टी मजबूत हुई है।

### केजरीवाल ने ये 10 गारंटी दी

**योगी अगले दो महीने में हटेंगे, यह साफ हुआ...**

केजरीवाल ने कहा, मैंने 24 घंटे पहले कहा था कि यह लोग एक देश-एक नेता की तरफ बढ़ रहे हैं, जिसके तहत पार्टी के तमाम नेताओं को निपटाया गया। लोगों में चर्चा थी कि अब यह लोग यूपी के मुख्यमंत्री को हटाने जा रहे हैं, जिसको लेकर मैंने सवाल पूछा, लेकिन भाजपा ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद साफ हो गया है कि उन्हें भी दो महीने में हटाया जा रहा है।

- देश के अंदर 24 घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। गरीबों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इस पर सवा लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा। उसका हम इंतजाम करेंगे।
- देश में सरकारी स्कूलों का बुरा हाल है। देश के सभी सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बनाएंगे। बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया जाएगा। यह काम हमने पंजाब और दिल्ली में करके दिखाया है। यह काम आजादी के वक्त हो जाने चाहिए था, लेकिन देर आए दुरुस्त आए।
- हर व्यक्ति के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा का इंतजाम करेंगे। आज देश में सरकारी अस्पतालों की हालत खराब है और निजी में इलाज कराना काफी महंगा है। हर गांव-हर मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक खोलेंगे। जिला अस्पतालों को मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाया जाएगा। हर व्यक्ति का इलाज मुफ्त होगा, लेकिन इंश्योरेंस के आधार पर नहीं होगा।
- चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा किया है। उसे छुड़ाकर लाएंगे। इसके लिए डिप्लोमेटिक स्तर पर प्रयास किए जाएंगे और इस मामले में सेना को पूरी छूट दी जाएगी।
- अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा। जितने बच्चों को अब तक अग्निवीर में भर्ती किया गया है, उन्हें पक्का किया जाएगा। सेना में ठेकेदारी बंद की जाएगी।
- किसानों को स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर एमएसपी पर पूरे दाम दिए जाएंगे। किसान सिर्फ अपना हक मांग रहे हैं, जिसका वो लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।
- दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाया जाएगा, जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही है। यह दशकों से दिल्ली के लोगों का हक है।
- अगले एक वर्ष के अंदर दो करोड़ रोजगार का इंतजाम किया जाएगा।
- भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भाजपा की वॉशिंग मशीन को चौराहे पर खड़ा करके तोड़ा जाएगा। दिल्ली-पंजाब में भ्रष्टाचार के ऊपर हमने जिस तरह से वार किया है, उसी तरह पूरे देश में भ्रष्टाचार पर वार किया जाएगा।
- इस देश में बड़े-बड़े उद्योगपति कारोबार को बंद कर विदेश चले गए। उन्हें डराया-धमकाया जा रहा। जीएसटी को पीएमएलए से बाहर किया जाएगा और उसका सरलीकरण किया जाएगा। एक ऐसी व्यवस्था की जाएगी, जिससे लोगों को ज्यादा अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। हमारा उद्देश्य चीन को पीछे छोड़ना है।

## आप ने साइकिल यात्रा निकालकर वोट मांगे




आप की छात्र युवा संघर्ष समिति ने रविवार को राउज एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय से 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत साइकिल रैली निकाली। • हिन्दुस्तान

■ कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी सोमनाथ भारती शामिल हुए

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** आम आदमी पार्टी की छात्र युवा संघर्ष समिति ने राउज एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय से 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत साइकिल रैली निकाली।

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय और नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने रैली में पहुंचकर युवाओं का हौसला बढ़ाया। गोपाल राय ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए तानाशाही को खत्म करना जरूरी है और इसी के लिए लोगों को वोट करना है।

'जेल का जवाब वोट से' लिखी टीशर्ट और टोपी पहनकर साइकिल पर सवार युवा सड़कों पर उतरे। भाजपा पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भाजपा की मनमानी के खिलाफ आम आदमी पार्टी जनता के बीच जा रही है और अलग-अलग तरीकों से कैंपेन चला रही है। पूर्व में वॉकथॉन के माध्यम से पार्टी ने अपने प्रचार अभियान को आगे बढ़ाया था। सोमनाथ भारती ने कहा कि अब राजनीतिक दल नहीं, दिल्ली के लोग भी कह रहे हैं कि भाजपा ने संविधान और लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है।

## दस साल में तस्वीर बदल गई : हिमंत

**दावा**



असम के मुख्यमंत्री ने केंद्र की उपलब्धियां गिनाईं

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि 2014 से पहले पूर्वोत्तर राज्यों की स्थिति क्या थी और आज क्या है। यह आंकड़ों से समझी जा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक 70 बार पूर्वोत्तर के दौरे पर जा चुके हैं और 27 बार असम में गए। जबकि मनमोहन सिंह स्वयं वहां से सांसद थे लेकिन चुनाव में ही जाते थे।

उत्तर पूर्व एवं बंगाल से आ कर दिल्ली में बसे प्रवासियों का अभिनंदन कार्यक्रम में हिमंता बिस्वा सरमा ने अब लोगों के बीच यह संदेश गया कि पूर्वोत्तर भी देश का अभिन्न अंग है। आज वहां के जो छात्र व युवा देश के अन्य हिस्सों में जाकर रहते हैं तो वहां के लोगों के व्यवहार में भी काफी परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा को भारत में रहने वाला चाइनीज और साउथ अफ्रीकन नजर आते हैं लेकिन प्रधानमंत्री को सिर्फ भारतीय नजर आते हैं। पूर्वोत्तर के साथ भेदभाव सिर्फ प्रधानमंत्री की वजह से कम हुआ है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को लेकर कहा कि वह जेल से अंतरिम जमानत पर हैं। हर कोई जानता है कि उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।

दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने कहा कि दिल्ली में रहने वाले नॉर्थ ईस्ट के लोग एक गौरवशाली इतिहास रखते हैं और अनेकता में एकता ही हमारे देश की पहचान है, लेकिन यहां कभी कांग्रेस ने कोई बड़ा काम नहीं किया है।

## भाजपा युवा मोर्चा भी मैदान में उतरा

**नई दिल्ली।** भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने चांदनी चौक सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के समर्थन में आजादपुर के प्राचीन शिव मंदिर से रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया।

तेजस्वी ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार की छवि पूरे देश के सामने आ गई है। पार्टी और नेताओं पर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगे हैं, जिसमें मुख्यमंत्री को भी जेल जाना पड़ा है। अच्छे स्कूलों, मोहल्ला क्लिनिक और स्वच्छ राजनीति के दावों की पोल खुल गई है।

## लोगों को गुमराह कर रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री : पुरी

■ केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री पर निशाना साधा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल सिर्फ लोगों को बातों से गुमराह कर रहे हैं।

रविवार को नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केजरीवाल जेल से अंतरिम जमानत पर बाहर आए हैं। उनके ऊपर भ्रष्टाचार का दगा लगा है, जो मिटा नहीं है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार अपनी उपलब्धियों को आधार बनाकर लोगों के बीच जा रही है, तो दूसरी तरफ केजरीवाल 22 दिन के अंतरिम बेल पर बाहर आए हुए हैं, जो सिर्फ दूसरी पार्टियों की बात कर रहे हैं।

## सीएम की अर्जी पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। याचिका में केजरीवाल ने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित एक कथित मानहानिकारक वीडियो को रीट्वीट करने के लिए आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें जारी समन बरकरार रखने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले पर सुनवाई कर सकती है जिसमें केजरीवाल ने स्वीकार किया है कि कथित मानहानिकारक वीडियो को रीट्वीट करके उन्होंने 'गलती' की। शीर्ष अदालत ने 11 मार्च को केजरीवाल से पूछा था कि क्या वह इस मामले में शिकायतकर्ता को माफीनामा देना चाहते हैं।

## सिख विद मोदी का नारा देते हुए रैली निकाली

**अपील**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** भाजपा के समर्थन में रविवार को सिख समाज के युवाओं ने बाइक रैली निकाली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राष्ट्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा और सांसद जनरल वीके सिंह ने प्रदेश भाजपा कार्यालय पर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कनॉट प्लेस होते हुए भाजपा मुख्यालय तक पहुंची इस रैली में युवाओं ने सिख विद मोदी का नारा दिया।

इस दौरान दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के हर वर्ग को महत्व देते हैं। सिख समाज के लिए करतार कॉरिडोर खोला गया। वीर साहबजादे के नाम पर 26 दिसम्बर को बाल दिवस घोषित किया गया। लंगर से टैक्स हटाया गया और गुरु गोविन्द सिंह की 350वीं जयंती का भव्य उत्सव मनाने जैसे तमाम कार्य मोदी सरकार ने किए हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सिख विद मोदी हैशटैग के साथ सड़कों पर उतरकर सिख समाज ने संदेश दिया है कि वह नरेंद्र मोदी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का भारतवासियों का सपना भी मोदी के नेतृत्व में पूरा होगा।



नई दिल्ली में रविवार को कनॉट प्लेस होते हुए भाजपा मुख्यालय तक युवाओं ने बाइक रैली निकाली। • हिन्दुस्तान

## गारंटी जारी करना हास्यास्पद:भाजपा

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** आम आदमी पार्टी की ओर से रविवार को जारी की गई 10 गारंटी पर भाजपा ने पलटवार किया है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी देश की कुल 21 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऐसे में उसके अध्यक्ष की ओर से देश भर के लिए गारंटी जारी करना हास्यास्पद है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का इस चुनाव में खाता भी नहीं खुलेगा। केंद्र की सत्ता में आना तो दूर, फरवरी 2025 में आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से भी बाहर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता झूठे वादों की राजनीति करते हैं, लेकिन देश की जनता उनके किसी वादे से गुमराह नहीं होगी। वीरेंद्र सचदेवा ने आप की हर गारंटी पर वार किया।

## 'अफसरों के निर्देश पर सेवाएं बाधित'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने भाजपा के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें दिल्ली भाजपा की तरफ से कहा गया कि मोहल्ला क्लीनिक ठप हो रहे हैं और पैथोलॉजी जांच के फर्जीवाड़े का केंद्र बन गए है।

सरकार का कहना है कि निम्न और मध्य आय वर्ग के लोग मोहल्ला क्लीनिक की सेवाओं का सबसे ज्यादा लाभ लेते हैं, जो लोग केंद्र सरकार के एम्स, सफदरजंग और आरएमएल समेत अन्य में परामर्श लेते थे वो भी मोहल्ला क्लीनिक में अपनी जांचे कराते थे। इसके साथ ही प्राइवेट और बड़े अस्पतालों में दिखाने वाले लोग भी मोहल्ला क्लीनिक को सबसे भरोसेमंद मानते थे।

**सक्रियता** भाजपा ने रोड शो और सम्मेलनों में भी ताकत झोंकी, हर बूथ को पक्का करने की तैयारी में जुटे नेता

## विकास के मुद्दे पर प्रचार अभियान तेज किया

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मतदान तिथि नजदीक आने और दिल्ली के मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत मिलने के बाद से भाजपा ने दिल्ली में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही पार्टी के सभी संगठनों को चुनाव प्रचार अभियान में लगाया है। यही कारण है कि रविवार को पार्टी की तरफ से चांदनी चौक में रोड शो, नई दिल्ली सीट पर व्यापारी सम्मेलन, उत्तरी पूर्वी दिल्ली में जनसभा समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी बीच सुबह नौ बजे पार्टी ने वोटर पर्ची वितरण का कार्यक्रम किया। बूथ स्तर पर शुरू किए गए वोटर पर्ची वितरण कार्यक्रम के तहत पार्टी की कोशिश मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचने की है। अभियान के पहले दिन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने दिलशाद कॉलोनी में वोटर पर्ची वितरित की। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव भ्रष्टाचार और काम के बीच का चुनाव है। एक तरफ गठबंधन जो सिर्फ अपने भ्रष्टाचारों को छिपाने के लिए एक दूसरे के साथ हैं।

दूसरी तरफ मोदी सरकार है जिसने पिछले 10 सालों में विकास को नई गति दी है। पार्टी की तरफ से लोकसभा प्रभारी ओपी धनखड़ ने रोहिणी सेक्टर-16 में पर्ची वितरण के दौरान कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन भ्रष्टाचार की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए है, जबकि भाजपा की राजनीति सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाने की है। सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर ने महरौली में कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ऐसी सरकार है जो सिर्फ गुमराह करना जानती है, लेकिन लोकसभा चुनाव में दिल्ली ही नहीं देश का हर नागरिक चाहता है कि भाजपा की तीसरी बार सरकार बनें।

### पार्टी के अन्य कार्यक्रमों में नेता शामिल हुए

भाजपा की तरफ से रविवार को बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित किए। रोहिणी सेक्टर-7 में जाट महासभा सम्मेलन को दिल्ली के लोकसभा प्रभारी ओपी धनखड़ ने संबोधित किया। वहीं, चौधरी जयंत सिंह ने नंद नगरी में ओबीसी सम्मेलन को संबोधित किया। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव ने दक्षिणी दिल्ली में अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित किया। दिल्ली की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर ने नई दिल्ली ससंदीय सीट पर महिला व ओबीसी मोर्चा सम्मेलनों को संबोधित किया।

## जागरूक करने के लिए रैली निकाली

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली। खान मार्केट से शुरू होकर साइकिल रैली ने करीब छह किलोमीटर का सफर तय किया। रैली में एनडीएमसी प्रमुख अमित यादव व अन्य लोग शामिल हुए।

रैली की शुरुआत करते हुए एनडीएमसी प्रमुख अमित यादव ने कहा कि आम जनता को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने की दिशा में यह एक प्रयास है। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की।

## कांग्रेस ने शुरू किया बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण

■ बादली विधानसभा क्षेत्र से प्रशिक्षण की शुरुआत

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस दिल्ली की 70 विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंट को प्रशिक्षण देगी। रविवार को बादली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ इसकी शुरुआत हुई।

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाए व अपनी मजबूत कार्यशैली के अनुरूप बूथ के सभी मतदाताओं से संपर्क स्थापित करे। लोगों तक कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी की जानकारी पहुंचाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के उम्मीदवार आपकी मेहनत से ही चुनाव जीतेंगे। यादव ने कहा कि आम लोगों के बीच पार्टी के विजन को पहुंचाने के लिए बूथ लेवल एजेंट अहम कड़ी साबित होते हैं। इसलिए अगले सात दिनों के भीतर सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

दमकल विभाग की 20 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर तीन घंटे में काबू पाया

# बवाना स्थित फैक्टरी में आग से नौ लोग झुलसे, तीन गंभीर

**हादसा 1**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। बवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। इस घटना में कर्मचारियों समेत नौ लोग झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए महर्षि वाल्मीकि अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने के चलते तीन युवकों को सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया है।

दमकल विभाग को दोपहर लगभग तीन बजे बवाना स्थित फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की 20 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर तीन घंटे में आग पर काबू पाया। आग फैलने की वजह से टीम ने हाइड्रोलिक मशीन की मदद से आग को बुझाया। इस दौरान यह प्रयास भी किया गया कि आग अन्य फैक्ट्रियों में न फैले। घायलों को कैट्स एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस के अनुसार आगजनी और भगदड़ के चलते कुल नौ लोग झुलस गए हैं। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने के चलते 18 वर्षीय कुलदीप, 25 वर्षीय बबलू और 20 वर्षीय मस्तराम को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि इस फैक्टरी में प्लास्टिक और गद्दे बनाने का काम होता था। पुलिस घायलों का बयान दर्ज कर आग लगने की सही वजह का पता लगाने की कोशिश कर रही है।



चांदनी चौक स्थित किनारी बाजार में रविवार को दुकान में लगी आग। • हिन्दुस्तान

## किनारी बाजार में दुकान जली

**2**

नई दिल्ली, प्र.सं.। चांदनी चौक स्थित किनारी बाजार में रविवार दोपहर अचानक एक दुकान में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते भूतल समेत दो मंजिला इमारत लपटों की चपेट में आ गई। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई।

दमकल की 21 गाड़ियों ने करीब साढ़े चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाका बेहद भीड़-भाड़ वाला है। संकरा रास्ता होने की वजह से दमकल की गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## विवाद में ई-रिक्शा चालक को पीटा

नई दिल्ली, व.सं.। उत्तम नगर इलाके में ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया। एक शख्स ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर चालक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की आंख में गंभीर चोट आई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 60 वर्षीय अशोक सिंह परिवार के साथ उत्तम नगर इलाके में रहता है। वह ई-रिक्शा चलाता है। पीड़ित ने बताया कि पांच मई को उसने घर के बाहर अपना रिक्शा खड़ा किया था। पड़ोसी राहुल रिश्तेदार के साथ वहां आया और रिक्शा खड़ा करने का विरोध करने लगा। कन्हैया और राहुल ने पीटना शुरू कर दिया। पत्नी उसे बचाने के लिए आई तो कुणाल और बबलु ने उस पर भी हमला कर दिया।

## डॉक्टर की हत्या मामले में तीन दबोचे

**हि फॉलोअप**

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। जंगपुरा इलाके में 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चन्द्र पॉल की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के घर काम करने वाली घरेलू सहायिका सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में 62 वर्षीय बसंती, हिमांशु जोशी और आकाश जोशी शामिल है। हिमांशु और आकाश दोनों सगे भाई है। पुलिस ने दोनों के पास से 55 हजार रुपये और ज्वेलरी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वारदात की मास्टर माइंड बसंती है। उसने अपनी सहेली के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। इसके बाद अपने जानकारों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर ही है। सभी आरोपी नेपाल भाग गए हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे जंगपुरा सी 14 में रहने वाली महिला डॉक्टर ने पुलिस को अपने पति की हत्या की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चन्द्र के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की थी। हिरासत में लेने के बाद बसंती ने बताया कि पूरी वारदात उसकी मुखबिरी पर हुई थी और वही इस वारदात की मास्टर माइंड है। दो आरोपियों को पुलिस ने हरिद्वार से दबोच लिया। बाकि के आरोपी फिलहाल नेपाल भाग गए हैं।

### क्लीनिक से पीछा कर रहे थे आरोपी

बीरबल रोड स्थित डॉक्टर के क्लीनिक के पास के सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को पता चला कि 10 मई की दोपहर जब डॉक्टर घर के लिए निकले तो दो आरोपियों ने उनका पीछा शुरू कर दिया। कॉलोनी के सीसीटीवी की फुटेज में दिखा कि आरोपी डॉक्टर के घर के अंदर जाने के बाद कुछ ही देर में अंदर चले गए और फिर करीब 3.05 बजे घर से तीन लोग निकलते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की। 5 बजे एक महिला को आरोपियों के साथ देखा। आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि वह डॉक्टर के घर काम करने वाल बसंती के जानकार हैं।

## वॉलीबाल खिलाड़ी का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिला

नई दिल्ली / बभनान (गोण्डा)। गोरखपुर से दिल्ली आ रहे बिहार के वॉलीबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी का शव बभनान स्टेशन के पूरब रेल ट्रैक किनारे झाड़ियों में मिला है। रविवार को रेलवे के की-मैन ने स्टेशन अधीक्षक बभनान को सूचना दी कि 33 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में पड़ा है।

शव के समीप पड़े बैग से मृतक का आधार कार्ड सहित बायोडाटा मिला। इसके आधार पर उसकी पहचान बिहार के छपरा जिला के गांव मासूमगंज निवासी अमित कुमार पुत्र मदन राय के रूप में हुई। पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों दी। थाने पर पहुंचे मृतक के भाई नवीन कुमार ने बताया कि उसके भाई ने छह मई को गोरखपुर से दिल्ली जाने के लिए ट्रेन पकड़ी थी। जब वह दिल्ली नहीं पहुंचा तभी से उसकी तलाश गोरखपुर सहित अन्य जगहों पर की जा रही थी। वह वॉलीबाल का राष्ट्रीय खिलाड़ी था।

चौकी इंचार्ज बभनान थाना गौर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि मौके पर पहुंचे परिजन ने मृतक की पहचान कर ली है।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो आरोपी पकड़े

नई दिल्ली,वरिष्ठ संवाददाता। शकरपुर थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में आदिल और खालिद शामिल हैं।

पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आठ मई को पुलिस टीम इलाके में गशत पर थी। मदर डेयरी रोड स्थित कोटक महेंद्रा एटीएम के पास पहुंचे, तो उन्होंने तीन लोगों को एटीएम से तेजी से बाहर निकलते देखा, जिससे उनपर संदेह हुआ। पुलिस कर्मचारी उनके पास पहुंचे तो एक फरार हो गया, जबकि उनमें से दो को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने तीसरे साथी की पहचान बताई। जांच में पता चला कि बड़ी संख्या में गांव घागूट के युवा एटीएम एक्सचेंज धोखाधड़ी में शामिल हैं। आरोपियों ने बताया कि जब कोई व्यक्ति एटीएम बूथ में प्रवेश करता है तो दो लोग बहाना बनाकर बूथ में प्रवेश करते हैं। एटीएम का इस्तेमाल करने में मदद के नाम पर वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो जाते हैं।

## अमन विहार में कार पलटी, दो की मौत

**दर्दनाक**

नई दिल्ली, प्र. सं.। राजधानी के अमन विहार इलाके में रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार पलट गई। रफ्तार अधिक होने से यह कार एक के बाद एक कई बार पलटी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद चीख-पुकार के बीच स्थानीय लोग घायलों की मदद के लिए आगे आए और किसी तरह कार में फंसे घायलों को निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया,जबकि तीन घायलों का इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अमन विहार थाना पुलिस को खबर मिली कि रोहिणी सेक्टर-22, मेन रोड पर एक कार कई बार पलट गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची पुलिस को पता चला कि स्थानीय लोगों की मदद से घटनास्थल से घायलों को अस्पताल ले जाया जा चुका है। पुलिस फिर अस्पताल पहुंची तो यह जानकारी मिली कि दो युवकों की मौत हो गई है। वही खबर मिलते ही इनके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

**कार्यक्रम में शामिल होने गए सभी दोस्त :** जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि सभी युवक कृष्ण विहार, बेगमपुर के रहने वाला हैं। रविवार को सभी एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अमन विहार इलाके में आए थे। मरने वालों में संजय सब्जी बेचने का काम करता था जबकि आशुतोष कपड़े का काम करता था। ये सभी आसपास के रहने वाले थे।

### राहगीर बोले, रील बना रहे थे युवक

हादसे में मारे गए लोगों की शिनाख्त 23 वर्षीय संजय और 22 वर्षीय आशुतोष के रूप में हुई है। वही, घायलों में 20 वर्षीय साहिल, 18 वर्षीय राशिद और 23 वर्षीय लोकेश सिंह शामिल हैं। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने दावा किया कि कार सवार युवक गाड़ी के अंदर रील बना रहे थे। इस दौरान ही कार हादसे की शिकार हो गई। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल रील बनाने की बात सामने नहीं आई है। सीसीटीवी की मदद से हादसे की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि हादसे का कारण क्या है? रील बनाने से ध्यान भटकना या फिर रफ्तार का तेज होना।

## सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरी रोकी

नई दिल्ली, व.सं.। कीर्ति नगर स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के मुख्यालय में सीसीटीवी कैमरे की मदद से एटीएम में चोरी की वारदात को रोक दिया।

10 मई की रात एक चोर एटीएम में चोरी करने के लिए घुसा था। जैसे ही उसने एटीएम को तोड़ने की कोशिश की मुख्यालय में कैमरों की निगरानी कर रहे कर्मचारी ने सुरक्षा एजेंसी और पुलिस को अलर्ट भेज दिया। सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारी और कीर्ति नगर थाना पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारी के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 10 मई की देर रात को मोती नगर मेट्रो पिलर नंबर 384 के पास कोटक महिंद्रा बैंक के एटीएम में चोरी करने की सूचना मिली थी।

**पहल** | शिक्षण संवर्धन कार्यक्रम के तहत स्कूलों को जीव विज्ञान और भौतिक विज्ञान की किट उपलब्ध कराई जाएगी

# छात्रों को थ्रीडी मॉडल से विज्ञान पढ़ाएंगे

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। विज्ञान की अवधारणा को आसानी से समझाने के लिए छात्रों को थ्रीडी मॉडल से पढ़ाया जाएगा। इसके लिए स्कूलों को जीव विज्ञान और भौतिक विज्ञान की किट उपलब्ध कराई जाएगी। छात्र थ्रीडी मॉडल से श्वसन प्रणाली, वन्यजीव कोशिका, फूलों का प्रजनन, वनस्पति कोशिका सहित दूसरे विषयों को समझ सकेंगे।

इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधीन आने वाले समग्र शिक्षा दिल्ली ने सर्कुलर जारी किया है। शिक्षण संवर्धन कार्यक्रम के तहत नौवीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। योजना का उद्देश्य छात्रों में गुणवर्तापूर्ण शिक्षा और सीखने के परिणाम को बढ़ाना है। मॉडल की मदद से शिक्षक छात्रों को पौधों के प्रजनन और परागण के बारे में बता सकेंगे। फूलों के प्रजनन की प्रक्रिया को लेकर छात्रों में समझ विकसित की जाएगी। प्रत्येक स्कूल को चार थ्रीडी मॉडल फूलों के प्रजनन को लेकर मिलेंगे।

**शरीर में ऑक्सीजन के उपयोग को जानेंगे :** वन्यजीव कोशिका के थ्रीडी मॉडल से छात्रों को उसके कार्यो के बारे में समझाया जाएगा। साथ ही श्वसन प्रणाली को लेकर शरीर में ऑक्सीजन के उपयोग की प्रक्रिया को समझाने में मदद मिलेगी। भौतिक विज्ञान को लेकर भी स्कूलों को किट दी जाएगी। यह थ्रीडी मॉडल फाइबर और प्लास्टिक के बने होंगे।




### पृथ्वी की परतों के बारे में आसानी से जान सकेंगे

भूगोल विषय को लेकर भी प्रत्येक स्कूल को आठ किट मिलेंगी। इसकी मदद से छात्र पृथ्वी की परतों के बारे में आसानी से जान सकेंगे। गणित की गुत्थी को सुलझाने के लिए स्कूलों को त्रिकोण किट, चतुर्भुज किट और कई दूसरी तरह किट दी जाएंगी। स्कूल प्रमुखों को निर्देश है कि वह इन किट छात्रों को सीखाने के लिए इस्तेमाल करेंगे।



परियोजना का तीन चरणों में 800 एकड़ में विस्तार किया जाएगा

# नोएडा एयरपोर्ट के पास फिनटेक सिटी बसेगी

तैयारी

250 एकड़ भूमि को पहले चरण में विकसित किया जाएगा

08 किलोमीटर की दूरी है सेक्टर-11 से नोएडा एयरपोर्ट की

ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास उत्तर भारत की पहली फिनटेक सिटी को विकसित करने का खाका तैयार हो गया है। एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी को लेकर इस सिटी को अब सेक्टर-13 के बजाय सेक्टर-11 में विकसित करने का प्लान तैयार किया गया है।

परियोजना का तीन चरणों में कुल 800 एकड़ में विस्तार किया जाएगा। प्रथम चरण में यह 250 एकड़ भूमि में विकसित होगी। यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया फिनटेक सिटी को बसाने के लिए कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया कंपनी ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर प्राधिकरण को सौंप दी है।

**आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी :** कंपनी ने परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए सिंगापुर, दुबई, हैदराबाद, चेन्नई और गुजरात स्थित गिफ्ट सिटी का अध्ययन किया। फिनटेक सिटी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी। सेक्टर-11 से एयरपोर्ट की दूरी मात्र आठ किलोमीटर है। सेक्टर-28 मेडिकल डिवाइस पार्क, सेक्टर-29 में बन रहे डाटा सेंटर की भी सेक्टर-11 से सीधी कनेक्टिविटी है। प्रथम फेज 2027 तक पूरा किया जाएगा, दूसरा 2030 और तीसरा फेज-2034 तक पूरा किया जाएगा। फिनटेक सिटी में 51 प्रतिशत क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट, पार्क और सड़कें होंगी, 37 कॉमर्शियल प्लॉट होंगे।

123 प्लॉटों को बेचा खरीदा जा सकेगा। कंपनी ने सर्वे भी कराया था, जिसमें 71.1 प्रतिशत निवेशकों की पसंदीदा जगह सेक्टर-11 रही।

**फिनटेक के अंतर्गत आने वाली कंपनियां**

फिनटेक के अंतर्गत वह कंपनियां आती हैं, जो प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट के उपयोग से ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करती हैं। इस फिनटेक सिटी में ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश, रिसर्च, क्राउड फंडिंग, डिजिटल मनी, स्टॉक एक्सचेंज, बीमा कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, ई-पैमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म जैसी निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। यहां निवेश करने वाली कंपनियों को नई औद्योगिक नीति का लाभ मिलेगा।

**कस्टम आदि में छूट मिलेगी**

फिनटेक सिटी में निवेश करने वाली कंपनी को नए उत्पाद लांच करने के लिए अलग से लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी। निवेश करने वाली कंपनियों को एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेशी) और नई औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत लैंड सब्सिडी, टैक्स, कस्टम आदि में छूट प्रदान की जाएगी।

"फिनटेक सिटी को विकसित करने के लिए खाका तैयार कर लिया गया है। अब इसे सेक्टर-13 के बजाय 11 में बसाया जाएगा। पूरा सेक्टर फिनटेक सिटी के लिए आरक्षित रहेगा।

-डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण

## आप विधायक और बेटे की तलाश में छापे

नोएडा। नोएडा पुलिस ने पेट्रोल पंप पर सेल्समैन समेत अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट मामले में रविवार को भी आप विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके बेटे अनस की तलाश में दिल्ली समेत कई ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस विधायक के बाटला हाउस स्थित आवास पर भी पहुंची पर दोनों नहीं मिले।

फेज वन पुलिस की तीन टीमें केस दर्ज होने के बाद से दोनों की तलाश कर रही हैं। रविवार को दोनों की तलाश में पुलिस दिल्ली समेत एनसीआर के अन्य शहरों में पहुंची, लेकिन निराशा हाथ लगी। पुलिस दोनों के अन्य ठिकानों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

## तीन माह में भी सभी बिल्डरों ने रकम जमा नहीं कराई

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। फ्लैट खरीदारों को सहूलियत दिलाने के शासन के मंसूबों पर बिल्डर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। दो माह की समय सीमा के बाद अब तीन माह बीत चुके, लेकिन 44 में से मात्र 20 बिल्डरों ने ही 25 प्रतिशत राशि जमा की है।

नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 12 फरवरी 2024 तक सभी बिल्डरों को बकाये की जानकारी दे दी गई थी। इसके तहत बिल्डरों को 60 दिन के अंदर यानी 12 अप्रैल तक कुल बकाये में से 25 प्रतिशत राशि जमा करनी थी। अमिताभकांत समिति की सिफारिश से संबंधित पैकेज को दिसंबर 2023 में यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। इसके बाद 21 दिसंबर को शासनादेश भी जारी कर दिया गया। इस शासनादेश के तहत बिल्डरों को एक अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक तक जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। 20 बिल्डरों ने 170 करोड़ 77 लाख रुपये जमा कराए हैं। अब तक पैसा जमा करा चुकी बिल्डर परियोजनाओं में 530 फ्लैट की रजिस्ट्री हुई है, जबकि करीब 1500 फ्लैट की रजिस्ट्री होनी है।

## झील में डूबने से दो युवकों की मौत

दुखद



मोहन सिंह और मानस झा। • फाइल फोटो

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। अरावली की सिरोही कृत्रिम झील में डूबने से शनिवार शाम दिल्ली के मैकेनिकल इंजीनियर समेत दो युवकों की मौत हो गई। इनकी पहचान दिल्ली के संगम विहार निवासी 26 वर्षीय मानस झा और 22 वर्षीय मोहन सिंह के रूप में हुई। दोनों दो अन्य दोस्तों के साथ झील में नहाने आए थे।

पुलिस को जांच में पता चला कि मानस झा मैकेनिकल इंजीनियर थे और दिल्ली स्थित एक ऑटो मोबाइल्स कंपनी में काम करते थे। वहीं उनके दोस्त मोहन सिंह एक निजी कंपनी में काम करते थे। दोनों अविवाहित थे। दोनों दोस्त राजीव और साजिद के साथ संगम विहार से शनिवार शाम करीब छह बजे सिरोही झील में नहाने पहुंचे थे। मानस झा, मोहन और राजीव झील में नहाने चले गए। वहीं, साजिद बाहर ही खड़ा रहा।

### गंगनहर में दो युवक डूबे, एक को बचाया

मुरादनगर। मुरादनगर स्थित गंगनहर में रविवार शाम नहाते वक्त गाजियाबाद निवासी दो युवक डूब गए। एक युवक को तो बचा लिया गया, लेकिन दूसरा युवक पानी के तेज बहाव में बह गया।

गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय प्रिंस दोस्त अनुज के साथ गंगनहर में नहाने के लिए आए थे। दोनों डूबने लगे। उन्होंने शोर मचाया तो पीएसी के गोताखोरों ने अनुज को तो बचा लिया, लेकिन प्रिंस पानी के तेज बहाव में बह गया।

## एनसीआर 30s



ग्रेटर नोएडा की सुपरटेक ऑक्सफोर्ड सोसाइटी के एक फ्लैट में रविवार को एसी का कंप्रेशर फटने से आग लग गई। आग पूरे फ्लैट में फैल गई। • हिन्दुस्तान

### एसी का कंप्रेशर फटने से फ्लैट में आग

ग्रेटर नोएडा। सुपरटेक ऑक्सफोर्ड सोसाइटी के ग्राउंड फ्लोर पर रविवार सुबह तीन बजे एसी का कंप्रेशर फटने से अरुण के फ्लैट के बालकनी में आग लग गई। आग की चपेट में ऊपर के दो और फ्लैट आ गए। तीनों फ्लैट की बालकनी में रखा सामान जलकर राख हो गया। लोगों ने खुद जुगाड़ कर पाइप के जरिए पानी डालकर आग को बुझाया। डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची।

### केंद्र से बाहर पहुंची उत्तर पुस्तिका, दो पर केस

गाजियाबाद। कविनगर थानाक्षेत्र में स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक गाजियाबाद से एक छात्र की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका केंद्र से बाहर चली गई। प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव ने जांच की तो मुख्य नियंत्रक और उप मुख्य नियंत्रक आरोपी पाए गए। संस्तुति के आधार पर परिषद के प्रधान सहायक पवन कुमार लोधी ने दोनों पर कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### आर के अरोड़ा को आज समर्पण करना होगा

नोएडा। सुपरटेक के चेयरमैन आर.के अरोड़ा को सोमवार शाम तक जेल में समर्पण करना होगा। उनकी ओर से हाईकोर्ट में भी याचिका दाखिल कर मांग की गई है कि उनके खराब स्वास्थ्य को देखते हुए अग्रिम जमानत की अवधि को और बढ़ा दिया जाए। हाइकोर्ट ने इस अर्जी पर कोई फैसला नहीं लिया है। अदालत ने निर्देश पर 13 मई शाम तक जेल में अपनी आमद दर्ज कराएं।

### ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट में चार्जिंग प्वाइंट लगेंगे

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में आंतरिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ई-बसें चलाने की तैयारी है। इसके लिए 80 चार्जिंग प्वाइंट लगाए जाएंगे। प्राधिकरण ने इनको लगाने के लिए स्थानों की तलाश शुरू कर दी है। बस स्टॉप के अलावा कुछ अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर चार्जिंग प्वाइंट लगाए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट पर सबसे ज्यादा फोकस रहेगा।

### नमो भारत के यात्रियों के लिए संतुष्टि सर्वेक्षण शुरू

गाजियाबाद। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए यात्री संतुष्टि सर्वेक्षण शुरू किया है। यह सर्वे 15 जून तक चलेगा। इसमें यात्री अनुभव साझा कर सुधार के सुझाव दे सकते हैं। आरआरटीएस 34 किमी. लंबे खंड से आगे मेरठ दक्षिण तक ट्रेन परिचालन के विस्तार को तैयार है।

### बंद मॉल में महिला का शव पड़ा मिला

फरीदाबाद। सेक्टर-19 स्थित एक बंद मॉल में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस मृतका की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मृतका की उम्र 30 साल के आसपास है। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। ऐसे में आशंका है कि उसने जहर खा कर आत्महत्या की है। शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। पुलिस जांच में जुटी है।

## फ्लैट में दरार आने पर लोगों का प्रदर्शन

गुरुग्राम। सेक्टर-102 स्थित एमआर गुड़गांव ग्रीन के फ्लैट में दरार आने पर परिसर में स्थानीय आरडब्ल्यूए के बैनर तले लोगों ने रविवार को प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि कई फ्लैट में दरार आई हैं। सोसाइटी का संरचनात्मक ऑडिट नहीं करवाया जा रहा है।

गुड़गांव ग्रीन सोसाइटी में करीब 672 परिवार रह रहे हैं। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से कब्जा प्रमाणपत्र मिलने के बाद साल 2019 में फ्लैट का कब्जा दिया था। अभी सोसाइटी को निर्मित पांच साल पूरे नहीं हुए हैं। यहां कई फ्लैट में दरार आ चुकी हैं, जिसे ठीक नहीं किया जा रहा है।

## डीएमई पर एक और निकास खुला

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। एनएचएआई ने रविवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी से आगे निकास रास्ता खोल दिया। इससे दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी। वह इस कट से एक्सप्रेसवे से बाहर आ सकेंगे। एक्सप्रेसवे से बाहर निकलने के लिए इससे पहले डासना तक दस किलोमीटर लंबा अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा था। दो सप्ताह पहले प्रवेश रास्ता भी खोला गया था।

मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए प्रवेश और निकास स्थान नहीं था। इस कारण दिल्ली की तरफ जाने के लिए वाहन चालकों को एनएच-9 पर चलना पड़ रहा था। एनएच-9 पर वाहनों का दबाव रहने से जाम लगता था। सुबह और शाम भीषण जाम से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी।



दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी के आगे निकास रास्ता रविवार को खोल दिया गया। इससे वाहन चालकों को राहत मिली। • हिन्दुस्तान

## मधुबन डिस्ट्रिक सेंटर के भूखंडों की रजिस्ट्री होगी

गाजियाबाद, कार्यालय संवाददाता। मधुबन बापूधाम में महानगर का एक और डिस्ट्रिक सेंटर बनेगा। जीडीए ने डिस्ट्रिक सेंटर के भूखंडों की रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन आवंटियों ने अपने व्यावसायिक भूखंड का पूरा पैसा जमा कर दिया है, वह रजिस्ट्री के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राधिकरण से नक्शा पास कराकर दुकान का निर्माण कर सकेंगे।

जीडीए ने राजनगर डिस्ट्रिक सेंटर (आरडीसी) विकसित किया था। इसके बाद संजय नगर डिस्ट्रिक सेंटर बनाया गया। अब मधुबन बापूधाम में शहर का तीसरा डिस्ट्रिक सेंटर बनाया जाएगा। जीडीए मधुबन डिस्ट्रिक सेंटर को 88 हजार वर्ग मीटर में विकसित करेगा। इस डिस्ट्रिक सेंटर में विभिन्न साइज के कुल 134 भूखंड है। इन भूखंडों पर निर्माण करने के लिए टाइप डिजाइन देने की भी योजना है, ताकि यहां निर्मित दुकानों में एकरूपता रहे। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि डिस्ट्रिक सेंटर के बिके हुए भूखंडों का आवंटियों ने रिफंड ले लिया था, जबकि कुछ भूखंड बिके नहीं थे।

अपना देश

# भाजपा सरकार फ्लोर टेस्ट के खिलाफ नहीं: खट्टर

हरियाणा

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा में सत्तारूढ़ दल ने रविवार को विपक्ष को चुनौती दी कि यदि उसके पास पर्याप्त संख्या है तो वह अपने विधायकों की परेड कराए। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह भी संकेत दिया कि भाजपा सरकार शक्ति परीक्षण करने के खिलाफ नहीं है और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दस में से छह विधायक उसके साथ हैं।

हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा भाजपा सरकार से समर्थन वापस लिए जाने के बाद कांग्रेस ने सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन के तहत नए सिरे से विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है। हरियाणा की विधानसभा में वर्तमान में 88 विधायक हैं। दो सीट-करनाल और रानिया रिक्त हैं। भाजपा के 40, कांग्रेस के 30 और जजपा के 10 विधायक हैं। इनेलो और हरियाणा लोकहित पार्टी के एक-एक सदस्य हैं। छह निर्दलीय सदस्य हैं।

**पूर्व मुख्यमंत्री बोले, छह विधायक हमारे साथ**



यह पूछे जाने पर कि हाल के दिनों में जजपा के कितने विधायकों ने उनसे मुलाकात की है। इस पर मनोहर ने कहा, आप जानते हैं कि मैंने कई लोगों से बात की है। छह विधायक हमारे साथ हैं। भाजपा सरकार ने 13 मार्च को विश्वास मत हासिल किया। यह तय करना राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में आता है कि छह महीने के बाद एक और विश्वास मत की आवश्यकता है या नहीं।

**कांग्रेस के समर्थन को तैयार: अजय चौटाला**



जजपा प्रमुख अजय सिंह चौटाला ने कहा कि वह अल्पमत सरकार को गिराने के लिए कांग्रेस को समर्थन देने के लिए तैयार है। विधायक पार्टी व्हिप का उल्लंघन नहीं कर सकते। अगर वे व्हिप का उल्लंघन करते हैं तो वे अपनी सदस्यता खो देंगे। वहीं कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बाद यह राज्यपाल की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि अल्पमत सरकार को बर्खास्त किया जाए।

**बेहतर होता विपक्ष इस मुद्दे को नहीं उठाते :** करनाल में संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते समय मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के 30 विधायक हैं। कांग्रेस को यकीन नहीं है कि उसके सभी विधायक उसके साथ हैं भी या नहीं। और आपने देखा है कि जजपा में क्या हो रहा है। बेहतर होता कि विपक्ष इस मुद्दे को नहीं उठाते। अब, जब उन्होंने इसे उठाया है तो हम कहते हैं कि उन्हें अपने विधायकों की परेड कराने दीजिए। और अगर आपके विपक्ष के पास संख्या ज्यादा है तो विधानसभा में शक्ति परीक्षण भी होगा।

**बराला बोले, सैनी सरकार स्थिर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने कहा कि सैनी सरकार स्थिर है और वह अपना कार्यकाल पूरा करेगी। सरकार शक्ति परीक्षण के लिए तैयार है, भले ही वह आज हो या कल।

## बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा सात अगस्त से शुरू होगी

जॉब्स

- सिपाही के 21,391 पदों पर होनी है बहाली
- केंद्र उपलब्ध कराने के लिए डीएम को लिखा पत्र

पटना, प्रधान संवाददाता। बिहार में सिपाही बहाली का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने पेपर लीक होने से रद्द की गई परीक्षा की तारीख तय कर दी गई है। परीक्षा 7 अगस्त से शुरू होगी। इसके बाद 11, 18, 21, 25, 28 और 31 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

सभी दिन परीक्षा एक-एक पाली में ही होगी। सिपाही के 21 हजार 391 पदों के लिए बहाली होनी है। पर्षद की ओर से अगस्त में उपरोक्त तारीखों पर केंद्र उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। पर्षद की ओर से जिलाधिकारियों को लिखे गए पत्र के मुताबिक अगस्त में सात अलग-अलग दिन परीक्षा होगी।

## करोड़ों के घोटाले में दो कर्मचारी बर्खास्त

अमरोहा। गन्ना विभाग में करीब पांच करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में वरिष्ठ सहायक आशीष सैनी के बाद अब चंदनपुर व गजरौला के तत्कालीन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीतम सिंह को गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है।

प्रीतम सिंह फिलहाल गन्ना उपायुक्त बरेली के कार्यालय से संबद्ध चल रहे थे। इस मामले में अभी कई अधिकारी और कर्मचारी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही है। वर्ष 2022 में जिले के गन्ना विभाग में करीब पौने पांच करोड़ रुपये का घोटाला पकड़ में आया था।

## उच्च हिमालयी क्षेत्रों में 11 साल बाद मई में बर्फबारी



मुनस्यारी के उच्चहिमालय क्षेत्र में शनिवार रात बर्फबारी हुई। • हिन्दुस्तान

मौसम का मिजाज

पूरन पाण्डे

मुनस्यारी, रुद्रप्रयाग। मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में 11 साल बाद यहां उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मई माह में बर्फबारी हुई है। जिससे इस पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बर्फबारी के बाद माइग्रेशन गांवों में ठंड लोगों को परेशान कर रही है।

यहां समुद्र सतह से 12 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी 11 साल बाद हुई बर्फबारी ने ठंड को बढ़ा दिया है। क्षेत्र के पंचाचूली, राजरंभा, हंसलिंग, छिपलाकेदार, नंदादेवी आदि क्षेत्रों में बर्फबारी पिछले 10 घंटे से रुक-रुक कर जारी है। यहां के क्षेत्र में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। नंदा देवी बेस कैंप में तापमान माइनस 2 डिग्री पहुंच गया है। मिलम में इस समय न्यूनतम तापमान 1 डिग्री पहुंच गया है। छिपलाकेदार में एक से तीन इंच तक हिमपात हुआ है। लोगों के अनुसार वर्ष 2013 में 11 साल पहले मई में बर्फबारी हुई थी।

**केदारनाथ में पल-पल बदल रहा मौसम :** केदारनाथ धाम में पल-पल बदलते मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने देश-विदेश के तीर्थयात्रियों से पूरी तैयारी के साथ यात्रा पर आने का आह्वान किया है, ताकि उन्हें पैदल मार्ग के साथ ही धाम में बारिश, ठंड से होने वाली दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यात्री अपने साथ गरम कपड़े, जूते, छाता, रेनकोट, टोपी और गरम जुराब जरूर रखें। पैदल यात्रा में रुक-रुक कर चलें, ताकि शरीर को आराम मिलता रहे।

## भ्रामक हो सकते हैं डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर लिखे दावे

सेहत

नई दिल्ली, एजेंसी। डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर लिखे दावे भ्रामक हो सकते हैं। इन्हें खरीदते वक्त लेबल पर लिखी जानकारी को ध्यान से पढ़ना चाहिए। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने यह चेतावनी जारी की है।

आईसीएमआर ने बताया, शुगर-फ्री खाद्य पदार्थ वसा से भरे हो सकते हैं, जबकि पैक्ड जूस में केवल 10 फीसदी फलों का रस ही हो सकता है। आईसीएमआर ने हाल में जारी दिशानिर्देशों में कहा, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों पर स्वास्थ्य संबंधी दावे उपभोक्ताओं का ध्यान खींचने और उन्हें यह समझाने के लिए डिजाइन किए गए हैं कि उत्पाद स्वस्थ है। आईसीएमआर के तहत हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) द्वारा भारतीयों के लिए जारी आहार दिशानिर्देश में कहा गया है, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के खाद्य पदार्थों को लेकर मानदंड सख्त हैं पर लेबल में प्रस्तुत जानकारी भ्रामक हो सकती है।



**उदाहरण देकर समझाया**

1. पैक्ड जूस में केवल 10 फीसदी फलों का असली जूस ही हो सकता है।
2. अनाज से बने उत्पाद का अर्थ यह नहीं कि वह पूरी तरह अनाज से बना है।
3. शुगर फ्री उत्पाद को अक्सर कम कैलोरी वाला माना जाता है पर इसमें वसा ज्यादा हो सकती है।

**फिट रहने के लिए हर कुछ घंटों में टहलें**

आईसीएमआर ने लोगों को फिट रहने के लिए भी सलाह दी है। इसमें कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति लगातार बैठे रहने के काम से जुड़ा है तो उसे कुछ घंटों बाद पांच से 10 मिनट तक टहलना चाहिए। लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का प्रयोग भी किया जा सकता है।

## पलामू में सिलेंडर काटने के दौरान विस्फोट, चार की मौत

झारखंड

- मनातू क्षेत्र के नौडीहा गांव में घटना, मरने वालों में तीन बच्चे शामिल

पलामू, प्रतिनिधि। पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव में गैस कटर से सिलेंडर काटने के क्रम में विस्फोट हो जाने से रविवार देर शाम में तीन बच्चों समेत चार की मौत हो गई। दो अन्य घायल हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

शुरुआत में इस घटना को नक्सली वारदात से जोड़कर देखा जा रहा था, लेकिन बाद में एसपी ने इसे नक्सली घटना होने से इनकार किया है। वैसे घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भेजी गई है। नीलांबर-पीतांबरपुर के एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने बताया कि जानकारी के अनुसार सिलेंडर काटने के दौरान विस्फोट हुआ है। इस घटना में घायल बच्चों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

## क्या धमाके का दोषी ऑनलाइन परीक्षा दे सकता है: हाईकोर्ट

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई विश्वविद्यालय से जानना चाहा कि क्या वह 7/11 सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के एक दोषी को ऑनलाइन कानून की परीक्षा देने की अनुमति दे सकता है।

न्यायमूर्ति मकरंद कार्णिक और न्यायमूर्ति कमल खाता की खंडपीठ ने कहा कि सुरक्षा कारणों से यह हो सकता है कि उम्मीदवार मोहम्मद साजिद मरगूब अंसारी को अपनी परीक्षा ऑनलाइन देने की अनुमति दी जाए। मुंबई में कुछ लोकल ट्रेन के डिब्बों में 11 जुलाई, 2006 को सात बम विस्फोट हुए थे, जिनमें 189 लोग मारे गए और 824 अन्य घायल हुए थे।

तैयारी | परकोटे के बेसमेंट से ऊपर भूतल की दीवार बनाने का कार्य जारी, सभी छह मंदिरों की दीवारों पर कलाकृतियां बनाने में जुटे शिल्पकार

# राम मंदिर की परिधि में आठ द्वारों का निर्माण किया जाएगा



दिव्यधाम में राम

कमलाकान्त सुन्दरम

अयोध्या। राम मंदिर की परिधि में अलग-अलग प्रवेश और निकास के लिए आठ द्वारों का निर्माण कराया जाएगा। इनमें जन्मभूमि पथ से प्रवेश के अलावा अंगद टीला से होकर आने वाला निकास द्वार तय हो चुका है।

क्रासिंग श्री जो वीवीआईपी प्रवेश व निकास का द्वार था, उसे इन दिनों निर्माण सामग्रियों की लोडिंग व अनलोडिंग के लिए प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में इस प्रवेश द्वार के बजाय क्रासिंग 11 को वीवीआईपी मार्ग के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एक उत्तरी द्वार भी निर्माणाधीन है। शेष क्रासिंग **वन और टू** भविष्य में विशेष प्रयोजन के लिए रखे जा सकते हैं लेकिन इस पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है। वहीं इन दो द्वारों के अलावा भी तीन और प्रवेश द्वारों पर मंथन चल रहा है।

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डा. अनिल मिश्र बताते हैं कि राजकीय निर्माण निगम को प्रवेश द्वारों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि क्रासिंग 11 व उत्तरी गेट की **साइज और नाप** उपलब्ध होने के बाद इन दोनों का निर्माण निगम की ओर से जल्द शुरू किया जाएगा। तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डॉ. मिश्र ने जानकारी दी कि परकोटे के छह मंदिरों के निर्माण के लिए भूतल पर भूमि पूजन के बाद आगे का निर्माण शिघ्र शुरू होगा। उन्होंने बताया कि परकोटे में प्रस्तावित छह मंदिरों की दीवाल और उसमें लगने वाली कलाकृतियों को स्थापित करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। यह परकोटा भी मंदिर के साथ-साथ पूर्ण होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिसंबर तक मंदिर आकार ले लेगा और मार्च 2025 तक फिनिशिंग भी पूरी हो जाएगी।



2025 मार्च तक फिनिशिंग का काम भी पूरी हो जाएगा

**राम मंदिर में कार्यरत हैं दो हजार श्रमिक**

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डा. मिश्र के अनुसार राम मंदिर में दो हजार श्रमिक इन दिनों कार्यरत हैं। रामायण कालीन ऋषियों व अन्य पात्रों के सप्त मंदिरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन मंदिरों के फाउंडेशन का उत्खनन व उसकी भराई का काम अलग-अलग चल रहा है। बहुत जल्द निर्माण की प्रगति सार्वजनिक हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) का ग्राउंड फ्लोर बनकर तैयार हो चुका है। बेसमेंट पहले से ही तैयार है और प्रथम तल के बाद द्वितीय तल भी पूर्णता की तरफ है। वह भी दिसंबर तक पूर्ण हो करके कार्यदाई एजेंसी तीर्थ क्षेत्र को हैंड ओवर कर देगी।

### तृणमूल ने महिला आयोग की अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत की, भाजपा बोली-टीएमसी का वीडियो फर्जी

# संदेशखाली में वीडियो पर सियासत गरमाई

**घमासान**

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण से जुड़े वीडियो पर सियासत गरमा गई है। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को भाजपा पर राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस मुद्दे को तूल देने का आरोप लगाया। वहीं भाजपा ने कहा कि तृणमूल चुनाव से पहले हवा बदलने के लिए फर्जी वीडियो का इस्तेमाल कर रही है।

तृणमूल कांग्रेस ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा और पियाली दास सहित भाजपा के अन्य नेताओं के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई। इसमें आरोप लगाया कि उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए संदेशखाली की निर्दोष महिलाओं का शोषण करके आपराधिक साजिश रची। तृणमूल प्रवक्ता रिजु दत्ता ने कहा कि संदेशखाली पर भारतीय जनता पार्टीकी फर्जी कहानी का सच सामने आ रहा है।

**महिलाओं की गरिमा का ख्याल नहीं :** उधर, बंगाल भाजपा के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा, तृणमूल फर्जी वीडियो का इस्तेमाल कर रही है। पार्टी को राष्ट्रीय महिला आयोग और संदेशखाली की महिलाओं की गरिमा का जरा भी ख्याल नहीं है।



**50** बूथ पर 2.5 लाख रुपये महिलाओं में बांटने का आरोप

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में रविवार को तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं में भिड़ंत हो गई।

### जालसाजी का आरोप

शिकायत में संदेशखाली की एक महिला के साक्षात्कार का जिक्र किया गया, जिसे 10 मई को एक्स पर साझा किया गया था। साक्षात्कार के दौरान, महिला ने आरोप लगाया कि रेखा शर्मा व दास ने धमकी देकर उसे बिना उद्देश्य बताए एक कोरे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए। बाद में जब पुलिस ने उसे नोटिस जारी किया तो पता चला कि उसे एक दुष्कर्म के मामले में शिकायतकर्ता बनाया गया है।

### पैसे बांटने की बात

इस प्रकरण को लेकर सामने आया नया वीडियो 45 मिनट से ज्यादा का है। इसमें संदेशखाली मंडल के भाजपा अध्यक्ष गंगाधर कयाल ने पैसे बांटे जाने की बात कही है। वीडियो में भाजपा नेता को यह कहते हुए दिखाया गया है कि हमें 50 बूथ के लिए 2.5 लाख रुपये नकद की आवश्यकता होगी। यहां 30 प्रतिशत प्रदर्शनकारी महिलाएं होंगी। हमें यहां एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को भी भुगतान कर खुश रखना होगा।

### पुलिस स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखाली पुलिस स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया और डकैती में गिरफ्तार एक पार्टी कार्यकर्ता की रिहाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कार्यकर्ता को झूठे मामले में फंसाया गया है। इसके अलावा उन्होंने पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब करने के लिए वीडियो जारी किये जाने का भी विरोध किया।

### एक के बाद एक दावे

1 संदेशखाली का पहला वीडियो चार मई को सामने आया था। इसमें कयाल यह कहते हुए नजर आ रहे थे कि विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के कहने पर ही महिलाओं ने विरोध किया था। इसकी साजिश भी उन्होंने रची थी।

2 दूसरे वीडियो में दावा किया गया कि भाजपा के एक स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराये और बाद में तृणमूल नेताओं के खिलाफ दुष्कर्म एवं यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया गया।

3 एक अन्य वीडियो में बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार व संदेशखाली प्रदर्शनकारी रेखा पात्रा ने दावा किया कि जिन दुष्कर्म पीड़िताओं को राष्ट्रपति से मिलने के लिए ले जाया गया था वह उन्हें नहीं जानती थीं।

### गिरफ्तारी की मांग

भाजपा की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रेखा पात्रा ने तृणमूल कांग्रेस में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। आरोप लगाया कि पार्टी के स्थानीय नेताओं की छवि खराब की जा रही है पर पुलिस सक्रियता नहीं दिखा रही है।

## रियासी में हथियार, गोला-बारूद मिला

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने रविवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया। यहां से नौ आईईडी और तीन पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त टुकड़ियों ने सुबह माहौर इलाके के कोट बुधान जंगल में तलाशी और घेराबंदी अभियान के दौरान आतंकियों के ठिकाने का पता लगाया।

## आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को आतंकवादियों के एक सहयोगी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने बांदीपोरा में संयुक्त रूप से तलाश अभियान चलाया। इस दौरान आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पिस्तौल सहित कुछ हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए है।

## देश 30s

### मिजोरम में नौ करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स ने एक बयान में कहा कि भारत-म्यांमार सीमा पर मिजोरम के चम्फाई जिले में 9.3 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने शनिवार को जोखावथर गांव में छापा मारा और चाय के पैकेटों में छुपाया गया 3.1 किलोग्राम नशीली गोलियां (क्रिस्टल मेथामफेटामाइन) बरामद कीं।

### सोरेन की याचिका पर सुप्रीम सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एक याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी।



मुंबई के बांद्रा में रविवार को अभिनेता रजत बेदी, प्रियंका लालवानी, सिंपल कौल और राकलेश बेदी ने समुद्र तट की सफाई अभियान में भाग लिया। • प्रेट्र

### वन संरक्षण और प्रबंधन में देश ने प्रगति की

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र वन मंच (यूएनएफ) को सूचित किया कि उसने वन संरक्षण और प्रबंधन में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे पिछले 15 वर्षों में वन क्षेत्र में लगातार वृद्धि हुई है। भारत ने 6 से 10 मई तक न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित यूएनएफएफ के 19वें सत्र में भाग लिया। वैश्विक स्तर पर भारत 2010 और 2020 के बीच औसत वार्षिक वन क्षेत्र में शुद्ध लाभ के मामले में तीसरे स्थान पर है।

### मणिपुर में 2,480 अवैध प्रवासी मिले : बीरेन सिंह

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि पिछले साल हिंसा फैलने से पहले ही 2480 अवैध अप्रवासियों का पता लगा था। यह जानकारी कैबिनेट उप समिति ने दी थी। हालांकि, 3 मई को राज्य हिंसा भड़कने के बाद अभियान को कम कर दिया गया था। सीएम सिंह ने कहा, राज्य में वनों की कटाई और अवैध प्रवासियों द्वारा नए गांवों की स्थापना से चिंता बढ़ गई थी।

### यूट्यूबर 'सावुक्कू' शंकर हिरासत में

**चेन्नई।** यूट्यूबर 'सावुक्कू' शंकर को रविवार को गुंडा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया। वह वर्तमान में कोयंबटूर सेंट्रल जेल में बंद है। पुलिस ने बताया कि पुलिस आयुक्त ग्रेटर चेन्नई संदीप राय राठौड़ के आदेश के आधार पर 12 मई को साइबर अपराध (चेन्नई) पुलिस निरीक्षक द्वारा शंकर को गुंडा अधिनियम के तहत हिरासत में लेने का आदेश दिया गया।

### सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन को खदेड़ा

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार देर रात नियंत्रण रेखा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन पर सेना के जवानों ने फायरिंग की। इस पर ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया। इस बीच, शनिवार रात में ही पुंछ के अल्लाहपीर इलाके के पास टिमटिमाती रोशनी के साथ एक उड़ने वाली वस्तु कुछ देर के लिए हवा में देखी गई। वहां भी पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर तलाशी ली पर जमीन पर कुछ नहीं मिला।

# सीबीआई को जांच सौंपने से सरकार का इनकार

**वीडियो विवाद**

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित मामले की जांच सीबीआई को सौंपने से रविवार को इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रकरण की जांच कर रहे राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भरोसा है। भाजपा और जद(एस) ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की थी। साथ ही वीडियो प्रसारित करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा था।

**भाजपा ने सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो कहा था :** सिद्धरमैया ने सीबीआई जांच की भाजपा की मांग को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा, हम अपनी पुलिस (एसआईटी) से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। वे सक्षम हैं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो कहा था, और सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें दिया जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को दिए थे, लेकिन एक भी मामले में दोषसिद्धि नहीं हुई, इसका मतलब ये नहीं कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है। एसआईटी भी सीबीआई की तरह एक जांच एजेंसी है, हम अपनी पुलिस से जांच कराएंगे।

दूसरी ओर भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि दोषियों को सामने लाना और सजा सुनिश्चित करना एसआईटी का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने इस पर आरोप लगाने की आलोचना की। बोम्मई ने कहा, लोग जांच की प्रगति के तरीके पर सवाल उठा रहे हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग में एक शिकायत दर्ज कराई गई है कि (एक महिला को) शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।



### निष्पक्ष जांच कर रही एसआईटी, भाजपा भ्रम फैला रही : सिद्धरमैया

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सीबीआई की मांग करने के लिए भाजपा पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है। उन्होंने भाजपा पर निष्पक्ष जांच कर रही एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया।

### प्रज्वल रेवन्ना मामले में दो लोगों को एसआईटी ने गिरफ्तार किया

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने रविवार को हासन के सांसद से जुड़े कथित अश्लील वीडियो को प्रसारित करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने दोनों के बयान दर्ज किए हैं।

# जवाब तैयार होने पर ईडी के पास जाऊंगा : आलमगीर

**झारखंड**

- मंत्री ने कहा, जवाब तैयार नहीं हुआ तो मांगेंगे समय
- कहा- मेरी छवि खराब करने की हो रही कोशिश

**पाकुड़ (झारखंड), प्रतिनिधि।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि उन्हें ईडी का समन मिला है। समन के आलोक में वह जवाब तैयार कर रहे हैं। अगर जवाब तैयार हो गया तो पूछताछ के लिए जाएंगे अन्यथा ईडी से समय की मांग करेंगे। वह रविवार को कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान मीडिया से मुखातिब थे।

मंत्री ने कहा कि चूंकि आज रविवार है, रात को भी यहां से निकलेंगे तो रांची पहुंचते-पहुंचते सुबह हो जाएगी। अगर दिन भर में जवाब तैयार हो गया तो वे तय तिथि को पूछताछ के लिए जरूर जाएंगे। कहा कि क्षेत्र की जनता और गैर-कांग्रेसी दल के लोग भी मेरे चरित्र से वाकिफ हैं। उन्होंने हमेशा ही आम जनता के हित में कार्य किया है।

पीएस और उनके नौकर के यहां ईडी की छापेमारी में रुपये मिले हैं। मेरे विभाग से मामला जुड़े रहने के कारण स्वाभाविक है कि ईडी मुझसे भी पूछताछ के लिए तलब करेगी और ऐसा ही किया गया है। पूछताछ में जो सही होगा वह वही बताएंगे। आगे उन्होंने कहा कि छवि खराब करने के लिए कुछ लोग अनाप-शनाप आरोप लगा व बयानबाजी कर रहे हैं।

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर हादसे**

## ट्रक से कुचलकर कार सवार तीन लोगों की मौत

**जयपुर, एजेंसी।** 1 राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित कार में सवार होकर अहमदाबाद से हरिद्वार जा रहे थे।

बांदीकुई के एसएचओ सुरेंद्र मलिक के अनुसार, कार हाईवे पर तेज रफ्तार में थी और अचानक गाय से टकराने पर कार डिवाइडर से टकरा गई। मलिक के अनुसार, जब कार में सवार लोग वाहन को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए उतरे, तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार के ट्रक ने वाहन में टक्कर मार दी और एक दूसरा ट्रक इन लोगों के ऊपर चढ़ गया।

पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार सुबह दौसा जिले के बांदीकुई के उन्नबदा गांव के पास हुआ। पीड़ितों में से एक नीलम ने बताया कि परिवार अपनी मां की अस्थियां विसर्जित करने के लिए कार से अहमदाबाद से हरिद्वार जा रहा था, तभी ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

## मर्सिडीज से टक्कर में महिला ने दम तोड़ा

**पलवल, संवाददाता।** 2 दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर अकबर पुर टोल के पास शनिवार शाम मर्सिडीज कार ने एक अन्य कार में टक्कर मार दी। इससे दिल्ली के रणजीत नगर निवासी बुजुर्ग महिला हरबाई की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल गए।

हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार दिल्ली के रोहिणी स्थित सेक्टर-3 निवासी ओम प्रकाश आहुजा ने शिकायत में बताया है कि शनिवार शाम वह अपनी कार से राजस्थान के दौसा किसी काम से जा रहे थे। कार में हरबाई और उनकी बेटी शकुंतला, यूपी के चित्रकूट निवासी अशोक सवार थे। जब कार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पलवल स्थित अकबरपुर नाटोल गांव के पास पहुंची, पीछे से तेज रफ्तार आई मर्सिडीज ने उनकी कार में टक्कर मार दी।

## बीजापुर में हुई मुठभेड़ को ग्रामीणों ने फर्जी बताया

- जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए, कहा- सभी आम नागरिक थे

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सलियों के मारे जाने के दो दिन बाद ग्रामीणों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फर्जी मुठभेड़ थी और मारे गए लोग आम नागरिक थे।

ग्रामीण इस दौरान जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और मुठभेड़ में मारे गए लोगों के शव परिजनों को सौंप देने की मांग की। मुठभेड़ के गवाह पीडिया गांव के निवासी गुरुनंद ने मीडिया में दावा किया, ग्रामीण तेंदू के पत्ते तोड़ने गए थे और जब सुरक्षाबल उनकी ओर बढ़े तो वे भागने लगे। गुरुनंद ने आरोप लगाया, जब वे डर से भाग रहे थे तो उन्हें सुरक्षाबलों ने मार गिराया। वहीं, पुलिस ने दोहराया कि मारे गए सभी लोग नक्सली थे। बीजापुर एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने कहा, मृतकों की पहचान कर ली गई है।










मेनका गांधी के खिलाफ सपा ने रामभुआल निषाद और बसपा का उदराज मौर्य पर दांव

# भाजपा को तीसरी जीत की तलाश, सपा पर खाता खोलने का दबाव

वीआईपी सीट
सुल्तानपुर

■ दिनेश दुबे

सुल्तानपुर। सुलतानपुर संसदीय सीट से भाजपा के टिकट पर वर्ष 2014 में वरुण गांधी, 2019 में उनकी मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनीं गईं। अब लगातार दूसरी बार मेनका की दावेदारी से देशभर के लोगों की नजरें इस सीट पर हैं। भाजपा जहां हैट्रिक लगाने की जुगत में है, वहीं कांग्रेस के साथ गठबंधन में समाजवादी पार्टी के सामने अपना खाता खोलने की चुनौती है।

सपा ने गोरखपुर निवासी पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद और बसपा ने उदराज मौर्य को अपना प्रत्याशी बनाया है। दोनों को पार्टी के परंपरागत वोटों संग अपनी जाति-बिरादरी के वोटों पर भरोसा है। उधर, मेनका को अपने काम व सरकार की विकास योजनाओं पर भरोसा है।

सुलतानपुर सीट पर भाजपा एक बार जीत का हैट्रिक लगा चुकी है। यह दूसरा मौका है जब वो तीसरी जीत के मुहाने पर खड़ी है। अयोध्या से सटी इस सीट पर रामलहर में भाजपा ने पहली बार 1991 में जीत दर्ज की थी। राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने जनता दल के पूर्व सांसद स्व. राम सिंह को हराया था। 1996 के चुनाव में पार्टी ने उनके स्थान पर फैजाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे स्व. देवेंद्र बहादुर राय पर दांव खेला। उन्होंने सपा के स्व. कमरूरुज्जमा फौजी को पराजित किया था। 1998 में पार्टी ने एक बार फिर पार्टी ने डीबी राय पर दांव चला। राय ने सपा की रीता बहुगुणा जोशी को मात देकर भाजपा के जीत की हैट्रिक लगाई।

**2019 में मेनका को मिली थी कड़ी टक्कर :** 2014 में जब वरुण गांधी भाजपा के टिकट पर यहां पहुंचे तो राम लहर से अधिक तेज वरुण की आंधी चली। वरुण को 4,10,348 मत मिले, उन्होंने बसपा से आए बाहुबली पूर्व विधायक पवन पाण्डेय को पराजित कर दिया। 2019 के चुनाव में वरुण पीलीभीत चले गए और मेनका गांधी यहां आ गईं। इस चुनाव में मेनका ने वरुण से अधिक 4,59,196 मत तो हासिल किया, लेकिन बसपा-सपा के संयुक्त प्रत्याशी चंद्रभद्र सिंह ने मेनका की जीत के अंतर को कम कर दिया।

### सीट पर मतदाता

कुल मतदाता 18,34 355
पुरुष मतदाता 9,54 358
महिला मतदाता 8,79 932
थर्ड जेंडर 65




25 मई को मतदान होगा

**2019**

| प्रत्याशी | पार्टी | मत मिले |
|---|---|---|
| मेनका संजय गांधी | भाजपा | 4,59,196 |
| चन्द्रभद्र सिंह सोनू | बसपा+सपा | 4,44,670 |
| डॉ. संजय सिंह | कांग्रस | 41,681 |

**2014**

| प्रत्याशी | पार्टी | मत मिले |
|---|---|---|
| वरुण गांधी | भाजपा | 4,10,348 |
| पवन पांडेय | बसपा | 2,31,146 |
| शकील अहमद | सपा | 2,28,144 |

### कब कौन जीता

| वर्ष | विजेता | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | बीवी केसकर | कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | कांग्रेस |
| 1962 | कुँवर कृष्ण वर्मा | कांग्रेस |
| 1967 | गणपत सहाय | कांग्रेस |
| 1971 | केदार नाथ सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकारुल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राज करण सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | राम सिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भाजपा |
| 1996 | देवेन्द्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1998 | देवेन्द्र बहादुर राय | भाजपा |
| 1999 | जय भद्र सिंह | बसपा |
| 2004 | ताहिर खान | बसपा |
| 2009 | संजय सिंह | कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भाजपा |
| 2019 | मेनका गांधी | भाजपा |

■ सपा-बसपा को जाति-बिरादरी के वोटों पर भरोसा, मेनका को अपने काम से जीत मिलने की उम्मीद

### क्यों खास है सुल्तानपुर सीट

यह अयोध्या, प्रयागराज और वाराणसी जैसे धार्मिक शहरों के केन्द्र में है। कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान जिले की पहचान है। एक जिला-एक उत्पाद में मूंज-बाध उत्पाद हैं। जेथुआ महावीरन, धोपापधाम और सीताकुंड रामायण कालीन स्थल आस्था के केंद्र हैं।

### मेनका इस सीट से पहली महिला सांसद



सुलतानपुर सीट का इतिहास बड़ा रोचक है। महिला उम्मीदवारों में दीपाकौल, रीता बहुगुणा जोशी, वीणा पांडेय इस सीट से चुनाव हार चुकी हैं। 2019 में मेनका गांधी पहली बार इस सीट से महिला सांसद चुनी गईं।

### दो बार विधायक रहे हैं रामभुआल



राम भुआल निषाद गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा बनने के पूर्व कौड़ीराम विधानसभा सीट से दो बार विधायक रहे हैं। 2007 में बसपा सरकार में मत्स्य राज्य मंत्री भी रहे हैं। 2012 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बसपा के टिकट पर हार का सामना करना पड़ा था। निषाद को 2017 के विधानसभ चुनाव में बसपा ने टिकट नहीं दिया। वर्ष 2014 के आम चुनाव में रामभुआल निषाद मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ मैदान में उतरे और 176277 वोट पा तीसरे स्थान पर रहे थे।

# भाजपा सांसद रमेश बिंद को सपा ने मिर्जापुर से उतारा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। सपा ने भाजपा सांसद रमेश बिंद को अपने दल में शामिल करते हुए मिर्जापुर से टिकट दे दिया है। इसके लिए पार्टी ने अपने पूर्व घोषित प्रत्याशी राजेंद्र एस. बिंद का टिकट काट दिया। वहीं, रॉबर्ट्सगंज से छोटे लाल खरवार को प्रत्याशी बनाया है। छोटे लाल खरवार वर्ष 2014 में राबर्ट्सगंज से भाजपा सांसद रहे हैं। 2019 में छोटे लाल खरवार का टिकट कट गया था।

पार्टी ने रविवार को इन दोनों के नाम घोषित कर दिए। अब सपा के कोटे के सारे यानी 62 प्रत्याशी घोषित हो गए। रमेश बिंद भाजपा से भदोही से सांसद हैं। जब भाजपा ने उनका टिकट काट दिया तो उन्होंने सपा से मिर्जापुर से टिकट के लिए भागदौड़ शुरू की। जब इसकी भनक राजेंद्र एस. बिंद को लगी तो वह अपना टिकट बचाने के लिए सक्रिय हो गए। उन्होंने यहां तक कहा कि रमेश बिंद उनका टिकट कटवाने में लगे हैं ताकि वह खुद प्रत्याशी बन सकें। रमेश बिंद ने पिछले दिनों दो बार सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी और अपना टिकट पक्का कर लिया। सपा में जिस तरह टिकट बदले गए और कई बार पूर्व घोषित प्रत्याशी को दुबारा टिकट मिला है, उसके चलते राजेंद्र एस बिंद के समर्थकों ने आस नहीं छोड़ी है।

### दो सांसद आमने-सामने

मिर्जापुर का चुनाव रोचक हो गया है। यहां भाजपा की सहयोगी अपना दल सोनेलाल की नेता व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल चुनाव लड़ रही हैं। वह मिर्जापुर से मौजूदा सांसद हैं जबकि अब रमेश बिंद सपा कांग्रेस गठबंधन की ओर से सामने हैं। इस तरह दो सांसद आमने सामने हैं।


हिन्दुस्तान चुनावी चतुर QUIZ
रोज खेलें, रोज जीतें!
हर दिन ₹3000 तक के Amazon वाउचर
MEGA PRIZE
अंत में एक iPhone15 जीतने का मौका
आज का पहला सवाल?
1952 में हुए देश के पहले आम चुनाव में कुल कितनी सीटों के लिए वोटिंग हुई थी?
A. 489 B. 493
पूरे Quiz के लिए QR कोड स्कैन करें


### सियासत 30S



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रविवार को मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत लोकसभा चुनाव को लेकर एक सार्वजनिक सभा में पहुंचीं तो कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। • एएनआई

### '50% से अधिक वोट पर ही नोटा असरदार'

इंदौर। मौजूदा हालात में 'नोटा' को प्रतीकात्मक करार देते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओ.पी. रावत ने कहा कि किसी सीट पर 'नोटा' को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने के बाद ही नोटा कानूनी रूप से असरदार बन सकता है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त रावत ने रविवार को कहा कि वर्तमान स्थिति में नोटा एक प्रतीक की तरह है और यह किसी सीट के चुनाव परिणाम पर कोई भी असर नहीं डाल सकता। अभी अगर किसी चुनाव में 100 में 99 वोट नोटा को मिल जाएं और किसी अन्य उम्मीदवार को महज एक वोट मिल जाए, तब भी नोटा नहीं, बल्कि यह उम्मीदवार ही विजेता होगा।

### सीएम सैनी, भूपेंद्र हुड्डा ने मतदान की अपील की

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को करनाल में सुबह की सैर पर निकले और इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेला। सैनी ने अटल पार्क में लोगों से बातचीत की। उन्होंने मतदाताओं से 25 मई को मतदान के दिन अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का भी आग्रह किया। उधर कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी रोहतक में सुबह की सैर पर निकले। कुछ बच्चों के अनुरोध पर उन्होंने चंद मिनट तक उनके साथ क्रिकेट भी खेला। पत्रकारों से बात करते हुए सैनी ने कहा, 'मैं पार्क में सुबह की सैर के लिए गया था। मैंने वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और महिलाओं से मुलाकात की। उस समय कई लोग योग कर रहे थे।'

www.livehindustan.com
चुनावी खबरें
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

# यूपी की सियासत में बेटियां लिख रहीं नई इबारत

■ शैलेंद्र श्रीवास्तव

लखनऊ। यूपी की राजनीति में दो बेटियां नई इबारत लिख रही हैं। उनकी प्रचार की शैली आज चर्चाओं में है। जाति-धर्म का बंधन तोड़कर वे लोगों से मिल रही हैं। भजन कीर्तन में जा रही हैं तो मजारों पर जाकर चादरें भी चढ़ा रही हैं। इनके प्रचार की शैली को लेकर हर तरफ चर्चाएं हो रही हैं। इनदो बेटियों में सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी अदिति और अफजाल अंसारी की बिटिया नुसरत हैं।

पूर्वांचल में आने वाली गाजीपुर संसदीय सीट हाईप्रोफाइल हो चुकी है। इसकी अपनी खास वजह है। मुख्तार अंसारी का घर गाजीपुर की मुहम्मदाबाद विधानसभा में है। उनके बड़े भाई अफजाल अंसारी गाजीपुर लोकसभा सीट से पिछला चुनाव बसपा के टिकट पर भाजपा के मनोज सिन्हा को हराकर जीते थे। सपा ने इस बार अफजाल अंसारी को टिकट दिया है। मुख्तार अंसारी के बाद गाजीपुर सीट चर्चाओं में तो थी ही, पर अब दूसरी वजहों से चर्चाओं में आ गई है। यह वजह है उनकी बेटी नुसरत। नुसरत दिल्ली के लेडी श्रीराम कालेज से स्नातक हैं और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस से रूरल डेवलपमेंट में पीजी किया है।

### नुसरत का प्रचार से पहले पूजा

अपने पिता के पक्ष प्रचार करने उतरने से पहले नुसरत मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। वह क्षेत्र के सभी धर्मों के मतदाताओं से मिलकर तर्क दे रही हैं कि चुनाव उसका करा जो जनता का हित कर सके। वह अपने परिवार द्वारा गाजीपुर की जनता के हितों में किए गए कामों की दुहाई भी दे रही हैं।

### अदिति यादव ने दिखाई राह

अखिलेश यादव की बेटी अदिति मैनपुरी में डिंपल यादव का प्रचार करती हुई सबसे पहले दिखाई दीं। उनकी प्रचार की शैली युवाओं को खूब भाई। अब वह कन्नौज में पिता के लिए प्रचार कर रही हैं। खासकर महिलाओं के बीच वह खासी चर्चाओं में हैं।

आयाराम-गयाराम

## कैलाशो सैनी कांग्रेस में शामिल

चंडीगढ़। कुरुक्षेत्र की पूर्व सांसद और ओबीसी नेता कैलाशो सैनी रविवार को हरियाणा में कांग्रेस में शामिल हो गईं। सैनी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख उदय भान की उपस्थिति में रोहतक में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गईं। उनके कई समर्थक भी कांग्रेस में शामिल हो गए।

हुड्डा ने कहा कि दो बार की सांसद सैनी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुई हैं। ओबीसी नेता के शामिल होने से निश्चित रूप से कांग्रेस मजबूत होगी। इस दौरान सैनी ने कहा कि वह कुरुक्षेत्र और अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में जहां पार्टी उन्हें जिम्मेदारी देगी, वहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए मजबूती से प्रचार करेंगी।

# भाजपा और तृणमूल हर चरण के साथ आक्रामक

विश्लेषण

■ सुहेल हामिद

22 तृणमूल कांग्रेस को और भाजपा को 18 सीट मिली थी 2019 के चुनाव में

24 सीट के लिए वोट डाले जाएंगे प्रदेश में बाकी बचे अगले तीन चरणों में

### टीएमसी को मिला पलटवार का मौका

पश्चिम बंगाल में सभी सात चरणों में चुनाव हैं। भाजपा को उम्मीद थी कि लंबे वक्त तक चलने वाले चुनाव से मदद मिलेगी, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम बड़े नेता राज्य पर पर्याप्त ध्यान केंद्रित कर पाएंगे, पर चुनाव प्रचार लंबा चलने से तृणमूल कांग्रेस को पलटवार करने का मौका मिल गया और वह लंबे चुनाव अभियान को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन कुछ सीट पर लड़ाई को त्रिकोणीय बना रहे हैं, पर ज्यादातर सीट पर तृणमूल-भाजपा में सीधा मुकाबला है।

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की 18 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। प्रदेश में अगले तीन चरणों में बाकी बची 24 सीट के लिए वोट डाले जाएंगे। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, पश्चिम बंगाल में मुकाबला घनघोर होता जा रहा है। इन चुनाव में जहां तृणमूल कांग्रेस को एक बार फिर खुद को साबित करना है, वहीं भाजपा के लिए अपना प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव की शुरुआत में संदेशखाली, भर्ती घोटाला और भ्रष्टाचार के आरोपों पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बैकफुट पर थी। भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साध रहे थे। अब तृणमूल कांग्रेस पलटवार करने में सफल रही है, पर अभी उसकी चुनावी मुश्किलें कम नहीं हुई हैं।

**प्रदेश में त्रिकोणीय मुकाबला :** पश्चिम बंगाल में इस बार तृणमूल कांग्रेस, भाजपा और कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन में त्रिकोणीय मुकाबला है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस और लेफ्ट दोनों पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ी थी और चुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबला था। इसमें तृणमूल कांग्रेस को 22 और भाजपा 18 सीट जीतने में सफल रही थी। जबकि कांग्रेस को सिर्फ दो सीट मिली थी। लेफ्ट पार्टियां कोई भी सीट हासिल करने में विफल रही थी।

**तृणमूल कांग्रेस को कई मोर्चों पर लड़ना पड़ रहा :** तृणमूल कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने की वजह से सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि भाजपा के आरोपों पर कोई उसके साथ मिलकर पलटवार करने वाला नहीं है। कांग्रेस-लेफ्ट गठबंधन भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साध रहे हैं। ऐसे में तृणमूल कांग्रेस को कई मोर्चों पर लड़ना पड़ रहा है। तृणमूल के लिए राहत की बात यह है कि लेफ्ट मतदाता वापस अपनी पार्टी की तरफ लौट रहे हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि लेफ्ट कैडर के वापस अपनी पार्टी में लौटने से गठबंधन को कितना फायदा होगा, यह वक्त बताएगा। पर इससे भाजपा को नुकसान हो सकता है। क्योंकि, 2019 के चुनाव में ममता बनर्जी को शिकस्त देने के लिए लेफ्ट के एक तबके ने भाजपा का समर्थन किया था। इससे चतुष्कोणीय मुकाबले में कई सीटों पर भाजपा को लाभ मिला और वह जीत दर्ज करने में सफल रही।

आज का फोटो

## श्रीनगर में मतदान की तैयारी पूरी



लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की पूर्व संध्या पर श्रीनगर में रविवार को मतदान अधिकारी ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री के साथ अपने-अपने केंद्रों के लिए रवाना हुए। कई केंद्रों पर सेना की सुरक्षा में ईवीएम को बूथ तक पहुंचाया गया। • प्रेट्र

# जीत की हैट्रिक लगाने के साथ अपनी साख बचाने की लड़ाई

मैदान के महारथी
मनोज तिवारी



सोशल मीडिया फॉलोवर्स
एक्स 18 लाख | फेसबुक 13 लाख

परिचय

आयु : 53 वर्ष
जन्म स्थान : यमुना विहार, दिल्ली
शिक्षा : स्नातक व मास्टर इन फिजिकल एजुकेशन
पिता : स्वर्गीय चंद्रदेव तिवारी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही भाजपा ने अकेले उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी को छोड़कर सभी छह सांसदों के टिकट काट दिया है। ऐसे में मनोज तिवारी न सिर्फ जीत की हैट्रिक लगाना चाहते है, बल्कि पार्टी ने उनके ऊपर जो भरोसा जताया है उसकी साख भी बचाने की लड़ाई लड़ रहे है।

मनोज तिवारी दिल्ली में पूर्वांचलियों के लिए बड़ा चेहरा है। भाजपा उनके चेहरे के सहारे पूरी दिल्ली में बस पूर्वांचलियों का वोट पाने का सियासी समीकरण बैठाया है। मनोज तिवारी किसी राजनीतिक परिवार से नहीं आते है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पढ़ाई के बाद भोजपुरी में गायकी व अभिनय में अपनी पहचान बनाने के बाद उन्होंने राजनीति का रूख किया था। राजनीति के मैदान में वह 2009 में आएं। पहले उन्होंने गोरखपुर से संसदीय चुनाव में सपा के जरिए एंट्री ली। मगर पहले ही चुनाव में हार का सामना करना पड़ा, 2014 से पहले सपा को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद भाजपा के साथ जीत का सफर अब तक जारी है।

भाजपा ने तिवारी को पहली बार उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा चुनाव लड़वाया। सीट से जीत के बाद उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2019 में पार्टी ने उन्हें दोबारा टिकट दिया, इस बार उनके जीत का अंतर और बढ़ गया। यही नहीं 2014 से 2019 के बीच पार्टी ने उन्हें संगठन की जिम्मेदारी भी दी। दिल्ली प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष भी बने।

**तिवारी के सामने कन्हैया कुमार :** मनोज तिवारी के खिलाफ इंडिया गठनबंधन ने कन्हैया कुमार पर दांव लगाया है। ऐसे में दो मजबूत पूर्वांचली प्रत्याशियों के बीच लड़ाई है। तिवारी के पास अपनी जीत के साथ पार्टी के भरोसे को बरकरार रखने की लड़ाई है। इस बार उनकी यह लड़ाई आसान नहीं दिखती है। हालांकि वे कन्हैया पर लगातार हमलावर है। मगर कन्हैया कुमार युवा होने के साथ अच्छे वक्ता है। उनको पसंद करने वाला एक खास वर्ग है। यही वजह है कि युवाओं के बीच वे खासे लोकप्रिय है।

**लड़ाई आसान नहीं :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट पर आप व कांग्रेस ने एक उम्मीदवार कन्हैया कुमार को मैदान में उतारकर भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि 2019 के आंकड़े बताते है कि आप व कांग्रेस के वोट को मिला भी दें तो भी भाजपा जीतती नजर आती है। इस सीट पर कुल दस विधानसभा सीटें है जिसमें दो घोंडा, रोहताश नगर पर भाजपा का कब्जा है बाकी सभी सीटों पर आप जीती है।

# तीन प्रत्याशियों के सामने चुनौतियों का पहाड़

उत्तर प्रदेश

■ वाराणसी, अमेठी व महराजगंज सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों का दिग्गजों से है मुकाबला

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। पांचवें चरण में होने वाले अमेठी और सातवें चरण में होने वाले वाराणसी व महराजगंज लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में उतरे कांग्रेस प्रत्याशियों के सामने चुनौतियों का पहाड़ है।

वाराणसी में कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय के सामने खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं तो अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के सामने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और महराजगंज में कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र चौधरी के सामने केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी प्रत्याशी हैं।

वाराणसी सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय प्रदेश अध्यक्ष हैं। वह 2019 के चुनाव में भी वाराणसी से ही कांग्रेस के उम्मीदवार थे और तीसरे स्थान पर थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस चुनाव में सपा की शालिनी यादव को 4.79 लाख से अधिक मतों से हराया था। इसी तरह 2014 के चुनाव में भी अजय राय कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में तीसरे स्थान पर थे। तब वाराणसी से पहली बार चुनाव में उतरे नरेंद्र मोदी ने आप के अरविंद केजरीवाल को 3.71 लाख से अधिक मतों से हराया था। इससे पहले 2009 का चुनाव भाजपा के दिग्गज नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने जीता था।

अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा क्षेत्र से अपने लंबे जुड़ाव की बदौलत चुनाव तो पूरे उत्साह से लड़ रहे हैं लेकिन उनके सामने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का चक्रव्यूह भेदने की चुनौती है। स्मृति पिछले चुनाव में कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष और अमेठी से ही तीन बार सांसद रहे राहुल गांधी को परास्त कर चुकी हैं।

महराजगंज से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र चौधरी के सामने भी केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी मैदान में हैं। पंकज छह बार इसी क्षेत्र से सांसद रहे हैं, जबकि वीरेन्द्र फरेंदा सीट से 2022 में पहली बार विधायक चुने गए हैं।

## मायावती की आज लखनऊ में सभा

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती सोमवार को लखनऊ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। आकाश आनंद को 28 अप्रैल में लखनऊ में चुनावी सभा करनी थी, लेकिन सीतापुर में सभा के दौरान एफआईआर होने के बाद उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।

मायावती की सभा दोपहर में सरोजनी नगर तहसील तहत किसान पथ के ओमैक्स सिटी रोड पीजीआई के नजदीक कल्ली पश्चिम मैदान में होगी।

एडीआर रिपोर्ट | यूपी में पांचवें चरण के 14 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 144 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का हुआ विश्लेषण

# भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के पास सबसे अधिक संपत्ति

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने यूपी में पांचवें चरण के14 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 144 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण करते हुए अपनी रिपोर्ट जारी की है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, इस चरण के प्रत्याशियों में झांसी से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के पास सबसे अधिक 212 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं आपराधिक मामलों में लखनऊ से सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा नंबर एक पर हैं, इन पर 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुख्य संयोजक यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह तथा राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने पांचवें चरण के प्रत्याशियों के शपथपत्र के विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट जारी की है। इस चरण की सीटें लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा से 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**20 फीसदी उम्मीदवारों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले :** आपराधिक मामलों में 144 में से 29 (20%) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं जबकि 18% उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए है। अपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों का दलवार विवरण देखा जाए तो बसपा के 14 में से 5 (36%), भाजपा के 14 में से 4 (29%), सपा के 10 में से 5 (50%), कांग्रेस के 4 में से 3 (75%) और अपना दल (कमेरावादी) के 4 में से 1 (25%) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर अपराधिक मामले घोषित किए हैं। बसपा के 29%, भाजपा के 21%, सपा के 40 %, कांग्रेस के 75% तथा अपना दल (कमेरावादी) के 25%, उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। लखनऊ से सपा के प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा पर 18 आपराधिक मामले दर्ज रहे हैं। दूसरे नंबर पर झांसी से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य पर 6 आपराधिक मामले तथा तीसरे नंबर पर कैसरगंज से सपा प्रत्याशी भगत राम पर एक आपराधिक मामला पंजीकृत है।

### 37 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति

पांचवें चरण के 144 में से 53 यानी 37% उम्मीदवार करोड़पति हैं। भाजपा के 14 में से 13 (93%), सपा के 10 में से 10 (100%), बसपा के 14 में से 10 (71%) तथा कांग्रेस के 4 में से 4 (100%) उम्मीदवार करोड़पति हैं। पांचवें चरण के उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 4.37 करोड़ रुपये की है। भाजपा के 14 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति करीब 28 करोड़, बसपा के 14 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 5 करोड़, सपा के 10 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति करीब 4 करोड़ तथा कांग्रेस के 4 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति करीब 9 करोड़ रुपये है।

# हम 365 दिन अपनी मां और भारत माता की पूजा करते हैं : प्रधानमंत्री

कोलकाता, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में बैरकपुर, हुगली, आरामबाग और हावड़ा में जनसभाएं की। हुगली में जनसभा के दौरान उनकी मां का चित्र बनाकर लाए दो लोगों को उन्होंने धन्यवाद भी दिया।

मोदी ने कहा कि यहां दो सज्जन इतने प्यार से मेरी मां (हीराबेन पटेल) का चित्र बनाकर लाए हैं। उनको बहुत-बहुत धन्यवाद...। पश्चिम की दुनिया आज मदर्स-डे मनाती है, लेकिन भारत में हम 365 दिन अपनी मां, मां दुर्गा, मां काली और भारत माता की पूजा करते हैं। मां का चित्र बनाकर लाए लोगों से मोदी ने कहा कि आप इस उपहार स्वरूप चित्र के पीछे अपना नाम-पता लिख दें, मैं आपको पत्र लिखने का जरूर प्रयास करूंगा। पहली तस्वीर में प्रधानमंत्री फर्श पर बैठे दिख रहे हैं। उनके हाथ अपनी मां की गोद में थे। दूसरी तस्वीर में मोदी और उनकी मां एक साथ बैठे हैं और उनकी मां का हाथ बेटे के कंधे पर है।

### बुजुर्ग महिला को खड़े देख हुए भावुक

पश्चिम बंगाल की एक जनसभा में एक बुजुर्ग महिला को खड़े होकर भाषण सुनते देख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थोड़े भावुक हो गए। उन्होंने उनके लिए कुर्सी की व्यवस्था कराई। बुजुर्ग महिला ने मोदी की ओर हाथ हिलाया, तो उन्होंने भी हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया।


पश्चिम बंगाल की एक जनसभा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बुजुर्ग महिला को खड़ी देख उसके लिए कुर्सी की व्यवस्था करने को कहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तुरंत महिला के लिए कुर्सी का इंतजाम किया। • वीडियो ग्रैब


हुगली जिले के चिनसुराह में रविवार को आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां का चित्र लेकर पहुंचा एक समर्थक। • प्रेट्र

## पटना में पीएम ने रोड शो किया

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। पटना ने रविवार को एक और इतिहास रचा। देश के किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार राजधानी की सड़कों पर रोड शो किया। रोड शो करीब एक घंटा चला। उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी रथ पर सवार थे। शाम 7.20 पर रोड शो भट्टाचार्या मोड़ से शुरू होकर उद्योग भवन तक गया।

रोड शो के दौरान पीएम-सीएम ने सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान पटना में उत्सवी माहौल दिखा। दो दर्जन से अधिक सामाजिक संगठनों की ओर से पीएम का अभिवादन किया गया। सोमवार को मोदी हाजीपुर, वैशाली और सारण में सभा को संबोधित करेंगे।

रायबरेली और गोंडा में विपक्ष पर गृहमंत्री ने बोला हमला, कहा- गांधी परिवार ने रायबरेली का विकास रोका

# राहुल पहले जवाब दें, फिर वोट मांगें : शाह

**निशाना**

रायबरेली/गोंडा, वरिष्ठ संवाददाता। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यूपी के रायबरेली और गोंडा की जनसभा में विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। रायबरेली में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि वह पहले रायबरेली की जनता को पांच सवालों का जवाब दें, इसके बाद वह वोट मांगे।

शाह ने कहा कि राहुल कह रहे हैं कि ट्रिपल तलाक का कानून खत्म करेंगे। यूसीसी की जगह मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू करेंगे। वह सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते हैं। राम मंदिर में दर्शन करने क्यों नहीं गए। वह जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने का विरोध करते हैं। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि राहुल से पहले इन पांच वालों का जवाब लीजिए।

रायबरेली के जीजीआईसी ग्राउंड में हुई सभा में गृह मंत्री शाह ने कहा कि गांधी परिवार ने रायबरेली के विकास को रोक दिया है। एक बार मौका दीजिए, तो इसे नंबर-एक जिला बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार झूठ बोलता है। वे बोले, पूरे देश में विकास की गंगा बह रही है। रायबरेली इससे अछूता रहा। गांधी परिवार ने विकास को रोक दिया है। यहां बाड़ लगा दी है। इस बाड़ को हटा दीजिए, हम रायबरेली में विकास की गंगा बहा देंगे। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोल रही है। तेलंगाना में कहा था कि सरकार आने पर हर महिला को 15 हजार देंगे, लेकिन 1500 रुपये नहीं दिए। कांग्रेस ने तेलंगाना-कर्नाटक में मुसलमानों को आरक्षण दिया। यह आरक्षण एसटी-एससी और ओबीसी का कोटा कम कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दस साल से हम सत्ता में हैं। इन दस सालों में आरक्षण खत्म करने की बात नहीं हुई। एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे।

**पीओके हमारा है, हमारा रहेगा :** अमित शाह ने कहा कि आप लोगों को पता है कि सांसद निधि का पैसा कहां लगाया गया। उन्होंने कहा कि सांसद निधि का 70 प्रतिशत पैसा अल्पसंख्यकों को दिया गया। यह है कांग्रेस की नीति। उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर ने कहा कि पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए। उसके पास एटम बम है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है। पीओके हमारा है और हमारा रहेगा।

**दो शहजादे घूम रहे हैं, पर प्राण-प्रतिष्ठा में नहीं आए :** गोंडा के टामसन इंटर कॉलेज में हुई चुनावी सभा में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले और राम मंदिर बनवाने वालों के बीच है। यह चुनाव पाकिस्तान की हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने का है, आतंकवादियों की गोली का जवाब गोले से देने का जवाब है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण को विपक्ष ने लटकाया। कार सेवकों पर गोली चलाने वाले को इस चुनाव में जवाब देना है। शाह ने कहा कि अखिलेश और राहुल (दो शहजादे) घूम रहे हैं। दोनों राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में आमंत्रण मिलने के बाद भी नहीं आए।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रायबरेली में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। • प्रेट्र

### काशी का स्वभाव नहीं बदलना चाहिए

वाराणसी, विशेष संवाददाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि काशी का अपना एक रंग है, जो सदियों से रहा है। यही इसकी विरासत और संस्कृति है। इसी से काशी की पहचान भी है। काशी का स्वाभाव कभी नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने ये बातें भाजपा के मीडिया सेंटर के उद्घाटन पर पत्रकारों से अनौपचारिक मुलाकात में कहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारियों का जायजा लेने आए अमित शाह ने दो दिनी काशी दौरा संपन्न कर रवाना होने से पहले छावनी क्षेत्र स्थित होटल डी-पेरिस में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। गृह मंत्री ने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। गृहमंत्री सोमवार को गंगा आरती में शामिल होने और प्रधानमंत्री के रोड शो की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को काशी पहुंचे थे। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र राय ने कहा कि मीडिया सेंटर से पूरे पूर्वांचल की लोकसभा सीटों की चुनावी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। यह संवाद का बड़ा केंद्र है, जहां एक वाररूम बनाया गया है, जो इंटरनेट, कम्प्यूटर आदि आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

## मोदी का वाराणसी में रोड शो आज

वाराणसी, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार लोकसभा चुनाव में दावेदारी के लिए सोमवार को काशी पहुंच रहे हैं। नामांकन के अंतिम दिन 14 मई को वह पर्चा दाखिल करेंगे। इसके पूर्व 13 मई को बीएचयू सिंहद्वार से विश्वनाथ धाम तक करीब छह किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे।

नामांकन से पूर्व मोदी सुबह गंगा स्नान करेंगे। इसके बाद वह कालभैरव मंदिर जाएंगे। प्रधानमंत्री 2014, 2019 के बाद एक बार फिर 2024 में वाराणसी सीट से नामांकन करेंगे। मोदी के नामांकन के दौरान योगी आदित्यनाथ सहित 12 राज्यों के सीएम मौजूद रहेंगे।

## 'संविधान पर भ्रम फैला रहा विपक्ष'

लखनऊ, विशेष संवाददाता। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को प्रेसवार्ता में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा संविधान का सम्मान किया है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन आरक्षण और संविधान को लेकर भ्रम फैला रहे हैं, जबकि सबसे बड़े संविधान के विरोधी वही हैं।

## सियासत 30s

### अधीर रंजन पर लगाया वसूली का आरोप

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक वीडियो का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पर राजनीतिक जबरन वसूली करने का आरोप रविवार को लगाया। वीडियो में अधीर कथित तौर पर यह कहते नजर आ रहे हैं कि अगर अडानी और अंबानी उन्हें पैसे भेजते हैं तो वह उन पर हमला बंद करने पर विचार कर सकते हैं। मजाकिया लहजे में हालांकि, वह कहते हैं कि वे (अंबानी-अडानी) ऐसा करेंगे नहीं।

### बहस का निमंत्रण स्वीकार नहीं कर पाए : रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी के साथ बहस का निमंत्रण स्वीकार करने की अभी तक हिम्मत नहीं जुटाई है।' न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मदन बी लोकुर, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अजीत पी शाह और एन राम ने पिछले सप्ताह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर लोकसभा चुनाव के प्रमुख मुद्दों पर बहस के लिए एक मंच पर आमंत्रित किया था।

### जल जीवन मिशन को लेकर सवाल उठाया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल में चार चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को सवाल उठाया कि हुगली में 40 प्रतिशत घरों में 'जल जीवन मिशन' क्यों विफल रहा? कांग्रेस महासचिव रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में गंगा की सफाई पर भी सवाल उठाए और केंद्र सरकार पर 7,000 करोड़ रुपये की राशन निधि रोकने का आरोप लगाया।

### पटोले ने आदिवासियों का अपमान किया: भाजपा

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले पर आदिवासी समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस हमेशा आदिवासियों का अपमान करती है। इसलिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या में राममंदिर दर्शन के बाद पटोले ने आपत्तिजनक टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मु द्वारा पूजा-अर्चना करने के कुछ दिनों बाद पटोले ने कहा कि राम मंदिर को गंगाजल से धोया जाना चाहिए। उनके मुताबिक, यह विपक्षी दल की गंदी मानसिकता को दर्शाता है।

## कांग्रेस को कड़ी मेहनत करनी चाहिए : अनुराग

हमीरपुर, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें (कांग्रेस को) कड़ी मेहनत करनी चाहिए, क्योंकि देश को संसदीय लोकतंत्र में एक मजबूत विपक्ष चाहिए।

भाजपा नेता ने प्रियंका गांधी वाड्रा पर लोकसभा चुनाव न लड़ने को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्हें चुनावी शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में महिलाओं के लिए लाए 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल सकता है। ठाकुर ने एक साक्षात्कार में प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा पर कांग्रेस का टिकट हासिल करने में नाकाम रहने को लेकर तंज भी कसा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गांधी परिवार के सदस्यों का सक्रिय राजनीति में स्वागत है।


केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा पर भी तंज कसा

## केंद्र का ध्यान जनता पर नहीं:प्रियंका

रायबरेली, वरिष्ठ संवाददाता। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि आज की राजनीति पूरी तरह से बदल चुकी है। आज जनता की समस्याओं से देश के मुखिया का कोई लेना-देना नहीं है। प्रधानमंत्री हमारे देश के मुखिया हैं। मुखिया का ध्यान न जाने किस तरफ रहता है। आपकी तरफ होता ही नहीं है। उन्हें सजे हुए मंच, पंडाल व गाजे-बाजे खूब पसंद हैं। उन्हें गरीब और गरीबों की समस्याएं दिखाई नहीं पड़ती हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के कठवारा में नुक्कड़ सभा में कहा कि 20 सालों से मेरी माताजी आपकी सांसद रही हैं। उसके पहले इंदिरा जी सांसद रहीं। हमारे परिवार के कई लोग इस धरती से जुड़े रहे और आपकी सेवा करते रहे। हमने हमेशा अच्छे काम पर ध्यान दिया। यहां की परंपरा रही है कि आपकी बातों को सुनकर व आपकी समस्याओं को जानकर कार्य किया जाए।


प्रियंका गांधी ने रविवार को रायबरेली में जनसभा को संबोधित किया। • प्रेट्र

### रायबरेली में यूट्यूबर की पिटाई पर भाजपा को घेरा

भाजपा की जनसभा में यूट्यूबर की पिटाई किए जाने का मामला तूल पकड़ गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। रायबरेली में गृहमंत्री अमित शाह की सभा में यूट्यूबर राघव त्रिवेदी महिलाओं की बाइट ले रहे थे। आरोप है कि इससे नाराज भाजपाइयों ने उसे पीट दिया।

## जाति जनगणना से देश का एक्स-रे होगा : राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी जाति आधारित जनगणना के जरिये देश का एक्स-रे करेगी। उन्होंने कहा कि जब भाजपा उसे टेम्पो वाले अरबपतियों से मिले नोटों को गिन रही है, तब उनकी पार्टी समानता सुनिश्चित करने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रधानमंत्री मोदी की उन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस को अडानी और अंबानी से टेम्पो में भरकर नकदी प्राप्त हो रही है। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम जाति आधारित जनगणना के माध्यम से देश का एक्स-रे करेंगे और हर वर्ग के लिए समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे।


अडानी-अंबानी के बयान को लेकर पीएम को घेरा

## 'भाजपा सत्ता में लौटी तो दलित गुलाम होंगे'

धुले। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को लोगों से पार्टी के लिए वोट करने की अपील की। साथ ही दावा किया कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल का मतलब होगा गरीबों, दलितों और आदिवासियों के साथ गुलामों की तरह व्यवहार होगा।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र के धुले निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी को चुनने की अपील की। कांग्रेस ने धुले लोकसभा सीट से पूर्व विधायक शोभा बच्चव को मैदान में उतारा है।

## 'लालू ने परिवार, हमने बिहार को बढ़ाया'

सारण/गोपालगंज, संवाददाता। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनाव तक दस लाख युवाओं को रोजगार देंगे। 94 लाख गरीब व दलित परिवारों को दो-दो लाख रुपए की सहायता देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। परिवारवाद पर निशाना साधते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि लालू प्रसाद ने परिवार को बढ़ाया और हमने बिहार को बढ़ाया। लालू अपनी पत्नी व बेटे-बेटियों को राजनीति में ले आए। हमलोगों का पूरा बिहार ही परिवार है।

मुख्यमंत्री रविवार को सारण के दरियापुर और गोपालगंज के बैकुंठपुर में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लालू ने मुस्लिमों को ठगा और हमने विकास और सम्मान से माय समीकरण को ध्वस्त किया। उनका विकास किया। कब्रिस्तानों की घेराबंदी करायी।

नीतीश ने कहा, 2005 में मुझे जिम्मेवारी मिली। तब से विकास के लिए काम कर रहा हूं। 2005 के पहले न सड़क थी, न स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक थी। शाम को सड़क पर चलना मुश्किल था। मैंने सत्ता में आने के बाद डर और भय को खत्म किया। आज हर जगह सड़क है। स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक की तो सभी अस्पतालों में इलाज हो रहा है। महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। बेटा-बेटियों को साइकिल, हर पंचायत में प्लस टू स्कूल की व्यवस्था कर शिक्षा की व्यवस्था की। घर-घर में बिजली, आने-जाने का रास्ता, पढ़ने-पढ़ाने की व्यवस्था, रोजगार और नौकरी देने सहित विकास काम किया गया। गोपालगंज जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज, थावे में महिला आईटीआई, सभी अनुमंडल में आईटीआई कॉलेज खोले गए हैं। थावे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना की जा रही है।


नीतीश कुमार बोले, दस लाख युवाओं को रोजगार देंगे

## रोड शो से राज्य को क्या फायदा : राजद

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना में रोड शो को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोड क्या, गली-गली घूम नुक्कड़ नाटक करें, इससे बिहार को क्या फायदा होगा? रविवार की सुबह जारी बयान में लालू प्रसाद ने प्रधानमंत्री द्वारा किए गए वादों की याद दिलाई।

उन्होंने कहा कि बोला था ना 2014 में चीनी मिल खुलवाकर इसी मिल की बनी चीनी की चाय पीऊंगा। 10 बरस हो गए? क्या हुआ तेरा वादा? जो प्रधानमंत्री अपने वादे के अनुसार प्रदेश में एक छोटी सी चीनी मिल नहीं खुलवा सकता हो? वह क्या करेगा। लालू प्रसाद ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री विशेष राज्य के दर्जे से लेकर 10 वर्षों में अपने बड़े-बड़े आसमानी वादों में से एक रत्ती भर वादे को भी पूरा न कर सके। उन्होंने कहा कि बिहारी बुड़बक नहीं है। 100 वर्ष पुरानी एवं ऐतिहासिक पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय यूनिवर्सिटी का दर्जा नहीं देने और 2019 में 40 में 39 सांसद बिहार से मिलने के बावजूद गुजरात में निवेश बढ़ाने को लेकर भी


लालू प्रसाद ने प्रधानमंत्री द्वारा किए गए वादों की याद दिलाई

### पीए ने नहीं बताया, दस साल में क्या दिया:तेजस्वी

पटना। बिहार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के पटना में रोड शो पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कहा कि मैं हाथ जोड़ कर विनम्रतापूर्वक प्रधानमंत्री मोदी जी से पूछना चाहता हूं कि आप इस चुनाव में 8-10 बार बिहार आ चुके हैं, लेकिन एक बार भी आपने यह नहीं बताया कि 10 वर्षों में आपने बिहार को क्या दिया?

उन्होंने सवाल पूछा। लालू प्रसाद ने दावा किया कि तीन चरण में बिहार ने सड़क पर ला ही दिया, बाकी बचे चार चरणों में गली-गली में चक्कर लगवा देगा।

## राज्यपाल के खिलाफ आरोपों पर केंद्र चुप क्यों : ममता

अमदंगा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर संदेशखाली के बारे में लगातार झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। रविवार को ममता ने सवाल किया कि वह राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। उनसे इस्तीफा देने के लिए क्यों नहीं कहा जा रहा है।

उत्तर 24 परगना के अमदंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि संदेशखालि के बारे में भाजपा की साजिश उजागर हो गई है। अमदंगा बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। बनर्जी ने एक वीडियो का जिक्र करते हुए कहा, प्रधानमंत्री अभी भी संदेशखाली के बारे में सच नहीं बोल रहे हैं, क्योंकि भाजपा की साजिश अब उजागर हो गई है।


पश्चिम बंगाल की सीएम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा

**चौथा चरण** | चुनाव पर निगरानी के लिए 364 ऑब्जर्वर और 4,661 उड़नदस्ते तैनात किए गए, चार हजार से अधिक स्टेटिक सर्विलेंस टीम भी चुनाव क्षेत्र में मौजूद रहेंगी

# 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए सोमवार को होने वाले मतदान में मतदाता चुनाव मैदान में उतरे 1717 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। इसमें कई दिग्गज भी शामिल हैं।

चौथे चरण में आंध्र प्रदेश में 454, बिहार में 55, जम्मू एवं कश्मीर में 24, झारखंड में 45, मध्य प्रदेश में 74, महाराष्ट्र में 298, ओडिशा में 37, तेलंगाना में 525, उत्तर प्रदेश में 130 और पश्चिम बंगाल में 75 उम्मीदवार हैं।

**मतदान के लिए व्यापक तैयारी :** इस चरण के दौरान 17.7 करोड़ मतदाता एक लाख 92 हजार मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस काम में 19 लाख मतदान कर्मचारी लगाए गए हैं। कुल मतदाताओं में से 8.97 करोड़ पुरुष और 8.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। चुनाव पर निगरानी के लिए 364 ऑब्जर्वर और 4,661 उड़नदस्ते हैं। इनके अलावा 4,438 स्टेटिक सर्विलेंस टीम भी चुनाव क्षेत्र में होंगी।

दस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन चुनाव क्षेत्रों में 1016 अंतरराज्यीय सीमा और 121अंतरराष्ट्रीय सीमा चेक पोस्ट हैं। चौथे चरण में तीन राज्यों की दुर्गम जगहों पर पोलिंग पार्टी और सुरक्षा बलों को लाने के जाने के लिए हेलीकॉप्टरों की 122 उड़ानें भरी जा रही हैं। आंध्रप्रदेश में दो झारखंड में 108 और ओडिशा में 12 उड़ानें भरी जा रही हैं।

**ओडिशा-आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी :** चौथे फेज में ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भी वोटिंग होगी। ओडिशा में 147 सीटों में से 28 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा, जबकि आंध्र प्रदेश की सभी 175 विधानसभा सीटों के लिए सिर्फ एक फेज में ही वोट डाले जाएंगे।

ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद), भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई (एम) प्रमुख पार्टियां हैं। राज्य में अभी नवीन पटनायक के नेतृत्व में बीजद की सरकार है। वे 5 मार्च 2000 से लगातार पांच बार से मुख्यमंत्री हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजद ने 147 में से 113 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा को 23, कांग्रेस को 9, सीपीआई (एम) और निर्दलीय को 1-1 सीटें मिली थीं।

**ओडिशा में चार चरणों में डाले जाएंगे वोट :** ओडिशा विधानसभा चुनाव कुल चार चरणों में चुनाव होंगे। 13 मई को राज्य में चुनाव का पहला फेज है। इसके बाद 20 मई को 35 सीटों, 25 मई को 42 सीटों और 1 जून को 42 सीटों पर चुनाव होंगे। उधर, आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में युवजन श्रमिका रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की सरकार है। राज्य में वाईएसआरसीपी के अलावा कांग्रेस, तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), जनसेना पार्टी (जेसीपी) और भाजपा प्रमुख पार्टियां है। पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी, अभिनेता पवन कल्याण की जेसीपी और भाजपा एनडीए के तहत एकसाथ चुनाव लड़ रही हैं। कुल 175 सीटों में से टीडीपी 144, जन सेना पार्टी 21 और भाजपा 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

**खाता नहीं खोल पाई थी भाजपा और कांग्रेस :** वाईएसआरसीपी और कांग्रेस ने सभी 175 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। पिछले चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 151, टीडीपी ने 23 सीटें और जनसेना ने 1 सीट जीती थी। भाजपा और कांग्रेस राज्य में अपना खाता भी नहीं खोल पाई थी।




## जून में देश को नया पीएम मिलेगा:थरूर

मुंबई। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के प्रधानमंत्री की उम्र संबंधी टिप्पणी पर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि सितंबर 2025 तक इंतजार करने की जरूरत नहीं है, जून 2024 में ही देश का प्रधानमंत्री बदल जाएगा।

थरूर ने रविवार को कहा कि केजरीवाल का उम्र संबंधी विरोधाभास को उजागर करना सही है। उन्होंने मतगणना के दिन का हवाला देते हुए दावा किया कि सितंबर 2025 तक इंतजार करने की कोई जरूरत नहीं है, जून 2024 में ही प्रधानमंत्री का बदल जाएगा। उन्होंने कहा, हमने गृह मंत्री के दो बयान सुने हैं। पहले में वे कह रहे हैं कि पीएम मोदी इस बात पर जोर दे रहे हैं कि हर किसी को 75 साल की उम्र में पद छोड़ देना चाहिए, फिर अगले ही दिन उनको यह कहते हुए देखा गया कि मोदी अगला कार्यकाल भी पूरा करेंगे।

# एआई की दुनिया

कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नित नई होती दुनिया पर सबकी नजर स्वाभाविक और सुखद है। इंटरनेट पर अब लोगों के लिए केवल सर्च इंजन नहीं, बल्कि एआई से लैस बेहतर सर्च इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित होने वाली है। इंटरनेट की दुनिया में यह सबसे बड़ी खबर है कि ओपनएआई एक नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सर्च इंजन की घोषणा के लिए तैयार है। यह घोषणा किसी भी समय हो सकती है और इसके साथ ही गूगल की बादशाहत को भी चुनौती मिलने लगेगी। अभी गूगल का सर्च इंजन हर कंप्यूटर और हरेक स्मार्टफोन में मौजूद है, पर जब ओपनएआई का कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाला सर्च इंजन सक्रिय हो जाएगा, तो स्थितियां बदलेंगी। वैसे पर्प्लेक्सिटी नामक एक सर्च इंजन भी लगातार विकसित हो रहा है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस है, लेकिन ओपनएआई का सर्च इंजन विशेष होगा। यह गौर करने की बात है कि ओपनएआई ने बड़ी संख्या में गूगल के विशेषज्ञ प्रोग्रामरों को अपने यहां बहाल किया है, जिससे यह संभावना बढ़ी है कि ओपनएआई दुनिया के सामने कुछ बहुत खास पेश करने वाला है।

माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अभी सबसे आगे है। चैटजीपीटी भी ओपनएआई का अब तक का सफलतम उत्पाद है। अब नए सर्च इंजन के आने से ओपनएआई के चैटजीपीटी की क्षमताओं में वृद्धि की उम्मीद है, जिससे यह वेब से वास्तविक समय में या तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकेगा और अपनी प्रतिक्रियाओं में अनेक उद्धरण शामिल कर सकेगा। यह अक्सर कहा जा रहा है कि चैटजीपीटी काफी मशीनी या एकरूपता वाले पाठ पेश कर रहा है, जबकि बाजार में ज्यादा विविधता वाले ऐसे पाठों की जरूरत है, जो मशीनी नहीं, बल्कि ज्यादा मानवीय लगें। एक ही तरह के बनावटी, घिसे-पिटे जवाबों या पाठों की शिकायतें बार-बार आ रही हैं। गूगल ही नहीं, बल्कि माइक्रोसॉफ्ट की भी कोशिश है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में त्रुटिहीन या कम त्रुटियों वाले उत्पाद पेश करे। हालांकि, ऐसा नहीं है कि पहली बार ओपनएआई का जुड़ाव किसी सर्च इंजन से होने जा रहा है। इसके पहले ओपनएआई ने माइक्रोसॉफ्ट के ही सर्च इंजन बिंज के साथ मिलकर काम किया है, जिसका लाभ चुनिंदा या प्रीमियम उपयोगकर्ताओं को ही मिला है।

**ओपनएआई एक नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित सर्च इंजन की घोषणा के लिए तैयार है और इसके साथ ही गूगल की बादशाहत को चुनौती मिलने लगेगी।**

इंटरनेट की दुनिया में लोगों को नए सर्च इंजन का इंतजार तो है, पर ओपनएआई के ही एक शोधकर्ता द्वारा बनाए गए पर्प्लेक्सिटी की भी लोकप्रियता बढ़ी है और इस कंपनी का बाजार भाव एक अरब डॉलर से ज्यादा हो चुका है। बहरहाल, अभी जो एआई सक्षम सर्च इंजन उपलब्ध हैं, उनकी सेवाएं पाठ और छवि तक ही सीमित हैं, इसलिए बाजार में एक ऐसे सर्च इंजन की जरूरत है, जो व्यापक रूप से किसी भी खोज को ज्यादा बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से आसान बनाए। गूगल पर सर्च की अभी जो विविध सुविधाएं हैं, वैसा ही अगर ओपनएआई ने पेश किया, तो एक नई क्रांति आ जाएगी। हालांकि, गूगल भी शांत नहीं है, आने वाले दिनों में गूगल के सर्च इंजन में ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेश हो जाए, तो दुनिया में इंटरनेट सेवा एक अलग ही स्तर पर पहुंच जाएगी। लोग तो मानो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इंतजार में बैठे हैं। मिसाल के लिए, चैटजीपीटी की शुरुआत साल 2022 के अंत में हुई थी और अब तक उसके दस करोड़ मासिक उपयोक्ता हो चुके हैं। कुछ दिन और सब्र कीजिए, इंटरनेट की दुनिया में एक नई क्रांति के कदमों की आहट महसूस होने लगी है।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 13 मई, 1949

## राष्ट्रीयता की जीत

विधान परिषद् की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति ने केन्द्रीय और प्रान्तीय धारा सभाओं में अल्पसंख्यक जातियों के प्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व देने के बारे में जो निर्णय किया है, उसे हम वास्तव में राष्ट्रीयता की जीत कह सकते हैं। इससे स्वाधीनता और पराधीनता का अन्तर भी आसानी से समझ में आ जाता है। अंग्रेजी राज्य के जमाने में अल्पसंख्यकों की समस्या इतनी जटिल जान पड़ती थी कि उसका हल प्रायः असंभव नजर आता था। विदेशी शासनकर्ताओं ने अल्पसंख्यकों के भय और सन्देहों को खूब उकसाया और विभिन्न जातियों में एक-दूसरे के प्रति इतना अविश्वास पैदा कर दिया कि प्रत्येक अल्पसंख्यक जाति अपनी डेढ़ चावल की खिचड़ी अलग से पकाने लगी और उनकी ओर से धर्म और जाति के नाम पर ऐसी अजीब मांगें पेश की जाने लगीं कि जिनको देखकर हैरानी और परेशानी होती थी। यदि उन मांगों को पूरा किया जाता, तो इस देश में वास्तविक लोकतन्त्र की स्थापना असंभव होता। यह स्थिति पैदा करने में विदेशी राज्यकर्ताओं का अपना विशेष स्वार्थ निहित था। वे इस देश में अपना वर्चस्व स्थायी बनाना चाहते थे और यह तभी संभव था जबकि इस देश के लोग जाति और धर्म के नाम पर विभाजित और विभक्त रहें।... देश का विभाजन उसी दुर्नीति का परिणाम था।

किन्तु जब से भारत स्वतन्त्र हुआ है, अल्पसंख्यकों की समस्या सरल से सरलतर होती गई है। परिस्थितियों में बड़ी तेजी से अन्तर पड़ता जा रहा है। अल्पसंख्यकों में यह विश्वास घर करता जा रहा है कि गैर-मजहबी राष्ट्रीयता के आधार पर खड़ी सरकार अल्पसंख्यकों के प्रति कोई अन्याय नहीं होने दे सकती। विधान परिषद् की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति ने अल्पसंख्यकों के बारे में सन् १९४७ में एक निर्णय किया था। यह राष्ट्रीयता और साम्प्रदायिकता के बीच एक समझौता ही था। उसके अनुसार केन्द्रीय और प्रान्तीय धारा सभाओं में अल्पसंख्यकों के लिए स्थान सुनिश्चित कर दिये गये थे और उन्हें स्वतन्त्रता दी गई थी कि वे चाहें तो सामान्य स्थानों पर भी उम्मीदवार खड़े हो सकते हैं... किन्तु इसी अर्से में लोकमत में और स्वयं अल्पसंख्यकों की राय में इतना परिवर्तन हो गया कि अल्पसंख्यक सलाहकार समिति ने अल्पसंख्यकों के लिए स्थान सुरक्षित करने की रियायत को रद्द करने का निर्णय किया है।

# डिजिटल लेन-देन पर न लगे दाग




**रिजर्व बैंक की पिछली सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में डिजिटल फ्रॉड के 6,659 मामले सामने आए, जिनमें करीब 276 करोड़ रुपये की ठगी हुई।**

आलोक जोशी | वरिष्ठ पत्रकार



ते*री गठरी में लागा चोर मुसाफिर जाग जरा*... कबीर दास ने जब यह कहा, तो इसका अर्थ बहुत गूढ़ था। मगर सामान्य भाषा में इसका अर्थ आसान है- सावधान न रहेंगे, तो कोई आपकी गठरी या जेब साफ कर सकता है। आज चूंकि आप अमूमन अपना माल-मत्ता मोबाइल फोन में ही लेकर चलते हैं, इसलिए चोरों के लिए भी आसान हो गया है कि बिना हाथ लगाए, यानी कैशलेस अंदाज में ही वे इसे साफ कर डालें। 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' वाली कहावत अब सड़क पर ही नहीं, डिजिटल दुनिया में भी चरितार्थ हो रही है। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि डिजिटल लेन-देन खतरनाक है या इससे किनारा कर लेना चाहिए। मगर इतना साफ है कि लेन-देन जितना आसान होता जा रहा है, अपने पैसे और उससे जुड़ी जानकारी की हिफाजत उतनी ही जरूरी और मुश्किल होती जा रही है।

समझने में आसानी होगी यह जानकर कि डिजिटल लेन-देन की दुनिया में जालसाजी का आलम क्या है? ट्रांसयूनियन एक इंफॉर्मेशन और इनसाइट कंपनी है। वह दुनिया भर में डिजिटल और बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड के जरिये होने वाले लेन-देन को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी आंकड़े जुटाती है। दुनिया भर में लेन-देन के कारोबार में जालसाजी पर उसकी ताजा रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में जितना डिजिटल लेन-देन हुआ, उनमें से करीब पांच प्रतिशत पर जालसाजी का शक है। लेन-देन के संदिग्ध मामलों की गिनती इस साल पिछले वर्ष के मुकाबले 14 फीसदी बढ़ी है। जालसाजी की रफ्तार कितनी तेज है, इसका नमूना यह है कि 2019 से 2023 के बीच जहां कुल डिजिटल लेन-देन का काम 90 फीसदी बढ़ा, वहीं जालसाजी वाले या इसकी आशंका वाले लेन-देन में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

आपके क्रेडिट कार्ड का ब्योरा चुराकर या उसकी कॉपी बनाकर ठगी करने के किस्से अब भी बंद नहीं हुए हैं। इसी तरह, किसी न किसी बहाने से फोन पर आपका ब्योरा चुराने की कोशिशें भी लगातार जारी हैं। हाल तो यह है कि अगर अपने शहर से बाहर अचानक आपका फोन खो जाए और आप किसी दूसरे नंबर से अपने दोस्तों-परिचितों से मदद मांगने की कोशिश करें, तो ज्यादातर मामलों में उन्हें पहले शक होता है कि कोई जालसाज खेल तो नहीं कर रहा? आपके फेसबुक अकाउंट या वाट्सएप को हैक करके या उसका क्लोन बनाकर आपके नाम पर लोगों से पैसे मांगने वाली ठगी का कारोबार भी जोरों पर है।

भारत डिजिटल लेन-देन के मामले में दुनिया में अगली कतार में खड़े देशों में शामिल है। यूपीआई से लेन-देन की शुरुआत 2016 में हो गई थी, लेकिन खासकर नोटबंदी और कोरोना के बाद इसमें जबर्दस्त तेजी आई है। 2023 में भारत में यूपीआई के जरिये होने वाले लेन-देन की गिनती 117.6 अरब थी। यहां कुल मिलाकर 182 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। इसी साल जनवरी से दिसंबर के बीच यूपीआई के इस्तेमाल में 49 प्रतिशत का उछाल देखा गया और तेजी का यह सिलसिला थमा नहीं है। अनुमान है कि जल्द ही हर महीने 20 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन इस रास्ते होने लगेगा। इसमें क्रेडिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग या दूसरे चैनलों से होने वाला ऑनलाइन लेन-देन शामिल नहीं है। ऐसे में, डिजिटल चोरी या जालसाजी की आशंका भी बढ़ती जा रही है।

रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में डिजिटल फ्रॉड के 6,659 मामले सामने आए, जिनमें 276 करोड़ रुपये की ठगी हुई। जबकि, उससे पिछले साल 3,596 मामलों में 155 करोड़ रुपये की जालसाजी की खबर मिली थी। ध्यान रहे कि ये वही मामले हैं, जिनकी शिकायत रिजर्व बैंक तक पहुंची है। बहुत से लोग रकम गंवाने के बाद भी उसकी शिकायत करने की जहमत नहीं उठाते हैं। कई मामलों में तो लोगों को ठगी की जानकारी भी नहीं हो पाती।

मगर जब ऐसी जालसाजी किसी कंपनी के साथ होती है, तो उसे वह ठगी की रकम से कहीं ज्यादा महंगी पड़ती है। डिजिटल जालसाजी रोकने के कारोबार की दिग्गज कंपनी लेक्सिसनेक्सिस रिस्क सॉल्यूशंस ने 'ट्रू कॉस्ट ऑफ फ्रॉड' नाम की रिपोर्ट निकाली है, जिसमें एशिया प्रशांत क्षेत्र की तमाम कंपनियों का सर्वे करके यह हिसाब जोड़ा गया है कि जालसाजी जितनी रकम की होती है, उसके मुकाबले कंपनियों को इससे कितने की चोट पड़ती है? इसके मुताबिक, अगर कहीं एक रुपये की जालसाजी होती है, तो उसके ऊपर होने वाला कुल खर्च करीब चार गुना हो जाता है। इसमें डूबी हुई रकम के अलावा उसकी भरपायी के लिए होने वाली मेहनत, कानूनी कार्रवाई, कंपनी की साख का नुकसान और इसके साथ जुड़े छोटे-बड़े खर्च शामिल होते हैं।

आज ठगी के एक से एक नायाब तरीके सामने आ रहे हैं। ई-मेल या वाट्सएप पर लिंक भेजकर फिशिंग। कोई इनाम जीतने का लालच देकर ठगना। आपका बिजली कनेक्शन कट जाएगा, आपका कोई दोस्त या रिश्तेदार पुलिस थाने में है, आपका कोई पार्सल विदेश से आकर कस्टम में अटका है आदि धमकी देकर किसी तरह क्रेडिट कार्ड का ब्योरा हासिल करना। फोन पर बातों में उलझाकर ओटीपी हासिल करना- ये सब तो पहले से चल रहे थे, लेकिन अब ऑनलाइन गेम के नाम पर, शेयर बाजार में किसी बड़े एक्सपर्ट का चेहरा लगाकर उससे मुलाकात या उसकी सलाह के नाम पर, बड़े-बड़े व्यापारियों की तस्वीरों के साथ कोई खास कोर्स चलाने के नाम पर भी ठगी के नए जाल बिछाए जा रहे हैं। आगे और भी नए तरीके सामने आते जाएंगे।

आखिर इनसे बचें कैसे? यह चिंता सरकार को भी है, इसीलिए हाल में वित्त मंत्रालय ने देश की फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ इस मसले पर चर्चा की और ऐसी जालसाजी पर लगाम कसने की तैयारी शुरू कर दी है। बैंकों और लेन-देन के काम में लगी कंपनियों ने भी ऐसे इंतजाम किए हैं, ताकि आपकी इच्छा के बिना आपके खाते या कार्ड से पैसा निकालना संभव न हो। हालांकि, जब कहीं 'डाटा ब्रीच' की खबर आती है, तो सावधानी और बढ़ाने की जरूरत बढ़ जाती है। लिहाजा, सबसे जरूरी यही है कि अपने क्रेडिट कार्ड या बैंक खाते से जुड़ी हरेक जानकारी बेहद गोपनीय रखी जाए और जरा भी शक होने पर उसकी रिपोर्ट बैंक या पुलिस को की जाए। वहीं, सरकार को भी बाकी सब चीजों के साथ इतना इंतजाम जरूर करना चाहिए कि पूरे बाजार में हर दुकान जिस अंधाधुंध अंदाज में ग्राहकों के मोबाइल फोन नंबर व अन्य जानकारी जमा करने में लगी है, उस पर कम से कम लगाम लगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# उत्तराखंड के जलते जंगल और कृत्रिम बारिश की आस




वीरेंद्र कुमार पैन्यूली | पर्यावरण वैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता

उत्तराखंड के जंगलों के सुलगने का सिलसिला जारी है। दावानल इतना भयावह है कि सेना के हेलीकॉप्टरों की मदद से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। अब आग मुख्य राजमार्गों व सहायक मार्गों, खेतों, आवासों और गांवों को जोड़ने वाले पैदल मार्गों तक आ-जा रही है। पिछले पांच वर्षों में सबसे सूखा गुजरा अप्रैल माह ही था। फिर, चारधाम यात्रा भी शुरू हो गई है, जिसमें अभी ही 15 लाख से ज्यादा यात्रियों का पंजीकरण हो चुका है। पारंपरिक ग्रीष्मकालीन फायर सीजन अभी 40-50 दिन और चलेगा, जिसके बाद ही मानसून राज्य में पहुंचेगा। मगर जाड़ों में मौसमी बदलाव से वनाग्नि का चक्र फिर से शुरू हो जाएगा, जिसकी तस्दीक सुप्रीम कोर्ट में उत्तराखंड के उप-महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी के इस उद्धरण से भी होती है कि नवंबर, 2023 से अब तक तक 398 बार जंगल सुलगे हैं। इसी सुनवाई के दौरान में यह भी बताया गया कि राज्य सरकार क्लाउड सीडिंग, यानी कृत्रिम बारिश से वनाग्नि को काबू करने का विचार कर रही है, जिस पर अदालत ने कहा कि जंगल की आग बुझाने के लिए केवल कृत्रिम बारिश या बरसात पर भरोसा न किया जाए। यह बिल्कुल सही सीख थी कि हम बरसात के इंतजार में ही नहीं बैठे रह सकते हैं। वनाग्नि को रोकने के उपाय जल्द ही करने होंगे।

**उत्तराखंड की वनाग्नि को देखते हुए कृत्रिम बारिश का सुझाव उचित नहीं था। शीर्ष अदालत की सीख सही है कि हम इसे रोकने के उपाय करें।**

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया था कि उत्तराखंड की भयावह वनाग्नि की स्थिति पर वह तत्काल सुनवाई करे। 8 मई को उसी सुनवाई के दौरान कृत्रिम बारिश पर टिप्पणी आई, जिस पर राज्य सरकार को गंभीरता से अमल करना चाहिए। बताया जाता है कि जंगल में आग लगाने के अपराध में 350 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें 62 आरोपियों को नामजद किया गया है, किंतु 8 मई को सुप्रीम कोर्ट में जब याचिका सुनी जा रही थी, उस दिन भी उत्तराखंड में आग लगने की 15 बड़ी घटनाएं घटीं! इस दावानल से वन्य जीव अभयारण्य, संरक्षित दुर्लभ वानस्पतिक प्रजातियां, ग्लेशियर आदि सभी संकट में हैं। धुएं के कारण यहां दृश्यता कम हो गई है, जिसके कारण हवाई सेवाएं भी स्थगित की जा रही हैं। होटल की बुकिंग भी रद्द की जा रही हैं, यानी राज्य को पर्यावरणीय ही नहीं, आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि क्लाउड सीडिंग से बारिश ही नहीं कराई जाती, हिमपात भी कराया जा सकता है। विश्व में पहली बार 1946 में न्यूयॉर्क में कृत्रिम बारिश कराई गई थी। इसका जनक भी एक अमेरिकी रसायन वैज्ञानिक और मौसम वैज्ञानिक था। आज कई देश इस तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें चीन सबसे आगे है। ऑस्ट्रेलिया में भी इसका खासा उपयोग किया जाता है। इससे संघर्ष-काल में शत्रु क्षेत्रों में बाढ़ और सूखे की स्थितियां पैदा की जा सकती हैं। अपने देश में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक जैसे राज्यों में इसका उपयोग हुआ है। जलाशयों में पानी की कमी होने पर, जल भंडारण की संभावनाओं को बढ़ाने, स्मॉग-वायु प्रदूषण से निपटने और लैंडफिल्स की आग को रोकने के लिए इसके इस्तेमाल पर विचार होता रहा है। 2009 में तानसा झील में पानी की कमी से निपटने के लिए महाराष्ट्र ने इसी तकनीक का उपयोग किया था। माना जाता है कि क्लाउड सीडिंग का खर्च अब करीब एक लाख रुपये प्रति वर्ग किलोमीटर तक आ सकता है। आईआईटी, कानपुर के वैज्ञानिकों की इस पर विशेषज्ञता हासिल है।

जंगलों की आग अक्सर जन-सतर्कता और बरसात से ही रोकी जाती रही है। मगर दिक्कत यह है कि सरकारी अकर्मण्यता, पौधारोपण में अनियमितताएं, भ्रष्टाचार, आपराधिक तत्वों की जंगलों में उपस्थिति आदि कमियों को दूर करने की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता, जिसके कारण दावानल की भयावहता साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले राजीव दत्त यह भी बताते हैं कि उत्तराखंड सरकार को वनाग्नि पर दिशा-निर्देश देने की मांग करने वाली कई याचिकाएं वर्षों से शीर्ष अदालत में लंबित हैं। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा भी था कि वह सारी याचिकाओं को सुनेगा, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। अब नई तारीख 15 मई है, जिस दिन शीर्ष अदालत इस मामले को सुनेगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# मेरा पनीर किसने लिया

किसी कंपनी में प्रबंधक कुछ बदलाव लाना चाहते हैं, तो वे आपस में बैठकें करते हैं और एक नतीजे पर पहुंचते हैं। फिर मुट्ठी भर व्यवस्थापकों को लेकर यह योजना समझाई जाती है, लेकिन जमीन पर काम करने वाले लोग अलग होते हैं। उनको समझाया नहीं जाता कि यह बदलाव किसलिए लाना है, इसलिए वे अंदर से विरोध करते हैं और फिर कई बार योजनाएं असफल हो जाती हैं। बदलाव का फैसला ऊपर किया जाता है। उन्होंने उस पर गहरे सोच-विचार किया होता है, नए को अपनाने के लिए वह एक मंथन से गुजरे होंगे, बहुत से सवाल उठे होंगे, जिसके जवाब उन्होंने खोजे होंगे। मगर निचले स्तर तक यह बात एक आदेश की तरह पहुंचती है।

जैसे, एक अखबार के मालिक अपने दैनिक में ओशो के लेख छपवाना चाहते थे। सो उन्होंने एक लेखक से कहा कि आप अमुक उप-संपादक को लेख भेजना शुरू करें, वह छापेंगे। कुछ समय तक लेख छपा और बाद में बंद हो गया। लेखक बार-बार संपादकीय विभाग में पूछते कि बात क्या है? लेकिन सही जवाब नहीं मिलता। आखिरकार उन्होंने तंग आकर लिखना बंद कर दिया। बात यह थी कि वह पन्ना जिस उप-संपादक के पास था, वह ओशो को पसंद नहीं करता, पर मालिक से यह कहने की उसकी हिम्मत नहीं थी, सो वह मालिक को 'हां' कहता और पीछे लेखक से बदला ले लेता। यह चूहे वाली मानसिकता हुई। मालिक ने अपने तईं तो फैसला ले लिया, लेकिन संपादकीय विभाग से चर्चा करके नीचे के कर्मियों को नहीं समझाया। उप-संपादक के लिए वह पन्ना उसकी मिल्कियत थी, वह उससे छिन गई।

इसे ह्यूमन इंजीनियरिंग, यानी मन की अभियांत्रिकी कहते हैं। इसे देखते हुए अमेरिकी लेखक स्पेंसर जॉन्सन ने एक किताब लिखी है, *हू मूव्ड माई चीज* अर्थात, मेरा पनीर किसने हटाया? यह किताब बदलाव के विषय में है, जिसमें दो चूहों के प्रतीक को लेकर दिखाया गया है कि साधारण आदमी के मन में परिवर्तन का कितना विरोध होता है और उससे बचने के लिए वे कैसी-कैसी राजनीति खेलते हैं।

**अधिकारी संवेदनशील हो, तो वह देख लेगा कि लोगों की अपने काम से पकड़ हो जाती है और उसे छोड़ना उनको असुरक्षित लगता है। इस असुरक्षा के भाव से ही परिवर्तन का विरोध होता है।**

वस्तुतः काम दो तल पर होता है- एक शरीर के स्तर पर और दूसरा, मन के तल पर। अधिकारी संवेदनशील हो, तो वह देख लेगा कि लोगों की अपने काम से पकड़ हो जाती है और उसे छोड़ना उनको असुरक्षित लगता है। इस असुरक्षा के भाव से ही परिवर्तन का विरोध होता है। जैसे मशीन का छोटे से छोटा पुर्जा भी बेहद महत्वपूर्ण होता है, वैसे ही छोटे से छोटे कामदार को अपने साथ लेना जरूरी होता है। उन्हें यह भरोसा होना चाहिए कि यह बदलाव उनके हित में है, उनके खिलाफ नहीं। तभी पूरे संस्थान का काम सुचारू रूप से चलेगा!

अमृत साधना

**द्रौपदी मुर्मु** | राष्ट्रपति, भारत



**शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाए, उनके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करे। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता के प्रति जागरूकता लाना भी है।**

# कहानियों और किरदारों का कोलाज हीरामंडी

*हीरामंडी* एक ऐसी सीरीज है, जो उस चकाचौंध में आपसे एक ही चीज मांगती है और वह है धैर्य। अगर आप अधीर होकर, मन में पूर्वाग्रह लेकर बैठेंगे देखने, फिर तो कुछ भी अच्छा नहीं लगेगा। *हीरामंडी* में कई किरदार हैं और हर किरदार की एक कहानी है। इसको देखकर मुझे जो सबसे पहली बात समझ आई, वह यह कि चाहे तवायफों का जीवन हो या किसी अन्य पेशे से जुड़ा जीवन, सबकी अपनी दुश्वारियां हैं और सबकी अपनी चुनौतियां हैं।

*हीरामंडी* में मल्लिका जान (मनीषा कोइराला) ने रेहाना आपा (सोनाक्षी सिन्हा) का कत्ल कर दिया, क्योंकि रेहाना ही उस शाही महल की साहेब थी। कत्ल क्यों किया, कैसे किया, इसे सीरीज देखकर समझा जाना चाहिए। इस कत्ल के बाद मल्लिका जान ही बन गई साहेब और पूरी कहानी के केंद्र में कमोबेश वही रही। बावजूद इसके कहानी में केवल एक ही नायिका है, ऐसा बिल्कुल नहीं है। इसके समानांतर कई कहानी चल रही है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम व उस आंदोलन में तवायफों की भूमिका को भी रेखांकित करने का प्रयास ठीक-ठाक किया गया है। कई कहानी, हर कहानी में कई किरदार, हर किरदार का अपना अलग चल रहा जीवन, प्रेम, नफरत, राजनीति, सत्ता की लड़ाई, सब कुछ है *हीरामंडी* में। कहानी के भीतर कहानी, किरदार के भीतर कई किरदार और यह सब आपसे मांगता है केवल और केवल धैर्य।

हालांकि, एक-दो नहीं, बल्कि कई तरह की कमियां हैं इसमें। पहली, किरदार निभाने के लिए चुने गए कलाकार। कुछ चुनाव अच्छे हैं, तो कुछ औसत। भाषा को लेकर भी बहुत झोल है इसमें। 1930 के दशक में उर्दू खालिस रही होगी और जब उर्दू लाहौर की हो, तो क्या ही कहना। फिर, कोठों को संजय लीला भंसाली ने महल बना दिया है, हालांकि पहले एपिसोड को छोड़ दें, तो बाकी में कोठों की भव्यता में कमी लाई गई है। पुरुष किरदारों का अभिनय भी मुझे प्रभावी नहीं लगा। संभव है, स्त्री-केंद्रित सीरीज और विषय है, तो जान-बूझकर पुरुषों को 'फेडेड' रखा गया हो, कुछेक अपवाद हैं। रही बात सेट की, तो 'लार्जर दैन लाइफ' संजय लीला भंसाली का मोटो और यूएसपी, दोनों है। अपने किरदारों को भव्य दिखा देने में भी कौशल तो लगता ही है। हां, विषय का रिसर्च अच्छा है। बहरहाल, *हीरामंडी* देखते हुए मुझे *चमकीला* का एक डायलॉग बार-बार याद आ रहा था कि जब अशांति, हताशा और निराशा अपने चरम पर हो, तो लोगों में मनोरंजन की भूख और बढ़ने लगती है। *हीरामंडी* को उसके विषय के कारण एक बार जरूर देखा जाना चाहिए।

रोहिणी कुमारी, शिक्षाविद्

**अनुलोम-विलोम**

**हीरामंडी**




# भव्य सेट के अलावा कुछ खास नहीं इसमें

भंसाली साहब तो सेट और कॉस्ट्यूम्स दिखाने के लिए फिल्म बनाते हैं। कहानी बाद में ढूंढ़ी जाती है कि इस सेट पर कौन सी कहानी फिट बैठेगी? इस बार वेब सीरीज बना दी है। इतिहास से उन्हें ज्यादा सरोकार रहता नहीं है। भव्यता दिखाने के लिए ऐतिहासिक पात्र उठा लेते हैं, फिर अपनी मर्जी चलाते हैं। फिल्म इतिहास नहीं होती, यह मान लिया, मगर इतना भी कचरा नहीं किया जाता है फिल्म के नाम पर। जैसे, मस्तानी और काशी बाई को नचाना। उपन्यास उठाते हैं, तो उसमें पारो और चंद्रमुखी को नचा देते हैं। एक दर्शक के रूप में अखर तो जाता ही है।

ऐसा ही *हीरामंडी* देखते हुए महसूस हुआ। इतने करोड़ खर्च कर दिए सिर्फ भव्यता दिखाने में। तवायफों के ऊपर हमारे यहां इतनी सारी फिल्में बनी हैं। एक से बढ़कर एक। क्लासिक से लेकर मसाला तक, कि उनसे *हीरामंडी* की तुलना होनी ही है। हर दूसरे सीन में किसी न किसी फिल्म की झलक है इसमें। गीत तक उसी तरह फिल्माए गए हैं, *नजरिया की मारी* तो पूरा *पाकीजा* से उठा लिया। भले ही यह प्रसिद्ध ठुमरी हो, पर वही क्यों रखनी है डायरेक्टर साहब? एक नृत्य *जब प्यार किया तो डरना क्या* की तरह फिल्मा दिया गया। *पाकीजा* फिल्म में मीना कुमारी अपने प्रेमी राजकुमार की शादी पर मुजरा करती हैं, लहूलुहान होने तक। अंत में उनकी खाला आकर राजकुमार के चचा जान बने अशोक कुमार से सवाल करती हैं और राज खोलती हैं कि यह तुम्हारी बेटी है। हुबहू वही दृश्य रच दिया। रिचा चड्ढा का मुजरा, अध्ययन सुमन की शादी और अंत में मनीषा का खुलासा। कोई नया दृश्य नहीं लिखा जा सकता था क्या इस प्रेम और बेवफाई को दर्शाने के लिए? मुझे तो आखिरी एपिसोड बनावटी ज्यादा लगा। जैसे हारे को हरिनाम। माने अब कुछ न बचा, तो चलो क्रांति कर लें। सिर्फ बिब्बो जान का किरदार सही लगता है, जो शुरू से अंग्रेजों के विरुद्ध बगावती सुर रखती है। *हम देखेंगे* की नकल भी साफ दिखती है। रही बात अभिनय पक्ष की, तो जैसे इस पर ध्यान ही नहीं दिया गया है। जो जितना निभा जाए, ठीक है।

*हीरामंडी* की कहानी कितने उम्दा रूप में दिखा सकते थे, अगर सिर्फ भव्यता पर फोकस न करते। कुछ काम कहानी, किरदारों और अभिनय पर भी किया होता, तो बेहतर होता। छोटे बजट में फिर भी अच्छी कोशिश की जा रही है अच्छी कहानियां कहने की, वह भी नए ढंग से, पर बड़े निर्माता-निर्देशक आज भी सिर्फ भव्यता और पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। फिल्म-निर्माता भव्यता के बजाय लेखकों पर पैसा खर्च करें, तो कुछ बेहतर फिल्में सामने आ सकती हैं।

निष्ठा, शिक्षाविद्

## ग्राउंड रिपोर्ट

आईटी कंपनियों और ऊंची इमारतों वाले गुड़गांव में इस बार के आम चुनाव में अलग ही गर्मी है। मिलेनियम सिटी की जनता में अहीर रेजिमेंट, नागरिक अस्पताल और टोल प्लाजा जैसे तमाम मुद्दों को लेकर मौजूदा सांसद राव इंद्रजीत सिंह के प्रति नाराजगी है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस से राज बब्बर को मिला टिकट भी मुद्दा बना हुआ है। भाजपा बीते दस साल के काम के दम पर वोट मांग रही है। कांग्रेस सियासी समीकरण साधने में जुटी है। देखना ये है कि आमने-सामने की लड़ाई में सीट का सरताज कौन बनता है।

# मिलेनियम सिटी में आमने-सामने की लड़ाई

### गुड़गांव

■ गौरव चौधरी

**गुड़गांव।** आईटी कंपनियों और ऊंची इमारतों के लिए दुनियाभर में मशहूर मिलेनियम सिटी गुड़गांव में तपिश के साथ लोकसभा चुनाव की गर्मी भी तेजी से बढ़ रही है।

मतदाताओं में मौजूदा सांसद को लेकर नाराजगी महसूस हो रही हैं। वहीं विपक्ष की तरफ से मजबूत दावेदार नहीं मिलना भी उन्हें खूब अखबर रहा है। हालांकि माना जा रहा कि इस बार सीधी लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। लोकसभा क्षेत्र में सांसद बनने के लिए मैदान में उतरे विभिन्न दलों के उम्मीदवार झुलसाने वाली गर्मी में भी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। प्रचार के दौरान उन्हें मतदाताओं की नाराजगी का सामना करने के साथ-साथ मतदाताओं को मनाने का भी दौर जारी है। चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार हर तरह के सियासी हथकंडे अपना रहे हैं।

**बाहरी उम्मीदवार भी एक मुद्दा :** आम चुनाव में इस बार सबसे गर्म मुद्दा कांग्रेस की टिकट पर अभिनेता राजब्बर को पैराशूट से मैदान में उतारा जाना भी है। इसे लेकर स्थानीय नेताओं में काफी नाराजगी है। कुछ नेताओं को राजब्बर ने मना लिया है, लेकिन कुछ नेता आज भी पार्टी के फैसले से नाराज हैं और चुनाव प्रचार से गायब हैं। जबकि नाराजगी के चलते पूर्व मंत्री गुरुग्राम के आम चुनाव को छोड़कर राहुल गांधी के चुनाव में प्रचार करने के लिए रायबरेली पहुंच गए। इन सबके बावजूद अभिनेता राज बब्बर ने अपने चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। उनके प्रचार के लिए बेटी जूही बब्बर और अभिनेता अनुप सोनी भी गुरुग्राम में पहुंच चुके हैं और लोगों से मिलकर वोट मांग रहे हैं। इसके अलावा गुरुग्राम में नागरिक अस्पताल का निर्माण नहीं होने के साथ-साथ सेना में अलग से अहीर रेजिमेंट की मांग भी प्रमुख मुद्दा हैं।

**दस साल में कनेक्टिविटी बेहतर हुई :** बीते दस साल से गुड़गांव लोकसभा सीट पर भाजपा के राव इंद्रजीत सिंह सांसद हैं। इस बार भी भाजपा ने राव इंद्रजीत को ही अपना उम्मीदवार बनाया है। उनके कार्यकाल में गुड़गांव, रेवाड़ी और नूंह इलाके में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एलिवेटेड फ्लाईओवर, एक्सप्रेस-वे के निर्माण के साथ-साथ मेट्रो रूट के विस्तार की परियोजनाओं को भी अनुमति मिली। रेवाड़ी में एम्स का शिलान्यास करवाने के साथ-साथ नूंह के लोगों को रेल की सीटी सुनाने का भी वादा इस बार किया जा रहा है। इन सबके बाजवूद क्षेत्र में काफी समस्याओं के साथ-साथ कई मांग भी हैं, लेकिन वह पूरी नहीं होने के कारण लोगों में खासी नाराजगी भी है। सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर करने के साथ-साथ सेक्टरों में समस्याओं का अंबार होने के चलते कई सेक्टरों के लोगों ने चुनाव के बहिष्कार करने का फैसला भी किया। जिला प्रशासन के द्वारा लोगों को समझाने की कवायद भी चल रही है।

**विपक्ष ने उम्मीदवार उतारने में की देरी :** आम चुनाव में सबसे पहले भाजपा ने 13 मार्च को गुडगांव लोकसभा सीट से राव इंद्रजीत सिंह को मैदान में उतारा था, जबकि आपसी कलेश और गुटबाजी के भंवर में फंसी कांग्रेस ने पैराशूट से राज बब्बर को गुडगांव लोकसभा सीट से एक मई को चुनावी मैदान में उतारा। कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसे साजिश तक कह डाला था। राज बब्बर इस लोकसभा क्षेत्र के लिए नए हैं। प्रचार के 23 दिनों में उनको लोकसभा क्षेत्र के नौ विधानसभा में जाकर लोगों से मिलना बड़ी चुनौती है। हालांकि उनके डोर टू डोर अभियान, रोड शो और चुनावी सभाओं में भाजपा के मुकाबले कई जगह ज्यादा भीड़ देखने को मिली है। बड़ा सवाल है कि यह भीड़ मतदान में कितना बदलती है, यह चार जून को ही सामने आएगा।

**विकास और गांरटी पर चुनाव लड़ रही भाजपा :** गुड़गांव लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार बीते दस सालों में हुए विकास कार्यो और मोदी गांरटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। अपने इलाके में हुए कामों के बारे में प्रचार के दौरान जोर-शोर से बताया जा रहा है। तीसरी बार भाजपा की टिकट से चुनाव जीतने के बाद भाजपा उम्मीदवार आगामी पांच सालों का रोडमैप भी बता रहे हैं, जबकि कांग्रेस और जेजेपी उम्मीदवारों का कहना है कि वह 20 सालों में कुछ नहीं कर सके, तो आगे वह क्या करेंगे।

**अपने पक्ष में वोट सबसे बड़ी चुनौती:** कांग्रेस ने राज बब्बर को मैदान में यह सोचकर उतारा था कि गुड़गांव विधानसभा में पंजाबी समुदाय के काफी वोट हैं, लेकिन राज बब्बर को पंजाबी समुदाय से वोट मिलना भी इतना आसान नहीं दिख रहा है। आम चुनाव के मंजे हुए खिलाड़ी राव इंद्रजीत को छोड़कर राज बब्बर के समर्थन में लोग आने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में राज बब्बर के लिए चुनाव में कई चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाना उनके लिए बेहद जरूरी है। लोगों को जोड़ने की हर कोशिश कर रहे हैं।

### 2024



25 मई को छटे चरण में मतदान होना है

कुल मतदाता 25,33,958

पुरुष मतदाता 13,51,239

महिला मतदाता 12,02,641

थर्ड जेंडर 78

**09 विधानसभा**
■ गुड़गांव ■ पटौदी ■ सोहना ■ बादशाहपुर ■ रेवाडी ■ बावल ■ नूंह ■ फिरोजपुर झिरका ■ पुन्हाना

| 2019 | | |
|---|---|---|
| राव इंद्रजीत सिंह | भाजपा | 881546 |
| कैप्टन अजय सिंह यादव | कांग्रेस | 495290 |

| 2014 | | |
|---|---|---|
| राव इंद्रजीत सिंह | भाजपा | 644780 |
| जाकिर हुसैन | इनेलो | 370058 |

### नूंह में सब लगा रहे हैं अपना-अपना जोर

**10** साल से लोकसभा सांसद हैं राव इंद्रजीत सिंह

**03** विधानसभा वाले नूंह जिले में सबसे ज्यादा मतदाता मुस्लिम

नूंह जिले में तीन विधानसभाओं में लगभग पांच लाख मुस्लिम वोटर हैं। यहां पर कांग्रेस, जेजेपी के साथ-साथ भाजपा भी कड़ी मेहनत कर रही है। आंकडों की बात करें तो भाजपा को नूंह से साल 2014 और साल 2019 के चुनाव में 10 फीसदी के लगभग वोट मिले थे, लेकिन कांग्रेस को 50 प्रतिशत के लगभग वोट मिले थे। इस बार भाजपा भी नूंह से काफी वोट लेने का मना बना चुकी है। भाजपा ने यहां विकास को मुद्दा बनाया है। भाजपा ने यहां विकास रैली करने के साथ-साथ राव इंद्रजीत नूंह में तीन बार जा चुके हैं। कांग्रेस को इस बार भी नूंह से अधिक वाटों की आस है।



गुरुग्राम की विशिष्ट पहचान: शीतला माता मंदिर

### पुरातन संस्कृति और आधुनिक विकास का मेल है गुड़गांव

- शीतला माता की काफी मान्यता है। इनके दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं।
- पांडव भी यहां पर रुके थे, उनका मंदिर आज भी है।
- सुल्तानपुर पक्षी अभ्यारण इसे खास बनाता है। सर्दियों में विदेशी पक्षी आते हैं। इन्हें देखने देश-विदेश से सैलानी आते हैं।
- 500 फॉर्च्यून कंपनियों के साथ-साथ ऑटोमोबाइल का हब भी यहां है।
- मारुति, होंडा, हीरो और सुजुकी में कार और बाइकें बनाने के साथ-साथ रिसर्च भी होती है।
- लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेवाडी में एम्स और गुरुग्राम में मेडिकल कॉलेज बनेगा।
- गुजरात की तर्ज पर ग्लोबल सिटी, विजन सिटी, हैली हब बनना प्रस्तावित है।
- दिल्ली को मुंबई से जोड़ने वाला एक्सप्रेस-वे भी गुरुग्राम से ही शुरू होता है।

**मैदान में उम्मीदवार**



राव इंद्रजीत सिंह, भाजपा



राज बब्बर, कांग्रेस



राहुल यादव फाजिलपुरिया, जजपा

### मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान हो रही जनता

- गुरुग्राम के लोगों के लिए सबसे बड़ा मुद्दा खेडकी दौला प्लाजा हटाया जाना है। नए गुरुग्राम के लोगों को रोजाना टोल पर आने-जाने के लिए 170 रुपये देने के साथ-साथ टोल पर लगने वाले जाम से भी दो चार होना पड़ता है।
- संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा के संस्थापक अरुण यादव की अगुवाई में बीते दो सालों से खेडकी दौला टोला प्लाजा के पास सेना में अलग से अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर धरना चल रहा है। चुनाव का बिगुल बजते ही भाजपा से राव इंद्रजीत, कांग्रेस से राज बब्बर और जेजेपी से राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया ने पहुंच कर समर्थन दिया।
- गुड़गांव में पानी निकासी की बेहतर कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण हर साल जलभराव होता है। इसके अलावा सड़कों पर लगने वाला लंबा जाम भी लोगों के लिए बड़ी समस्या है।

## वे दिन | किस्सा : 1971 का

# बहुगुणा की जिद पर वीपी सिंह को पहली बार मिला था टिकट



**प्रयागराज।** पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 1966 में राजनीति में कदम रखा था। उस समय इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हेमवती नंदन बहुगुणा कांग्रेस के कद्दावर नेता हुआ करते थे। खास बात यह है कि हेमवती नंदन बहुगुणा की पत्नी कमला बहुगुणा उस समय जिला कांग्रेस कमेटी इलाहाबाद की अध्यक्ष थीं और उन्होंने ही विश्वनाथ प्रताप सिंह को पार्टी का सदस्य बनाया था।

1971 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर संसदीय क्षेत्र से बहुगुणा ने विश्वनाथ प्रताप सिंह की उम्मीदवारी को प्रस्तावित किया था परंतु इंदिरा गांधी यहां से जगपत दुबे को लड़ाना चाहती थीं। जगपत दुबे कई दशकों से प्रायः इंदिरा गांधी के प्रतिनिधि के रूप में इलाहाबाद में नियुक्त थे। बहुगुणा की जिद पर इंदिरा गांधी ने विश्वनाथ प्रताप सिंह के नाम पर किसी प्रकार अपनी सहमति दी थी। हेमवती नंदन बहुगुणा की पुत्री और इलाहाबाद से सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी बताती हैं कि 1971 के चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह को जीत मिली और वह पहली बार संसद पहुंचे थे। बहुगुणा के विश्वास पर खरा उतरते हुए पहले चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भारतीय क्रांति दल के बीडी सिंह को 66780 मतों के अंतर से पराजित किया था। कांग्रेस के वीपी सिंह को 123095 (51.33%) मत मिले थे, जबकि बीडी सिंह को 56315 (23.48%) वोट मिले थे।

## बायस्कोप

# शिबू सोरेन खुले में करते थे चुनावी रणनीति पर चर्चा



वर्ष 1984 में लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी नेताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा करते झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन। दुमका समेत संताल की अन्य सीटों पर जीत के लिए मंथन के दौरान शिबू सोरेन के साथ प्रो. स्टीफन मरांडी, पूर्व सांसद सूरज मंडल, पूर्व मंत्री स्व. साइमन मरांडी, पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो और झामुमो के केंद्रीय महासचिव विजय सिंह भी मौजूद थे। गुरुजी (शिबू सोरेन) की गोद में जो बच्ची है, वह जामा विधायक सीता सोरेन की बड़ी बेटी जयश्री सोरेन हैं।

# पुरुष-महिला मतदाताओं के बीच कम हो रहा अंतर

■ मदन जैड़ा



**नई दिल्ली।** राजनीति में महिलाओं के निर्णायक योगदान के सिलसिले में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि देश में पुरुष एवं महिला मतदाताओं की संख्या में मौजूद अंतर तेजी से कम हो रहा है। हाल के दशकों में यह पहला मौका है कि जब 2024 में यह अंतर घटकर महज 2.6 करोड़ रह गया है। जबकि पिछले चुनाव में यह करीब 3.5 करोड़ के करीब था।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 47.34 करोड़ पुरुष और 43.85 करोड़ महिला मतदाता थे। इस प्रकार दोनों के बीच करीब साढ़े तीन करोड़ का अंतर था। लेकिन 2024 में यह स्थिति एकदम बदल चुकी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार 2024 में कुल 49.7 करोड़ पुरुष और 47.1 करोड़ महिला मतदाता हैं। इनके बीच का अंतर महज ढाई करोड़ रह गया है। यह भी आकलन है कि अगले कुछ दशकों में यह संख्या बराबर हो सकती है। एक आकलन यह भी कहता है कि महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा भी हो सकती है।

**तीसरे आम चुनाव में अंतर महज 1.5 करोड़ का :** रिपोर्ट के अनुसार 2014 में पुरुष मतदाता 43.7 और महिला मतदाता 39.7 करोड़ थे। दोनों के बीच अंतर 4 करोड़ का था। हालांकि उससे पहले 2009 में यह अंतर 3.2 करोड़ का रहा है। तब पुरुष मतदाता 37.47 तथा महिला मतदाता 34.22 करोड़ थे। रिपोर्ट के अनुसार आजादी के 1952 में हुए लोकसभा के पहले और 1957 में हुए दूसरे चुनाव में महिला एवं पुरुष मतदाताओं का अलग-अलग आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। लेकिन रोचक बात यह है कि 1962 में तीसरे चुनाव में पुरुष एवं महिला मतदाताओं के बीच महज 1.15 करोड़ का अंतर था। तब 11.39 पुरुष और 10.24 महिला मतदाता पंजीकृत थे। इसी प्रकार 1967 में चौथे चुनाव में यह अंतर और भी कम 1.02 करोड़ का था, तब 12.96 करोड़ पुरुष और 11.94 करोड़ महिला मतदाता पंजीकृत थे।

**शुरुआती आम चुनावों में भी कम था अंतर :** रिपोर्ट के अनुसार 1971 में पांचवे लोकसभा चुनाव में 14.36 करोड़ पुरुष और 13.06 करोड़ महिला मतदाता थे। दोनों के बीच अंतर 1.3 करोड़ था। इसके बाद 1977 में यह अंतर 1.28 करोड़, 1980 में 1.49 करोड़, 1984 में 1.57 करोड़, 1989 में 2.73 करोड़, 1991 में 2.73 करोड़, 1996 में 2.7 करोड़, 1998 में 2.7 करोड़, 1999 में 2.8 करोड़ तथा 2004 में 2.7 करोड़ का अंतर था। विशेषज्ञों का मानना है कि शुरूआत में स्त्री-पुरुष अनुपात बेहतर होना इसकी वजह रही थी। जो बाद में आबादी में इजाफे के साथ खराब होता गया। इधर, पिछले एकाध दशक से इसे सुधारने के प्रयास का असर दिख भी रहा है। आगे भी सुधार संभव है।

**2019 में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा :** 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार यह देखा गया है कि पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के वोट देने का प्रतिशत ज्यादा रहा। 2019 में 67.2 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 67 फीसदी रहा। यह दर्शाता है कि पिछले चुनाव में महिलाओं की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत ज्यादा रही। भले ही महिला मतदाताओं की संख्या थोड़ी कम हो।

### तीन चुनावों में महिला-पुरुष वोटरों की स्थिति




विशेषज्ञों का अनुमान है कि भविष्य में इसमें और सुधार संभव है

आंकड़े करोड़ में

**जीत का प्रतिशत घटा**

दूसरे आम चुनाव में महिलाओं की जीत का प्रतिशत 60 फीसदी रहा। 17वीं लोकसभा में जीत का प्रतिशत रहा 10.7 फीसदी। राजनीति में महिलाओं की सक्रियता बढ़ी लेकिन प्रतिशत कम हो गया।

### लोकसभा में 14 फीसदी हिस्सेदारी

2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 78 महिला सांसद चुनकर आईं। कुल 542 सीटों पर उनकी हिस्सेदारी 14 फीसदी की बनती है। यह अब तक का सबसे ज्यादा प्रतिनिधत्व था। हालांकि आबादी के हिसाब से उनका प्रतिनिधित्व बहुत कम रहा। यह आंकड़ा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। जबकि दूसरी लोकसभा में सिर्फ 27 महिलाएं सांसद निर्वाचित हुई थीं। रिपोर्ट के अनुसार पहली लोकसभा चुनाव के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

## चुनावी चकल्लस

# दिल पर पत्थर रख नेताजी प्रचार में जुट गए

**प्रयागराज।** सबसे अनुशासित पार्टी का दावा करने वाली भाजपा में टिकट पाने वालों की सबसे लंबी कतार थी। जिले की दोनों सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा हुई तो कई दिग्गजों के हाथों के तोते उड़ गए। कुछ लोग अपना टिकट 'पक्का' मानकर पहले से ही प्रचार में जुटे थे। कुछ तो मतदाताओं के बीच बकायदा गिफ्ट वगैरह बंटवाने लगे थे। हालांकि टिकट का पिटारा खुला तो उन्हें सांप सूंघ गया। उनसे मिलने वाले हर किसी की जुबान पर एक ही सवाल 'आपका टिकट कैसे कट गया' और नेताजी एकदम चुप। कुछ दिन तक तो कोमा जैसी स्थिति, आम लोगों के बीच उपस्थिति भी नहीं। फिर हाईकमान का फरमान और अनुशासन के कोड़े के डर से नेताजी पूरे जोश-खरोश के साथ दिल पर पत्थर रखकर पार्टी के प्रचार में जुट गए। समर्थक पीछे से हिंदी फिल्म का गुनगुना रहे हैं-'दिल पर पत्थर रखकर मैंने मेकअप कर लिया।'

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार की किसी बुजुर्ग महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृष :** शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में मन रमेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। संतान का ध्यान रखें।

**मिथुन :** वाणी में मधुरता रहेगी। पर, धैर्यशीलता बनाए रखें। आत्मसंयत रहें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम बढ़ेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पर, मन परेशान हो सकता है। बातचीत में संयत रहें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग हैं।

**कन्या :** मन तो प्रसन्न रहेगा। पर आत्मविश्वास में कमी भी रहेगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला :** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। शोध आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। पिता का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक :** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**धनु :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। मानसिक शांति के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। किसी मित्र का साथ मिलेगा।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। भागदौड़ अधिक रहेगी, परंतु लाभ में वृद्धि भी होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ :** संयत रहें। बेकार के क्रोध व बेकार के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में विस्तार के मौके मिल सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। लाभ के मौके बढ़ेंगे।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। तनाव से बचें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। संतान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

13 मई, सोमवार, 23 वैशाख (सौर) शक संवत् 1946, 31 वैशाख मास प्रविष्टे 2081 (पंजाब पंचांग), 04 जिल्काद सन् 1445, वैशाख शुक्ल षष्ठी (विक्रमी संवत्) रात्रि 02.51 बजे तक पश्चात सप्तमी तिथि, पुनर्वसु नक्षत्र प्रातः 11.24 मिनट तक तदनंतर पुष्य नक्षत्र, शूल योग प्रातः 07.41 मिनट तक पश्चात गण्ड योग, कौलव करण, चंद्रमा कर्क राशि में (दिन-रात)। **सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। प्रातः 07.30 बजे से प्रातः 09 बजे तक राहुकालम्। श्री रामानुजाचार्य जयंती।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया बताएं कि वास्तु में मोर पंखों की क्या उपयोगिता है? -काव्या, मुरैना

- मोर पंख वास्तु के अनुसार बहुत उपयोगी है। इसका ज्योतिष के अनुसार भी बड़ा लाभ है। यह हर तरह की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सहायक होता है।
- बच्चों की पुस्तकों में मोर पंख रखना उनकी पढ़ाई के लिए शुभ होता है।
- दंपत्ति के शयन कक्ष में मोर पंख रखना वैवाहिक जीवन के लिए शुभ होता है, इसे वे सिरहाने पर रख सकते हैं। तिजोरी में मोर पंख रखना धन में बरकत करता है।
- घर के मुख्य द्वार पर मोर पंख लगाना नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर रखता है।
- सपने खराब आते हैं तो सिर के नीचे मोर पंख रखने से राहत मिलती है।

### वर्ग पहेली : 7601



**बाएं से दाएं**
2. उद्विग्न हो जाना; घबरा जाना; हिचकना; चकित हो जाना; भौंचक रह जाना (4,2)
6. झुकने की क्रिया; झुकाव; नमस्कार; प्रणाम (3)
7. इज्जत करना; आदर करना; मान देना (3,3)
8. लोहे को सोने में बदलने वाला तथाकथित पत्थर; स्पर्शमणि (3)
9. घातक; नाशक; निवारक; प्रभाव मंदक; प्राणांतक; विषाक्त (3)
10. बीतना; अंत की ओर बढ़ना; उड़ेला जाना; सांचे में ढाला जाना (3)
11. छलनी में से निकालना; छनाई करना; तथ्यान्वेषण करना (3)
14. ध्यान करना; मनन करना; संकल्प करना; सोचना (3,3)
15. अवलोकन करना;खोजना; आजमाना (3)
17. अप्रसन्न करना; रुष्ट करना (3,3)

**ऊपर से नीचे**
1. सभा का सदस्य; दरबारी (4)
2. झेलना; बर्दाश्त करना; सहना (3,3)
3. विस्तृत होना; पैर फैला कर सोना (4)
4. प्राण; बल; सामर्थ्य (2)
5. प्रसिद्धि पाना; हस्तांतरण करना (2,3)
8. परवरिश करना; पालना; मानना (3,3)
9. इज्जत रखना; बात पूरी करना; सम्मान देना (2,3)
12. अकस्मात; एकाएक; राह चलते (4)
13. अस्वाभाविक; कृत्रिम; बनाया हुआ (4)
16. उद्घोष; नाड़ा; मौली; लाल सूत (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7600 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1च | 2म | त्का | 3र | ■ | 4अ | म | 5न |
| 6अ | ■ | ह | ■ | 7घु | ल | ना | ■ | ह |
| 8प | ट | क | दे | ना | ■ | म | ■ | ले |
| मा | ■ | दा | ■ | थ | ■ | ■ | 9तो | प |
| नि | ■ | 10र | वा | ■ | 11पं | 12ख | ■ | र |
| 13त | न | ■ | ■ | 14के | ■ | ब | ■ | द |
| क | ■ | 15ऊ | ■ | 16ला | प | र | वा | ह |
| र | ■ | 17प | त्रि | का | ■ | दा | ■ | ला |
| 18ना | ह | र | ■ | 19र | ग | र | ग | ■ |

### सुडोकू : 7585

* मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 1 | | | 8 | | 9 | 2 |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | 9 | 3 | | | | 5 |
| 8 | | | | 7 | | 2 | | |
| | | 2 | 8 | | 5 | 3 | | |
| | | 6 | | 4 | | | | 8 |
| 9 | | | | 2 | 7 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 2 | 4 | | 6 | | | 8 | | 9 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7584

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बदरीनाथ धाम के कपाट खुले

**उत्तराखंड**

श्री बदरीनाथ मंदिर के कपाट रविवार को सुबह छह बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस दौरान बदरीपुरी जय बदरी विशाल के जयकारों से गूंज उठी। कपाट खुलने के मौके पर बदरीनाथ मंदिर को लगभग 20 कुंतल फूलों से सजाया गया था। हल्की बारिश के बीच सेना के बैंड और ढोल दमाऊं की धुन पूरे परिसर में गूंज रही थी।



बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के पुण्य अवसर पर रविवार को मंदिर के सिंहद्वार के सामने उमड़े श्रद्धालु। • पेट्र

## नीलकंठ पर्वत पर हिमपात

बदरीनाथ के कपाट खुलने के अवसर पर सुबह नीलकंठ पर्वत और नर नारायण पर्वत पर हल्का हिमपात हुआ। वर्षा और हिमपात के कारण बदरीनाथ में ठंड बढ़ गई है। श्रद्धालुओं की आस्था पर विपरीत मौसम का कोई असर नहीं दिखाई दिया। श्रद्धालु हल्की बारिश में भी छोटे बच्चों को गोद में उठाये माता पिता, बुजुर्ग दर्शन के लिए अपनी बारी के लिए डटे दिखे।

## घृत कंबल हटाया गया

कपाट खुलते ही सबसे पहले शीतकाल में घृत कंबल ओढ़े भगवान बदरी विशाल के दिव्य दर्शन रावल ईश्वरी प्रसाद नम्बूदरी ने किए। गर्भगृह में भगवान बदरीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगल की कामना की। कपाट खुलने पर मां लक्ष्मी के पवित्र विग्रह को बदरीनाथ मंदिर के परिक्रमा परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर में विराजमान किया गया।

## देश 30 s

### एनजीटी ने डल झील पर जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** एनजीटी ने कश्मीर में डल झील की 'बिगड़ती स्थिति' पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जम्मू-कश्मीर प्रदूषण नियंत्रण समिति सहित कई अधिकारियों से जवाब मांगा है। हरित पैनल एक मामले की सुनवाई कर रहा था जिसमें उसने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि नगरपालिका के सीवेज, प्रदूषण और शहरीकरण के कारण कश्मीर में डल झील की स्थिति खराब हो रही है।

### अभ्यास के लिए भारतीय जहाज मलेशिया पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के दो जहाज, 'दिल्ली' और 'शक्ति' रविवार को भारतीय नौसेना की परिचालन तैनाती के तहत मलेशिया के कोटा किनाबालु पहुंचे। रॉयल मलेशियाई नौसेना और मलेशिया में भारतीय उच्चायोग ने भारतीय नौसैनिक जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं, सैन्य अभ्यास के लिए भारतीय नौसेना का जहाज 'किल्टन' रविवार को वियतनाम के कैम रैन खाड़ी पहुंचा। वियतनाम पीपुल्स नेवी और वहां भारतीय दूतावास ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### मशरूम खाने के बाद आठ पुलिसकर्मी बीमार

**उत्तरी लखीमपुर (असम)।** असम के धेमाजी जिले में रविवार को मशरूम खाने के बाद कम से कम आठ पुलिसकर्मी बीमार पड़ गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि 22वीं बटालियन के जवान अरुणाचल प्रदेश से लगी अंतरराज्यीय सीमा पर गोगामुख के पास पनबाड़ी में तैनात थे। उन्होंने कहा कि आठ जवानों ने रविवार को दोपहर के भोजन में मशरूम खाया। भोजन करने के लगभग 30 मिनट बाद, वे बीमार पड़ गए और उन्हें उल्टी दस्त होने लगे।

### अस्पतालों में एआई-संचालित उपकरण लगेंगे

**पणजी।** गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने कहा है कि मरीजों को जल्द ही राज्य के सभी जिला अस्पतालों और पीएचसी में एआई से संचालित फेफड़ों के कैंसर की जांच करने वाले उपकरण उपलब्ध होंगे। राज्य में दो जिला अस्पताल हैं। इसमें से एक उत्तरी गोवा के मापुसा और एक दक्षिण गोवा के मडगांव में है। उन्होंने कहा कि सुलभ उपचार और इलाज की उन्नत पद्धतियां अपनाने के उद्देश्य से गोवा एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ कैंसर देखभाल में अग्रणी बनकर उभरा है।

### मौसमी बीमारियों की निगरानी ऐप से होगी

**जयपुर।** राजस्थान का चिकित्सा विभाग मौसमी बीमारियों पर निगरानी के लिए ऐप की मदद लेगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण नवाचार किया है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार से राज्य भर में मौसमी बीमारियों की स्थिति की तत्काल निगरानी हो सकेगी।

### राजस्थान में मादक पदार्थ की फैक्टरी का भंडाफोड़

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने रविवार को राजस्थान के जोधपुर में एक दवा बनाने वाली इकाई का भंडाफोड़ किया और 107 करोड़ रुपये मूल्य का मेफेड्रोन जब्त किया। साकीनाका पुलिस अधिकारी के अनुसार, उन्होंने पिछले साल दिसंबर में मुंबई में 3 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सिंथेटिक उत्तेजक मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को पकड़ा था। बाद की जांच से पता चला कि दोनों को जोधपुर में दवा निर्माण इकाई चलाने वाले एक व्यक्ति से प्रतिबंधित पदार्थ मिला था।

### स्वस्थ होने के बाद ही काम करूंगा : श्रेयस तलपड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने कहा कि जब तक वह पूरी तरह ठीक नहीं हो जाते हैं तब तक वह एक्शन पर आधारित फिल्म में काम करने से परहेज करेंगे। उन्हें पिछले साल दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने एंजियोप्लास्टी कराई थी। इकबाल फिल्म में किरदार निभाने वाले अभिनेता तलपड़े 14 दिसंबर, 2023 को दिल का दौरा पड़ने के बाद अपने आवास पर गिर गये थे, जिसके बाद उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## पालीगाड में वाहनों को रोका जाएगा, दिनभर में चार बार ही छोड़ा जाएगा ट्रैफिक

# यमुनोत्री में गेट सिस्टम लागू

**चारधाम यात्रा**

**बड़कोट, संवाददाता।** श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ने से रविवार से यमुनोत्री में गेट सिस्टम लागू कर दिया गया। उत्तरकाशी के एसपी अर्पण यदुवंशी के अनुसार पालीगाड से जानकीचट्टी के बीच यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत एक दिन में केवल चार बार ट्रैफिक को छोड़ा जाएगा।

यात्रियों की भीड़ उमड़ने से पैदा हुई अव्यवस्था के बाद प्रशासन को गेट सिस्टम लागू करना पड़ा है। यह पहला मौका है जब यमुनोत्री में गेट सिस्टम लागू किया गया है। शनिवार रात से रविवार दोपहर दो बजे तक वाहनों को जगह-जगह रोके जाने से यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। जाम के कारण कई यात्रियों को बसों में ही रात भी गुजारनी पड़ी। रविवार को उत्तरकाशी के एसपी यदुवंशी ने बताया कि पालीगाड से जानकीचट्टी के लिए पूरे दिन में केवल चार बार यात्रियों के जत्थों को जाने की अनुमति दी जाएगी।



कटापत्थर में रविवार को यमुनोत्री जाने वाले रोके गए वाहनों से लगा जाम। • हिन्दुस्तान

### एक साथ न आने की अपील

प्रशासन से श्रद्धालुओं को एक साथ यात्रा में न आने की अपील की है। रविवार को गेट सिस्टम लागू करने के बाद एसपी अर्पण यदुवंशी ने कहा कि संख्या नियंत्रित रहने से श्रद्धालुओं को भी दर्शन करने में सुविधा होगी। पहले यात्रियों से यात्रा स्थगित करने की बात आ रही थी। लेकिन प्रशासन से इसे खारिज कर दिया।

### गंगोत्री मार्ग पर फंसे यात्री

गंगोत्री यात्रा मार्ग पर रविवार को सुक्की बैंड से दो किमी पीछे तक यात्री वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। करीब पौन घंटे तक लगे जाम के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर, घनसाली-तिलवाड़ा यात्रा मोटरमार्ग मलबा आने के कारण करीब तीन घंटे तक बाधित रहा।

### नैनीताल में भवाली से कैंची धाम तक भीषण जाम

**भवाली।** भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से रविवार को भवाली से कैंची धाम तक भीषण जाम लगा रहा। भवाली से कैंची तक आठ किलोमीटर की दूरी तय करने में दो घंटे से अधिक का समय लगा। मंदिर क्षेत्र में आधा किलोमीटर तक पैदल आवाजाही कर रहे श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। मंदिर में करीब 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए।

### 22 तक ऑफलाइन पंजीकरण फुल

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा पर जाने के लिए यात्रियों में मारामारी मची है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के लिए 22 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण फुल हो चुके हैं। अब दोनों धामों के लिए 23 मई से ऑफलाइन पंजीकरण हो पा रहा है। इसके बड़ी संख्या में यात्रा करने वाले यात्री हरिद्वार से बिना यात्रा शुरू करें ही मायूस होकर अपने घरों को वापस लौट रहे हैं।

# हल्द्वानी हिंसा में सभी 107 आरोपियों पर यूएपीए लगा

**हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता।** हल्द्वानी के वनभूलपुरा क्षेत्र में बीती आठ फरवरी को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने जेल में बंद सभी 107 आरोपियों के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने हिंसा के बाद मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक समेत 36 लोगों के खिलाफ यूएपीए के तहत 26 फरवरी को ही कार्रवाई कर दी थी। अब जेल में बंद सात महिलाओं समेत 71 अन्य आरोपियों पर भी यूएपीए की धारा बढ़ा दी गई है। हल्द्वानी हिंसा मामले में पुलिस ने अलग-अलग तीन मुकदमे दर्ज किए थे। इनमें अब्दुल मलिक उसके बेटे मोईद मलिक और सात महिलाओं समेत 107 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। बीते शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय हल्द्वानी में 98 आरोपियों को पेश किया गया था। कोर्ट ने न्यायिक हिरासत 28 दिन बढ़ा दी।

# उप प्रबंधक ने 87 लाख निकाल अपने खाते में डाले

**बिहार**

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** दानापुर कैंट के पास मौजूद पीएनबी (पंजाब नेशनल बैंक) शाखा के उप-शाखा प्रबंधक ने अवैध तरीके से कई लोगों के खाते से पैसे निकालकर इसे घुमाते हुए अपने खाते में जमा करवा लिया।

वित्तीय धोखाधड़ी की इस घटना में 87 लाख रुपये से अधिक की राशि का गबन किया गया है। बैंक की आंतरिक ऑडिट रिपोर्ट में इस पूरी वित्तीय जालसाजी का खुलासा हुआ है। इस मामले में बैंक के शाखा प्रबंधक सुदामा प्रसाद गुप्ता ने आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) में एक एफआईआर दर्ज करवाई है। इसमें उप-शाखा प्रबंधक रोहित राज के अलावा पटना के सालिमपुर के रहने वाले अमन राज समेत अन्य को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आरोपियों पर गबन समेत अन्य संगीन आरोपों से संबंधित धाराएं लगाई गई हैं।


## हिन्दुस्तान क्लासीफाइड

www.livehindustan.com

विज्ञापन के लिए संपर्क करें 1800 103 1800

### आवश्यकता

### अकादेमिक

URG. REQ EXP.& Trained PGT-Maths, TGT-English in Sona Modern Public School, A-3/4, Devli Road Khanpur ,New Delhi-62 # 011-47501732, 9625070538, Interested may visit/mail CVs Email : smps_khanpur@yahoo.co.in

### नौकरानी

आवश्यकता/Available है घर, कोठी, वृद्ध हेतु कुक, वेटर, हेल्पर, नर्स, Japa Maid लड़के लड़कियां, महिलाएं, पति-पत्नी (रहना, खाना फ्री) 8506827673, 8860827673

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रेणियां

### मेडिकल




### व्यापार

### ज्योतिष




### ऋण/ आय




### प्रोपर्टी

### दक्षिणी दिल्ली

BUY- SALE Plots/Kothis Lytiunse Area - Prithviraj Road -Jor Bagh -Golf Link Road, New Delhi, Area-1000/2K/3K/ 4K SQYD Call 9899486750/ 7982562811

### गुरुग्राम

PRIME 12,523 sq. ft. Commercial Space! Located just 50m from Sikanderpur Metro perfect for banks, restaurants, or showrooms. Secure your spot at Grand Mall, MG Road, Gurgaon. Act fast! Email: ea1@abppl.com or Call-8901444400

AMBIENCE LAGOON,NH8, Ggn. Hr., 5Bhk Flat for Sale, Full Golf View & Rjkri Green View/Sun & East Fcng/ 1Flat On Each Flr, A-6800sft/ 9899486750

### नाम परिवर्तन

I, ROHIT Parashar S/o Kaushal Kishor Pandey service no. JC562413P Rank NB/Sub R/o House No.210/A, Near Baba Gang Nath Chowk, Munirka, New Delhi-110067 declare that my name and Date of birth wrongly written as Rohit Prashar, DOB 18/08/2005 in my father's Army records but my correct name and DOB are Rohit Parashar, 20/08/2005

I, RAJNI Gautam W/o Dhamendra Kumar gautam R/o RZ-D-12, Gali No-8 Raja Puri, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi-110059, Have Change My Name Rajani Gautam To Rajni Gautam

I, SARITA Bhutani W/o Sanjeev Bhutani R/o I-24A, 3rd Floor, Kirti Nagar, Delhi -15 have changed the name of my minor son from Yuvraj Bhutani to Aarav Bhutani for all future purposes

I, SAGAR alias Sagar Kumar S/o Shiv Kumar R/o RZ-I-153 And 154 3rd Floor LHS, Mahavir Enclave, Palam Village, Delhi -45 have changed my name to Sagar Kumar for all future purposes.

### नाम परिवर्तन

IT IS for general information that I, Yogamber Singh Rawat S/o Bachan Singh Rawat R/o H.No-273, Delhi Adminstration Flat, Karkar Dooma, Laxmi Nagar, Gandhi Nagar, East Delhi, Delhi-110092 declare that name of mine and my father has been wrongly written as Yogambar Singh and Bachan Singh in my 10 Class Educational Documents. The actual name of mine and my father are Yogamber Singh Rawat and Bachan Singh Rawat

I, SHYAMAL De F/o No-15703545F LNk Soumen De R/o Vill- Asti, Post-Radhakrishnapur, Teh- Kharagpur, Dist-West Medinipur, West Bengal-721140, declare that I have changed my name from Shyamal De to Shyamal Kumar Dey and also changed my date of birth from 01-07-1962 to 11-10-1965 for all future purposes vide affidavit before Public Notary Delhi dt 11-05-2024

I, SERVICE No.JC562413P Rank,NB/Sub name Kaushal Kishor Pandey S/o Harikesh Pandey R/o House No.210/A, Baba. Gang Nath Chowk Munirka New Delhi -110067 declare that name of my minor son's wrongly written as Sumit Prashar in my Army records but correct name of my minor son is Sumit Parashar

मैं, जब्बार पुत्र सलाऊदीन, पताः हाउस नं.- 210, ग्राम दरकावदा, पोस्ट- बिनौली, तहसील बडौत, बागपत, उ.प्र.-201005 यह सूचित करता हूं कि मेरे आवासीय रजिस्ट्री में मेरा नाम जफफर दर्ज है। जबकि अन्य दस्तावेजों में जब्बार दर्ज है। यह कि जफफर व जब्बार दोनों एक ही व्यक्ति यानी मेरा ही नाम है।

I, 15738333P Signalman Cholke Pramod Dattatry R/o Vill & Post Astagaon, Teh- Rahata, Ahmednagar, Maharashtra-423107 hereby declare that in my Army Record my father name Cholke Dattatry Lahanu is wrongly mentioned his correct name is Dattatray Lahanu Cholke.vide affidavit number IN-DL 78979798120805W Dt 25 Apr2024

I, RAMESH Chandra Maurya S/o Ram Abhilash Maurya R/o G-9/253, First Floor, G-Block, Pocket -9 , Sector -16, Rohini, Delhi 110085, have changed my name to Ramesh Chand Maurya for all future purposes.

I, GAURAV Kumar S/O Shri Siya Ram R/O D 54, Qutub Vihar Ph-1, Goyal Dairy, Plot No-S230 Dwarka New Delhi 110071 have changed my name to Gaurav Kumar Mathur

I, BHAVNA Kumari W/o Sunil Kumar R/o C-62, pocket-3, JJ Colony, sector-16A, Kakrola, Dwarka, New Delhi-10078 have changed my name to Bhavna

I, BALJIT Singh S/O Late Rati Ram R/O Flat No-A-302, 3rd Floor, Delhi State Newspaper Employees CGHS LTD., Plot No-1,Sec-19,Dwarka,ND-75, have changed my name to Baljeet Singh.

### नाम परिवर्तन

I NO.14596931X Md.Flrojuddin s/o Md. Kamruddin r/o Yairipok changamdabl Makha Leikal P.O Yairipok P.S Andro Dist.Imphal East State,Manipur-7951 49 in my service record my son name and DOB is written as Asif Bin (DOB-3/3/2001) instead of correct name is Khulakpam Asif Bin (DOB-

I, GURMEET Singh Ahuja S/o Sh. Sant Singh R/o E1/5, Block-E, Parklands, Sector-85,Kheri Kalan (113), Faridabad, Haryana-121002 declare that my wife's name Late Madhu Ahuja mentioned in her LIC Policy No. 125482025 and Aadhar card her name mentioned as Late Smt. Madhur Beni Kaur. Both name are belongs to same and one person.

I, ASHOK Kumar Ram S/o. Dahari Ram R/o. Vil Savreji, Hathouji, Mirganj, Gopalganj, Bihar-841438 declare that in my service records my Wife's name Meena Devi & Date of Birth 18/08/1992 is mentioned wrongly. The Correct Name is Mina Devi & Date of Birth is 01/01/1992.

I, NAVEEN Kumar Budhiraja S/o Sh.Anil Budhiraja R/o H.No- T-510/C-15-E, Street No. 2-3, Baljeet Nagar, New Delhi-110008 have changed my name to Naveen Budhiraja for all purposes.

I JAGDISH Verma S/O Babu Ram, R/O- Flat No 705, Tower N-27, Jaypee Aman Society, Sector-151, Noida, GB Nagar, UP, have changed my name to Jagdish Kumar Verma for all future purposes

I, KARAN Singh S/o joginder Singh R/o H.No. 894/1, Raja Garden, Old Faridabad, Haryana-121002 have changed my name from Karan Sharma to Karan Singh for all future purposes.

I, MANISHA D/o Shri Babu Lal, R/o Eros Sampoornam, Flat no. 903, Tower B6, Plot no. Gh-01, Sector 2, Greater Noida (West) 201301, U.P. have changed my name to Manisha Gosain for all future purposes.

I, SMT. Sharda Rani W/O, Sh. Arun Kumar R/o Vpo Pipal Shah, Distt. Muzaffarnagar, Uttar Pradesh-247772 have changed my name to Pinki for all purposes.

I NAIM Akhatar S/O, Yasin Akhtar R/o A-8 First Floor Near Raza Apartment Gali No 20 Zakir Nagar Jamia Nagar South Delhi-110025 have changed my name to Naim Akhtar.

I, JYOTI Kumari W/o Alok Vikramanta R/o H.No-B-64/ S/F,front side, Block-B, Mansa Ram Park, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name to Jyoti Jha for all purposes.

I, BALI Ram S/o Satiyee Maurya R/o G-9/253, First Floor, G-Block, Pocket -9 , Sector -16, Rohini, Delhi 110085, have changed my name to Ram Abhilash Maurya for all purposes.

### नाम परिवर्तन

I, 15738333P Signalman Cholke Pramod Dattatry R/o Vill & Post Astagaon, Teh- Rahata, Ahmednagar, Maharashtra-423107 hereby declare that in my Army Record My mothers name Rohini is wrongly mentioned her correct name is Rohini Dattatray Cholke vide affidavit number IN-DL 78979410545198W Dt 25 Apr 2024

I, ISHWAR Prasad Pandey S/o Late Surya Dev Pandey,R/o H.No. B-221/2, Chhattarpur Extension, New Delhi-74, in my LIC (Policy No. 115647088) my son's name is wrongly mentioned as Nishu Pandey his actual and correct name is Abhinav Pandey.

I, MOHD Anees also Known as Mohd. Anees Ansari, Md Anees Ansari, Mohammad Anees S/O Mohammad Yakub R/o 13, Sunder Park, Shastri Nagar, Geeta Colony East Delhi 110031 have changed my name to Mohd Anees for all Purposes.

I, RENU Jeph w/o Vijender Jeph and D/o Rishi Pal Singh R/o H.No. 36, Mini Farms Residential Colony, Chattarpur, Delhi-110074 declare that Renu Jeph, Dr Renu Baliyan Jeph and Renu Baliyan names belong to same person.

I, SURAJ Kumar Chaturvedi R/o Flat No.-1804, Tower B-4, Cleo County, Sector-121, Noida, Gautam Budh Nagar notify that Suraj Kumar Chaturvedi and Suraj Chaturvedi both names belong to one and the same person, i.e. mine.

I, MOHAMMAD Hammad S/o Akhlaq Ur Rehman R/o H.No-2737, Gali Chandi Wali, Pahari Bhojla, Turkman Gate, Delhi-110006 have changed my name from Mohammad Hammad to Mohd Hammad for all future purposes.

I, NEERAJ Benjamin S/o N. Benjamin, R/o RDW-05, Redwood Street, Malibu Town, Sohna Road, Gurgaon-122018 have changed the name of my minor son from Mrigank Jonathan Benjamin to Mrigank Johnathan Benjamin for all purposes.

I, NEERAJ Benjamin S/o N. Benjamin, R/o RDW-05, Redwood Street, Malibu Town, Sohna Road, Gurgaon-122018 have changed the name of my minor son from Mridul Rapheal Benjamin to Mridul Raphael Benjamin for all purposes.

I PUSHPENDER Meena R/o 23/A Gali No 2, E Block, Roshan Vihar Najafgarh New Delhi-110043 confirms that I have changed my daughter's name from Maghna Meena to Anshika Meena for all future purposes.

I, PARDEEP Kumar S/o Chander Bhan Malhotra R/o C-2/38, Ph-II, Ashok Vihar, Delhi-52 have changed my name to Pardeep Kumar Malhotra for all purposes.

I DEVENDER S/O, Mahesh Kumar R/o 657/1 Gali No 3 Punjabi Basti Anand Parbat New Delhi 110005 have changed my name to Devender Kumar for all purposes.

### नाम परिवर्तन

I, VIJAY Rani W/O Ashok Kumar R/O A-185, Shastri Nagar, New Delhi 110052 have changed my name to Vijaya Rani for all future purpose.

I MEENA Begum D/O, Nannu R/o H.n. - 390 Gali No-08 Near Masjid Jagatpur Village Delhi-110084 have changed my name to Hasina Begam.

I, P Bhuvaneswari W/o Shri Vetrivel S, R/o H.No 783, South Street, Vilandai-Andimadam,Andimadam,Andimadam -PO, Dist-Ariyalur,Tamilnadu- 621801 have changed my name to Bhuvaneswari V for all purposes.

I, JASBIR Singh S/O Pritam chand R/O Flat No. 2103, 21st Floor Tower Nectar Ajnara Genx GH Plot No. 6 Crossing Republik, Ghaziabad, UP - 201016 have changed my name to Jasbir Singh Khepar

I, MANJULA Devi W/O Sachida Nand Sharma R/O Rz-48A/271 Hans Park, West Sagar Pur, South West Delhi - 110046 Do Here By declare that the Manjula Sharma & Manjula Devi is Same Person.

I, SATISH Kumar Sharma S/O, Shri Sheo Nandan Sharma R/o 1405, Malaygiri Tower, Kaushambi, I.e. Sahibabad, Ghaziabad, U.P: 201010 have changed my name to Satish Kumar for all purposes.

I, SANDEEP S/o Madan Lal R/o 416, 2nd floor, Deepali Enclave, New Delhi -110034 have changed my name to Sandeep Goyal for all purposes.

I, JATINDER kumar alias Jitender S/o Sawal Dass R/o T-58, West Patel Ngr N.Delhi-110008 that Declare that Jitender & Jatinder Kumar Both name are belong to one and same Person.

I, NALIN Bansal S/o Hem Prakash Bansal, R/o E-410, Prateek Edifice, Sector 107, Noida, U.P. have changed my name to Nalin Kumar Bansal for all purposes.

I, ASHOK Tonwar S/O Ram Pal Tonwar R/O A-185, Shastri Nagar, New Delhi 110052 have changed my name to Ashok Kumar for all future purpose.

I LIAQAT Ali S/O, Abdul Gani R/o 244/6 Gali No-05 Sangam Vihar Wazirabad Village, Delhi-110084 have changed my name to Liyaquat Ali.

I, PRATEEK Shrivastava S/o Pradeep Kumar Shrivastava R/o Flat No.907, Tower-3, Puri Pratham, Sec-84, Kheri Kalan (113), Faridabad have changed my name to Prateek Srivastava for all purposes.

I, S Manmohan Singh S/o Kartar Singh Chawla R/o C-22/7, Paradise Apartment, 4th Floor, Mohan Garden, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name to Manmohan Singh Chawla for all purposes.

I, RAJESH Nair, R/o 45 C, Pocket -A-2. Mayur Vihar Phase-3. East Delhi, New Delhi-110096, Have Changed My Minor Daughter's Name From Kripa R Nair to Kripa Nair for All Purposes.

### नाम परिवर्तन

I, RAHUL S/o Virender Kumar R/o Flat No-006, Tower-B5, Tata Lavida Society, Sector-113, Gurgaon, Haryana-122017, Have Change My Name To Rahul Kumar

### खोया- पाया

WE, LT. Col. Sumanta Mandal S/o Sh. Santi Gopal Mandal R/o 21, MNAV, Bengal Ambuja Housing Society City Centre, Durgapur, West Bengal-713216 and Lt. Col. Kulwant Manta S/o Late Sh. Jai Lal Manta R/o Manta Niwas, Near Local Bus Stand, Sanjauli, Shimla, Himachal Pradesh-171006 declares that the Unit No. KINRS-1004 Ansal Highland Park, Sector-103, Gurgaon- Receipt No. 0651822, 0651823 dt. 30/4/2018 amounting to Rs. 1124906/-, Original Transfer Letter dt.30/1/2015 amount mentioned is Rs. 6205419.11/- and Original Transfer form dt. 15/12/2014 have been actually lost near Dwarka Army Area Delhi. Cont: 8717058111

मैं, सुरिंदर कौर पुत्री स्वर्गीय साधु सिंह निवासी फ्लैट # 32, नवीनतम अपार्टमेंट, रोहिणी सेक्टर 9, प्लॉट # 7, दिल्ली-85 एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि नवीनतम कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड के मेरे फ्लैट के लिए जारी किया गया मूल शेयर प्रमाणपत्र # 252 खो गया है। एलआर संख्या 1718624/2024.

I HAVE Lost The original papers of my agricultural land (Including Sale Deed/S) and old papers Of My Agricultural Land Measuring 11 Bighas 12 Biswas, Bearing Mustail No. 54, Killa Nos. 7/2(1-3), 8(4-8), 13(4-11), 14/1 (1-5), And 26(0-5) Situated In The Revenue Estate Of Village Ujwa, Tehsil Najafgarh, New Delhi. This Land Is Registerd In The Name Of the Company M/S M.S.R. Apparls (P) Ltd. Vide Sale Deed Registration No. 326, In Book No.1, Volume No. 3387, On Pages 85 To 128 On Dated 15/01/2007 Sale Deed Registration No. 2246, In Additional Book No.1, Volume No. 67, On Pages 174 To 183 On Dated 29/12/1997. If found anywhere to anyone please contact. Manjinder Singh 7/77 West Punjabi Bagh Delhi-110026, 9210659621

I HAVE lost my possession letter of Flat no. 26-B, Delhi Pradesh CGHS Ltd, Sec-13, Rohini, Delhi misplaced Finder please inform Ravi Datt Mutreja, R/o Flat no. 26-B, Delhi Pradesh CGHS Ltd, Sec-13, Rohini, Delhi. Mob: 9872141274

मैं, सोनिया लोगानी, संपत्ति MP-79 पीतमपुरा, दिल्ली की सह-वारिस, हमारी डीडीए मूल फाइल खो गई है जिसमें सभी मूल दस्तावेज डिमांड लेटर, पजेशन लेटर, साइट पजेशन, लीज डीड, साइट प्लान, 'डी' फॉर्म, नक्शा, मंजूरी योजना और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज शामिल हैं। यदि मिले तो कृपया मुझसे C-1853 सुशांत लोक-1, गुरूग्राम पर संपर्क करें। मोबाइल : 9899550091


# एआई से साइबर हमलों को रोकेगी ट्रैकल टेक्नोलॉजी

**उत्तर प्रदेश**

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** एआई आधारित ट्रैकल टेक्नोलॉजी स्टार्टअप न सिर्फ साइबर हमलों को रोकेगी बल्कि छोटे-छोटे अटैक के प्रति अलर्ट भी करेगी। आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप ट्रैकल टेक्नोलॉजी की तकनीक को और अधिक बेहतर बनाने के लिए चार करोड़ रुपये का फंड दिया गया है।

यह बजट इनफ्लेक्शन पावर वेंचर्स की ओर से दिया गया है। इसकी मदद से इस तकनीक को और बेहतर बनाया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्थापित सी3आई हब में साइबर सुरक्षा को लेकर वैज्ञानिकों की टीम के साथ 40 से अधिक स्टार्टअप रिसर्च कर तकनीक, डिवाइस और उपकरण विकसित कर रहे हैं। इस स्टार्टअप के मेंटर के रूप में आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. संदीप कुमार शुक्ला हैं। इस स्टार्टअप की तकनीक सिस्टम में इनबिल्ट के रूप में काम करेगी। जो डेटा और फाइलों को न सिर्फ साइबर हमलों से सुरक्षित रखेगी बल्कि अटैक के प्रति अलर्ट भी करेगी।

**आईआईटी कानपुर का स्टार्टअप ट्रैकल टेक्नोलॉजी हल्के हमलों की भी देता है जानकारी**

# छह महीनों में दोगुने हो गए एआई उपयोगकर्ता : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले 6 महीनों में एआई का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। साथ ही लगभग 75 प्रतिशत ग्लोबल नॉलेज वर्कर कार्यस्थलों पर एआई का उपयोग कर रहे हैं। यह दावा माइक्रोसॉफ्ट और लिंक्डइन की '2024 वर्क ट्रेंड इंडेक्स वार्षिक रिपोर्ट' में किया गया है।

सर्वेक्षण में 31 देशों के 31 हजार लोगों ने प्रतिभाग किया। शोध में पता चला है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया भर में लोगों के काम करने, नेतृत्व करने और नियुक्ति के तरीके को प्रभावित कर रहा है। आठ मई को जारी शोध रिपोर्ट कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत एआई टूल पर बढ़ती निर्भरता पर प्रकाश डालती है, जो काम की अत्यधिक गति और मात्रा से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत एआई उपयोगकर्ताओं ने कहा कि इससे उन्हें समय बचाने में मदद मिली। 85 प्रतिशत ने माना कि वे अपने महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम हुए।

**79 लीडर्स बोले, एआई को अपनाना आवश्यक :** लीडर व्यवसाय के लिए एआई के महत्व को पहचानते हैं। कुछ का मानना है कि उनके संगठनों में एआई का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए एक स्पष्ट रणनीति का अभाव है। एआई एकीकरण की अनिवार्यता के बावजूद, निवेश पर तत्काल रिटर्न प्रदर्शित करने का दबाव भी कुछ नेताओं को झिझक रहा है। 79% लीडर्स इस बात से सहमत हैं कि प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एआई को अपनाना महत्वपूर्ण है। वहीं, 59 प्रतिशत एआई के उत्पादकता लाभ की मात्रा निर्धारित करने के बारे में चिंतित हैं।



**75** प्रतिशत ग्लोबल नॉलेज वर्कर कर रहे एआई का उपयोग

### एआई कौशल के महत्व को पहचान रहे लीडर

नियोक्ता और कंपनी के लीडर भी एआई कौशल के महत्व को तेजी से पहचान रहे हैं। सर्वेक्षण में 66 प्रतिशत ने कहा कि वे इन कौशलों की कमी वाले किसी व्यक्ति को नियुक्त नहीं करेंगे। इसके अलावा, 71 प्रतिशत ने एआई कौशल वाले अनुभवी उम्मीदवारों को काम पर रखने को प्राथमिकता दी। इसके अतिरिक्त, 77 प्रतिशत का मानना है कि एआई शुरुआती करियर की प्रतिभाओं को बड़ी जिम्मेदारियां लेने में सक्षम बनाएगा।

**लोगों को मिल रहे बेहतर अवसर :** एआई और नौकरी विस्थापन के बारे में चिंताओं के बावजूद, रिपोर्ट एक सूक्ष्म परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करती है। जहां 45 प्रतिशत कर्मचारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि एआई उनकी नौकरियों को बदल ले लेगा, वहीं लगभग इतना ही हिस्सा (46 प्रतिशत) नौकरी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें बेहतर अवसर मिल रहे हैं।

आयकर विभाग ने करदाताओं के लिए शुरू की नई सुविधा

# एक क्लिक पर ही सभी कर नोटिस देख सकेंगे

**राहत**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने अपने पोर्टल पर करदाताओं के लिए नई सुविधा की शुरुआत की है। इसकी मदद से एक ही क्लिक से करदाता को आयकर विभाग की ओर से भेजे गए सभी नोटिस एक ही जगह मिल जाएंगे। यह सुविधा नए ई-प्रोसीडिंग सेक्शन में जोड़ी गई है।

**ट्रैक करना आसान होगा :** आयकर विभाग ने एफएक्यू (प्रश्नोत्तरी) जारी कर इस नए फीचर के बारे में बताया है। इसमें कहा गया है कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध ई-प्रोसीडिंग टैब में विभाग की ओर से जारी किए गए सभी नोटिस, इंटिमेशन और पत्रों को एक ही स्थान पर देखा जा सकता है।

नए टैब पर क्लिक करते ही सभी नोटिस और लंबित कर प्रक्रिया को करदाता ट्रैक कर सकते हैं और इसका ऑनलाइन तरीके से जवाब दे सकते हैं। टैब में सर्च का विकल्प भी दिया गया है ताकि करदाता कोई खास नोटिस आसानी से खोज सके।

### ऐसे देख पाएंगे

- आयकर विभाग के पोर्टल (www.incometax.gov.in) पर लॉगइन करें।
- डैशबोर्ड से 'पेंडिंग एक्शन' सेक्शन में जाएं। यहां 'ई-प्रोसीडिंग' का विकल्प चुनें।
- यहां विलंबित कर प्रक्रिया और भेजे गए नोटिस के लिंक दिखाई देंगे।
- जवाब देने के लिए व्यक्तिगत या अधिकृत प्रतिनिधि का विकल्प चुनना होगा।




- यदि खुद से जवाब दे रहे हैं तो पूछे गए प्रश्नों को भरना होगा।
- अधिकृत प्रतिनिधियों को प्राधिकृत पत्र जमा करना होगा।

### कब जारी होता है नोटिस

जब करदाता आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करता है या बैंक ब्याज, किराए या प्रॉपर्टी को बेचने से हुई आय समेत अन्य लेनदेन की जानकारी नहीं देता है, तब आयकर की विभिन्न धाराओं के तहत नोटिस जारी किया जाता है। इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। इस साल नोटिस प्राप्त करने वाले करदाताओं को 30 जून तक स्पष्टीकरण दाखिल करना होगा।

### इनका ब्योरा मिलेगा

- धारा 139 (9) के तहत दोषपूर्ण नोटिस
- धारा 245 के तहत सूचनाएं
- धारा 143 (1) (ए) के तहत प्रथम दृष्टया समायोजन
- धारा 154 के सुओ मोटो सुधार
- किसी अन्य आयकर प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस
- स्पष्टीकरण के लिए मांगी जाने वाली सूचनाएं

# अवैध गेमिंग ऐप्स पर कार्रवाई होगी

हि विशेष

■ धीरेंद्र कुमार

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने क्रिकेट और चुनावी मौसम में अवैध सट्टेबाजी-जुए को बढ़ावा देने वाले ऐप्स और इनके भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की है। इसके लिए आईटी मंत्रालय को सभी उल्लंघनकर्ताओं की पहचान करने और उन पर जुर्माना लगाने के लिए पत्र लिखा गया है।

इस मामले से जुड़ने दो अधिकारियों ने मिंट को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ऐसे ऐप्स और विज्ञापनों पर सख्त कार्रवाई चाहती हैं, क्योंकि ये केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन हैं। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप चलाने वालों और उनके भ्रामक विज्ञापन देने वालों की पहचान करने को कहा गया। इन पर जुर्माना लगाने और ऐप्स के संचालन पर प्रतिबंध लगाने सहित उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। mint

### प्रतिबंध के बावजूद भ्रामक विज्ञापन जारी

जानकारों के अनुसार, सट्टेबाजी ऐप्स लोगों को वित्तीय रूप से शिकार बना रहे हैं। सट्टेबाजी और जुआ 1867 के सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत प्रतिबंधित हैं और भारत के अधिकांश हिस्सों में अवैध हैं। नियमों के बावजूद, ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म अपनी सेवाओं का विज्ञापन करना जारी रखते हैं, जिससे विशेष रूप से युवाओं में वित्तीय और सामाजिक-आर्थिक प्रभावों के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं।

## शेयर बाजारों से 17 हजार करोड़ निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई के पहले 10 दिन में भारतीय शेयर बाजारों से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है।

आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच ऊंचे मूल्यांकन और मुनाफा काटने के लिए विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से निकासी कर रहे हैं। इससे पहले अप्रैल महीने में 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस तरह चालू माह के पहले 10 दिन में ही एफपीआई अप्रैल से अधिक की निकासी कर चुके हैं।

## गोल्ड ईटीएफ से अप्रैल में 396 करोड़ की निकासी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से पिछले महीने यानी अप्रैल में 396 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी देखने को मिली है। निवेशकों के मुनाफा काटने की वजह से यह निकासी हुई है। इससे पहले मार्च, 2023 में निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से निकासी की थी।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में गोल्ड ईटीएफ से 396 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई, जबकि पिछले महीने में इसमें 373 करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था। आखिरी बार इस परिसंपत्ति वर्ग से शुद्ध निकासी मार्च, 2023 में हुई थी। उस समय गोल्ड ईटीएफ से 266 करोड़ रुपये निकाले गए थे। एम्फी के अनुसार, निकासी के बावजूद अप्रैल के अंत में स्वर्ण कोषों के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) पांच प्रतिशत बढ़कर 32,789 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले महीने में 31,224 करोड़ रुपये पर थीं।

## कॉरपोरेट कॉर्नर




पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) आईएस/आईएसओ 37001 प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह प्रमाण पत्र बीआईएस में निदेशक लालथन परी द्वारा पावर ग्रिड के मुख्य सतर्कता अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मदान को प्रदान किया गया।



कोलोरेक्टल कैंसर अवेयरनेस फाउंडेशन और अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के सहयोग से बैंड 'मैंडोलिन वंडर्स ऑर्केस्ट्रा' और प्रदीप्तो सेनगुप्ता म्यूजिक एकेडमी ने नई दिल्ली के इंडियन हैबिटेट सेंटर में शानदार प्रदर्शन किया। इसका मुख्य उद्देश्य कोलोरेक्टल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना था।



रेलवे बोर्ड के सदस्य (इन्फ्रास्ट्रक्चर) अनिल कुमार खंडेलवाल ने जम्मू-कश्मीर में यूएसबीआरएल परियोजना का दौरा किया उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का गहन निरीक्षण किया। उनके साथ उत्तर रेलवे और कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

### राष्ट्रीय रेल ट्रांसपोर्ट सेमिनार आयोजित

**नई दिल्ली।** सीटीआरएएम द्वारा नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में 24 वें नेशनल रेल ट्रांसपोर्ट सेमिनार का आयोजन किया गया । इसकी अध्यक्षता सीमा कुमार, सदस्य (परिचालन एव व्यवसाय विकास), रेलवे बोर्ड ने की । सेमिनार में संगठन से जुड़े समस्त क्षेत्रीय रेलों एवं रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों ने भी भाग लिया। इसमें ग्राहकों की उनकी आवश्यकताओं, पसंदों और परेशानियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### रेल लिंक परियोजना का निरीक्षक किया

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बारामुल्ला रेल लिंक राष्ट्रीय परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन यार्ड से मोटर ट्रॉली द्वारा चिनाब ब्रिज तक दौरा किया। उन्होंने विभिन्न सुरंगों में पहुंचकर कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सुरंग टी-33 के काम को पूरा करने के लिए शेष गतिविधियों पर उत्तर रेलवे और केआरसीएल के इंजीनियरों के साथ गहन चर्चा की।

## एआई एक्सप्रेस की उड़ानें धीरे-धीरे हो रहीं बहाल

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर इंडिया एक्सप्रेस धीरे-धीरे अपनी उड़ानें बहाल कर रही है। चालक दल यूनियन ने बताया कि बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर गए उनके सभी सदस्य काम पर लौट आए हैं। हालांकि, रविवार को कम से कम 20 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह तक स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानें संचालित करती है। गौरतलब है कि एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के एक वर्ग की हड़ताल के कारण मंगलवार रात से सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में मुख्य श्रम आयुक्त ने सुलह के लिए एक बैठक बुलाई, जिसके बाद गुरुवार को हड़ताल वापस ले ली गई। एयरलाइन ने चालक दल के 25 सदस्यों को जारी सेवा समाप्ति का पत्र भी वापस ले लिया। बैठक में एयरलाइन और एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यूनियन ने रविवार को बयान में कहा कि बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर गए चालक दल के सभी सदस्य काम पर वापस आ गए हैं।

## खुदरा महंगाई स्थिर रहने के आसार

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** खुदरा मुद्रास्फीति के अप्रैल में मोटे तौर पर 4.87% पर स्थिर रहने की संभावना है, जबकि पिछले महीने यह 4.85% थी। मिंट के सर्वे में शामिल 22 अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है।

अर्थशास्त्रियों के अनुमान 4.70% और 5.10% के बीच भिन्न-भिन्न थे। औसत अनुमान 4.85 फीसदी निकलकर आया है। खुदरा महंगाई का आधिकारिक डाटा 13 मई को जारी होगा। सर्वे में शामिल बार्कलेज की क्षेत्रीय अर्थशास्त्री श्रेया सोधानी ने कहा कि मार्च के बाद से खाद्य पदार्थों की कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है, जो काफी हद तक मौसमी है। हालांकि, इनकी भरपाई होने की संभावना है और खुदरा महंगाई में नरमी जारी रह सकती है।

## क्रिप्टो एक्सचेंज बिनांस भारत में फिर शुरू होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज बिनांस भारत में फिर से अपना संचालन शुरू करेगा। कंपनी ने देश की वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) के साथ पंजीकरण करा लिया है। दिसंबर 2023 में बिनांस पर भारत में कारोबार करने पर प्रतिबंधित लगा दिया गया था। कानूनों का पालन नहीं करने की वजह से यह कार्रवाई की गई थी।

एफआईयू के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बिनांस ने भले ही पंजीकरण कराया है लेकिन उसका संचालन तभी शुरू हो सकेगा, जब वह नियमों का उल्लंघन करने के मामले में जुर्माने का भुगतान करेगा। बताया जा रहा है कि कंपनी जुर्माना भरने के लिए तैयार हो गई है। बता दें कि भारत में क्रिप्टो एक्सचेंजों को एफआईयू के साथ पंजीकरण कराना होता है। साथ ही धनशोधन कानून का भी पालन सुनिश्चित करना जरूरी होता है।

### ये आरोप लगे थे

गौरतलब है कि वैश्विक क्रिप्टो एक्सचेंजों पर भारत में अवैध ढंग से काम करने का आरोप लगा था। इस मामले में दिसंबर 2023 को एफआईयू इंडिया ने नौ विदेशी क्रिप्टो एक्सचेंजों को नोटिस जारी किया था। इनमें बिनांस, हुओबी, गेट डॉट आईओ, क्यूकॉइन आदि शामिल थे।

## एसबीआई से 12 हजार फ्रेशर्स जुड़ेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में चालू वित्त वर्ष में 12,000 नए लोग (फ्रेशर्स) शामिल होंगे। इनमें से 85 प्रतिशत इंजीनियरिंग स्नातक हैं। बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने यह जानकारी दी है।

बैंक वित्त वर्ष 2024-25 में पीओ और एसोसिएट्स की भूमिकाओं में 12,000 नए लोगों को शामिल करने की प्रक्रिया में है। खारा ने बताया कि 3,000 से अधिक पीओ और 8,000 से अधिक एसोसिएट्स को बैंकिंग ज्ञान के साथ प्रशिक्षित करने के बाद उन्हें विभिन्न व्यावसायिक भूमिकाओं में शामिल किया जाएगा। एसबीआई ऐसे समय यह कदम उठा रहा है जबकि बैंकिंग क्षेत्र में प्रौद्योगिकी पर निर्भरता तेजी से बढ़ रही है।

# देश-दुनिया

पूर्वी लद्दाख में हालात पर विदेश मंत्री जयशंकर बोले- चीनी सेना के साथ गतिरोध जारी

# 'चीन के साथ कई मुद्दे जल्द हल होंगे'

**उम्मीद**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी लद्दाख सैन्य गतिरोध के पांचवें वर्ष में प्रवेश करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत, चीन के साथ शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करता है।

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति पर निर्भर करती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को एक साक्षात्कार में कहा कि हम उम्मीद करेंगे कि वहां शेष मुद्दों का समाधान होगा। ये मुद्दे मुख्य रूप से वहां गश्त के अधिकार और गश्त क्षमताओं से संबंधित हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, मैं कहूंगा कि अगर संबंधों को सामान्य बनाना है तो हमें उन मुद्दों को हल करने की जरूरत है। भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध चल रहा है और अभी तक सीमा विवाद का पूर्ण समाधान नहीं हो पाया है।

**90.14** फीसदी वृद्धि हुई चीन से द्विपक्षीय व्यापार में

**2014** से पहले विनिर्माण क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था

### रिश्ते सामान्य नहीं

विदेश मंत्री से यह पूछे जाने पर कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले महीने की गई टिप्पणी से उभरे विवाद के समाधान की उम्मीद कब की जा सकती है। इस पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस मामले में केवल बड़ी तस्वीर पेश की है। चीन से हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री उम्मीद जता रहे थे कि चीनी पक्ष को यह एहसास होना चाहिए कि मौजूदा स्थिति उसके भी हित में नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सीमा की स्थिति का तत्काल समाधान किए जाने की जरूरत है। शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं।



### सीमा पर शांति के बिना नहीं बन सकती बात

यह पूछे जाने पर कि चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार क्यों बढ़ रहा है, जबकि भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि सीमा पर स्थिति असामान्य होने पर संबंध सामान्य नहीं हो सकते। इस पर जयशंकर ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि 2014 से पहले विनिर्माण क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था। यह सामान्य ज्ञान है कि अगर सीमा पर शांति नहीं है तो आप सामान्य संबंध कैसे रख सकते हैं।

### खुद पर भरोसा जरूरी

विदेश मंत्री ने कहा, हमें खुद पर भरोसा करने की जरूरत है। मुझे स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में प्रतिस्पर्धा है। हमारा चीन जैसा पड़ोसी है और हमें प्रतिस्पर्धा करना सीखना होगा। भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार में 2015 से 2022 तक 90.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### आईएमईसी क्रियान्वयन में देरी चिंता का विषय

जयशंकर ने कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के क्रियान्वयन में देरी चिंता का विषय है। सितंबर में जब समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, तो उस समय जिस तरह की उम्मीद थी उस पर अब आगे बढ़ना होगा। वहां आतंकवाद से लेकर बंधकों, मानवीय गलियारे से लेकर द्वि-राष्ट्र के समाधान तक चिंता के कई मुद्दे हैं।

## अर्धसैनिक बलों के हमले में 13 की मौत

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान के गीजिरा राज्य के एक गांव पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में कम से कम 13 नागरिक मारे गए। एक प्रतिरोध समिति ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

## 'भारत ने अमेरिका के कहने पर रूसी तेल खरीदा'

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने दावा किया कि भारत ने रूस से तेल खरीदा, क्योंकि अमेरिका चाहता था कि कोई रूसी तेल खरीदे।

उनके मुताबिक, इससे दुनियाभर में तेल की कीमतें नहीं बढ़ीं और भारत ने उस नीति पर अमल भी किया। हालांकि, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद से ही पश्चिमी देश भारत पर दबाव बनाते रहे कि वह रूस से कच्चा तेल न खरीदे, लेकिन इस बयान से गार्सेटी अपने देश की नीतियों को उभारने में लगे हैं। दरअसल, यूक्रेन युद्ध के बाद से भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर जब भी पश्चिमी देशों की यात्रा पर गए, तो रूसी तेल को खरीदने का मुद्दा उठाया गया। पश्चिमी देश भारत पर दबाव डालते रहे कि वह रूस से कच्चा तेल न खरीदे।

**उत्तर रेलवे**

**विज्ञापन एजेंसियाँ ध्यान दें!**

उत्तर रेलवे की ओर से जन सम्पर्क सम्बंधी कार्यों हेतु आई.एन.एस. द्वारा मान्यता प्राप्त विज्ञापन एजेंसियों के एम्पेनलमेंट के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्रपत्र दिनांक 13.05.2024 से 03.06.2024 तक दोपहर 12:00 बजे तक हमारी वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं तथा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 13.05.2024 से सुबह 10:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक, व दिनांक 03.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे, एनडीसीआर बिल्डिंग, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली-110055 के कार्यालय से ₹ 5,900/- (₹ 5,000/- तथा 18% जीएसटी ₹ 900/-) के नकद भुगतान (अप्रतिदेय/non refundable) पर प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन दिनांक 03.06.2024 को अपराह्न 12:30 बजे तक या उससे पहले उपरोक्त पते पर अवश्य पहुंच जाने चाहिए। इसके पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यह सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर भी उपलब्ध है। **1402/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आतंकी को गोली मारने वालों में अमनदीप भी था

**वाशिंगटन/ओटावा, एजेंसी।** खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में गिरफ्तार चौथे भारतीय अमनदीप सिंह को लेकर कनाडा की समाचार एजेंसी ने शनिवार को दावा किया है कि वह उन दो हथियारबंद लोगों में से एक है जिन्होंने निज्जर पर गोलियां बरसाई थीं।

यह भी कहा गया है कि अपने सह-आरोपियों की तरह अमनदीप भी अस्थायी वीजा पर कनाडा पहुंचा और हिंसक अपराध में शामिल हो गया था। अमनदीप भी निज्जर को गोली मारने वालों में शामिल था। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के चलते बढ़े तनाव पर भारत ने ओटावा से देश में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने के लिए कहा कहा था। इसके बाद कनाडा ने 41 राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों को भारत से वापस बुला लिया।

### भारत उठाता रहा है कनाडा पर सवाल

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बीते गुरुवार को कहा था कि खालिस्तान समर्थक अलगाववादी तत्वों को संरक्षण देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तान समर्थकों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वालों को कनाडा में प्रवेश व रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है।

## मालदीव में भारत समर्थित परियोजनाओं में तेजी आई

**माले, एजेंसी।** मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने रविवार को कहा कि देश में भारत समर्थित परियोजनाओं में तेजी लाने से प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को फिर से शुरू करने और पूरा करने की प्राथमिकता देने के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है।

जमीर ने अपनी पहली द्विपक्षीय आधिकारिक यात्रा पर 8 से 10 मई तक भारत का दौरा किया। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर से द्विपक्षीय वार्ता में भारत की वित्तीय सहायता से शुरू की गई परियोजनाओं में तेजी लाने पर चर्चा हुई थी।

जमीर ने कहा कि भारत ने मालदीव को 200 मिलियन डॉलर के ऋण में से 150 मिलियन डॉलर की पुनर्भुगतान समय सीमा बढ़ाने के लिए हरी झंडी दे दी है। यह ऋण पिछली सरकार द्वारा 2019 में सत्ता संभालने पर सुरक्षित किया गया था।

### 'मालदीव सेना के पायलट सक्षम नहीं'

**माले।** मालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून ने कहा मालदीव सेना के पास भारत के तीन विमानों को चलाने में सक्षम पायलट नहीं हैं। रक्षा मंत्री का यह बयान भारत के 76 सैनिकों की वापसी के बाद आया है। शनिवार को राष्ट्रपति कार्यालय में घासन ने कहा कि भारत ने दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान सौंपा है, जिसको संचालित करने के लिए भारतीय सैनिक मदद करते थे, लेकिन अब उनकी वापसी हो गई है।

## कारोबारी चर्चा

कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

### सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने मुजफ्फरपुर में पहला स्टोर खोला...




पूर्वी भारत की सबसे बड़ी आभूषण खुदरा श्रृंखला सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने मुजफ्फरपुर, बिहार में पहला आभूषण स्टोर खोला। मुजफ्फरपुर के स्पीकर चौक, कलमबाग रोड स्थित नये शोरूम का उद्घाटन सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के सीजीएम-सेल्स धवल राजा ने किया। 4500 वर्ग फुट के शोरूम क्षेत्र में फैला नया स्टोर हल्के से लेकर भारी वजन के आभूषणों और शादी के संग्रहों की विशेष रेंज प्रदर्शित करेगा।

### UPSC प्रीलिम्स की तैयारी करने वाले 25,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने VISION IAS के अभ्यास प्रीलिम्स 2024 के पहले टेस्ट में भाग लिया...



Vision IAS में आयोजित अभ्यास प्रीलिम्स ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट में 25,000 से अधिक अभ्यर्थियों का शामिल होना एक बहुत बड़ी सफलता है। अभ्यास प्रीलिम्स मॉक टेस्ट से अभ्यर्थियो को UPSC CSE के पहले चरण यानी प्रीलिम्स एग्जाम को लेकर अपनी तैयारी को जांचने, परखने एवं मूल्यांकन करने के लिए एक साझा मंच मिल जाता है। देश भर के 100 से अधिक शहरों में एक साथ अभ्यास प्रीलिम्स आयोजित करने से भारत के सभी हिस्सों से अभ्यर्थियो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## प्रवेश सूचना

### राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली

प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार की सी.टी.एस. योजना में अगस्त, 2024 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ट्रेड, प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए हैं :

| क्र. स. | ट्रेड का नाम | सीटें | प्रशिक्षण की अवधि | प्रवेश योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर | 216 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 2. | फिजियोथेरपी तकनीशियन | 60 | 1 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 3. | डेंटल लैब तकनीशियन | 48 | 2 वर्ष | दसवीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण हो। |
| 4. | रेडियोलॉजी तकनीशियन | 40 | 2 वर्ष | बारहवीं कक्षा परीक्षा (विज्ञान वर्ग) उत्तीर्ण हो। |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखें।**

1. **प्रमाण पत्र :** पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद, सफल प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT), भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो कि केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/पीएसयू के अधीन अधीनस्थ पदों और सेवाओं की भर्ती के लिए मान्यता प्राप्त योग्यता है।
2. **चयन प्रक्रिया :** सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ तथा पहले पाओ के आधार पर किए जाएंगे।
3. **आयु :** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त 2024 को कम से कम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करें :** उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट **www.nitcindia.com** से प्रवेश पत्र ऑनलाइन भरकर ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विवरणिका को रुपये 200/- का नकद भुगतान करके संस्थान से भौतिक रूप से भी लिया जा सकता है।
   **नोट :** फॉर्म भरते समय रुपये 500/- का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क भी देय होगा ।
5. **छात्रवृत्ति :** प्रवेश के पश्चात् आय प्रमाण पत्र रखने वाले आरक्षित वर्ग के छात्र भारत सरकार की ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति की छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।
6. **बस-पास सुविधा :** सरकार छात्रों को 100 रुपये प्रति माह की दर से रियायती बस-पास सुविधा प्रदान करती है, यह दिल्ली में चलने वाली सभी एसी और गैर-एसी बसों में मान्य है।
7. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट **www.nitcindia.com** पर लॉग ऑन करें।
8. **प्रवेश की अंतिम तिथि : 1 जुलाई, 2024**

**निदेशक**

**राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली**

30-34, सेवक पार्क, द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन, पिलर नं.-771 के सामने, मेन नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली - 110059

व्हाट्स ऐप हेल्पलाइन : 9315138815, 011-42828067 (सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)

वि.स.: रा./औ./24



सुपर किंग्स ने लो स्कोरिंग मैच में रॉयल्स को पांच विकेट से हरा प्लेऑफ का दावा मजबूत किया, सिमरजीत ने झटके तीन विकेट

# चेन्नई की राजस्थान पर शाही जीत

**चेन्नई।** सिमरजीत सिंह के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद रुतुराज गायकवाड़ ने कप्तानी पारी खेली। इससे चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को चेपॉक स्टेडियम में लो स्कोरिंग मैच में राजस्थान रॉयल्स को दस गेंद रहते पांच विकेट से पराजित किया। इस शाही जीत के साथ चेन्नई ने प्लेऑफ का अपना दावा मजबूत कर लिया है। हालांकि टीम को हर हाल में 18 मई को बेंगलुरु के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच जीतना होगा।

**गायकवाड़ के 42 रन :** चेन्नई ने 142 रन का लक्ष्य 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर हासिल कर लिया। गायकवाड़ (42 नाबाद) एक छोर पर डटे रहे और टीम को विजय दिलाकर ही लौटे। उन्होंने रचिन (27) के साथ पहले विकेट के लिए 32 और डेरिल (22) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 रन जोड़े। रिज्वी ने नाबाद 15 रन जबकि दुबे ने 18 और मोइन ने 10 रन का योगदान दिया।

**सिमरजीत ने दिए झटके :** इससे पहले राजस्थान की टीम पांच विकेट पर 141 रन ही बना पाई। उसके बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाए। पराग नाबाद 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। ध्रुव ने 28, यशस्वी ने 24 और बटलर ने 21 रन बनाए। चेन्नई के लिए तेज गेंदबाज सिमरजीत ने तीन विकेट झटके। यशस्वी और बटलर ने टीम को सतर्क शुरुआत दिलाते हुए पावरप्ले में 42 रन बटोरे। सिमरजीत ने यशस्वी को आउट कर पहला झटका दिया। अपने अगले ओवर में सिमरजीत ने बटलर को डीप फाइन लेग में देशपांडे के हाथों कैच करवाया।

**पराग-संजू की साझेदारी :** पराग और संजू (15) क्रीज पर थे। पराग का 12वें ओवर में 15 रन पर तीक्ष्णा ने कैच छोड़ दिया था। संजू रन गति बढ़ाने में विफल रहे और सिमरजीत ने उनके रूप में अपना तीसरा विकेट हासिल किया। इससे उनकी पराग के साथ 42 रन की साझेदारी खत्म हुई।

**अंतिम पांच ओवर में 47 रन :** पराग और ध्रुव ने चौथे विकेट के लिए 40 रन जोड़े। देशपांडे ने अंतिम ओवर में ध्रुव और शुभम दुबे को लगातार गेंदों पर आउट किया। राजस्थान ने अंतिम पांच ओवर में दो विकेट गंवाए और 47 रन जोड़े।



चेपॉक में रविवार को राजस्थान के ओपनर यशस्वी का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह। ● एजेंसी

**5** विकेट चेन्नई के दो तेज गेंदबाजों ने मिलकर चटकाए

**3** मैच इस सत्र में लगातार पहली बार राजस्थान की टीम ने हारे हैं

### गायकवाड़ ने गंवाया 11वां टॉस

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने इस सत्र में 11वीं बार टॉस गंवाया। वह सर्वाधिक टॉस गंवाने के मामले में धौनी के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। धौनी ने 2008 में ऐसा किया था। हालांकि 2012 में उन्होंने 12 बार टॉस हारा था। उनका यह रिकॉर्ड 11 साल बाद राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने तोड़ा था। संजू ने 2022 में 13 बार टॉस गंवाया।

### चेपॉक में अश्विन के 50 विकेट

अश्विन ने चेपॉक में लीग के 50 विकेट पूरे किए। वह एक स्टेडियम में 50 अधिक विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज हैं। उनसे पहले नारायन (70, ईडन गार्डंस), मलिंगा (68, वानखेड़े), मिश्रा (58, अरुण जेटली), चाहल (52, चिन्नास्वामी) और बुमराह (52, वानखेड़े) ऐसा कर चुके हैं।

## गुगली : जडेजा फील्डिंग में बाधा डालने पर आउट हुए

जडेजा को मैदान में फील्डिंग में बाधा पहुंचाने के लिए आउट करार दिया गया। वह फील्डिंग में बाधा पहुंचाने के लिए आउट होने वाले लीग के इतिहास के तीसरे खिलाड़ी। इससे पहले 2019 में दिल्ली के मिश्रा को हैदराबाद के खिलाफ व 2013 में कोलकाता के यूसुफ पठान को पुणे वॉरियर्स के खिलाफ आउट करार दिया गया था।

चेन्नई की पारी के 16वें ओवर में आवेश के खिलाफ जडेजा ने ऑफ साइड में हल्के हाथ से शॉट खेला। तेजी से एक रन पूरा करने के बाद वह दूसरे रन के लिए भाग गए, लेकिन गायकवाड़ ने उन्हें मना किया। वह आधी पिच तक पहुंच गए। राजस्थान के कप्तान संजू ने नॉन स्ट्राइक एंड पर निशाना साधते हुए थ्रो किया जो जडेजा के हाथ से जा लगा। मैदानी अंपायर ने इस मामले को थर्ड अंपायर के पास भेजा और पाया कि जडेजा जानते थे कि थ्रो उनके बीच में आ रहा है इसके बावजूद वह बीच में दौड़ते रहे।



## गुजरात की टीम को कोलकाता पर चाहिए सिर्फ विजय

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सोमवार को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। गिल ने चेन्नई के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। साई सुदर्शन ने भी शतक लगाया।

यह निश्चित है कि गुजरात की टीम अगर-मगर के समीकरण में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कसर नहीं छोड़ेगी। उसके गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। तेज गेंदबाजों में निरंतरता का अभाव है जबकि स्पिनर रन लुटा रहे हैं।

चेन्नई के खिलाफ पिछले मैच में उसने पहले तीन ओवर में ही तीन विकेट ले लिए थे। अनुभवी मोहित और राशिद का गेंदबाजी में प्रदर्शन टीम के लिए काफी मायने रखेगा। बल्लेबाजी में गुजरात के शीर्ष क्रम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच को छोड़कर बाकी मैचों में उसके चोटी के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।




**प्रसारण :** शाम 7:30 बजे स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

KP
KAMLA PASAND
SILVER COATED ELAICHI
Watch at: You Tube
Anokha Swad
THIS CONTAINS SODIUM SACCHARIN (INS 954) or SUCRALOSE (INS 955) and NEOTAME (INS 961)
NOT RECOMMENDED FOR CHILDREN, NO SUGAR ADDED IN THE PRODUCT
CONTAINS ARTIFICIAL SWEETENER AND FOR CALORIE CONSCIOUS.

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 12 | 09 | 03 | 00 | +1.428 | 18 |
| राजस्थान | 12 | 08 | 04 | 00 | +0.349 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 07 | 06 | 00 | +0.528 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 07 | 05 | 00 | +0.406 | 14 |
| बेंगलुरु | 13 | 06 | 07 | 00 | +0.387 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 06 | 07 | 00 | -0.482 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 06 | 06 | 00 | -0.769 | 12 |
| गुजरात | 12 | 05 | 07 | 00 | -1.063 | 10 |
| मुंबई | 13 | 04 | 09 | 00 | -0.271 | 08 |
| पंजाब | 12 | 04 | 08 | 00 | -0.423 | 08 |

### ऑरेंज कैप

| | |
|---|---|
| कोहली (बेंगलुरु) | 661 |
| रुतुराज (चेन्नई) | 583 |
| ट्रेविस (हैदराबाद) | 533 |

### पर्पल कैप

| | |
|---|---|
| बुमराह (मुंबई) | 20 |
| हर्षल (पंजाब) | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 18 |

20 ...Where Achievements Redefine Excellence... BATCH 2023
STELLAR PACKAGE #1
By paloalto NETWORKS
₹ 50 LACS
AMIT GUPTA
B.Tech - CSE
linkedin.com/in/amit-gupta-714573138
PSIT Kanpur
www.psitkanpur.ac.in
B.TECH | M.TECH | D.PHARM | B.PHARM | M.PHARM | MBA | MCA | BBA | BCA
HELPLINE : +91 767 099 8888

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स : | 141/5 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी क. रुतुराज ब. सिमरजीत | 24 | 21 | 3/1 |
| बटलर क. तुषार ब. सिमरजीत | 21 | 25 | 2/0 |
| संजू क. रुतुराज ब. सिमरजीत | 15 | 19 | 0/0 |
| रियान पराग नॉटआउट | 47 | 35 | 1/3 |
| ध्रुव क. शार्दुल ब. तुषार | 28 | 18 | 1/2 |
| शुभम क. दुबे ब. तुषार | 00 | 01 | 0/0 |
| रवींचद्रन अश्विन नॉटआउट | 01 | 01 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 05 | | |
| विकेट पतन : 1/43, 2/49, 3/91, 4/131, 5/131. | | | |
| गेंदबाजी : | | | |
| तुषार देशपांडे | 4-0-30-2 | | |
| महीश तीक्ष्णा | 4-0-28-0 | | |
| शार्दुल ठाकुर | 4-0-32-0 | | |
| सिमरजीत सिंह | 4-0-26-3 | | |
| रवींद्र जडेजा | 4-0-24-0 | | |

| चेन्नई सुपर किंग्स : | 145/5 (18.2 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| रचिन क. व ब. अश्विन | 27 | 18 | 1/2 |
| रुतुराज गायकवाड़ नॉटआउट | 42 | 41 | 1/2 |
| डेरिल एलबीडब्ल्यू ब. चाहल | 22 | 13 | 4/0 |
| मोईन क. आवेश ब. बर्गर | 10 | 13 | 0/0 |
| शिवम क. पराग ब. अश्विन | 18 | 11 | 2/1 |
| जडेजा बाधा पहुंचाने में | 05 | 06 | 0/0 |
| समीर रिज्वी नॉटआउट | 15 | 08 | 3/0 |
| अतिरिक्त | 06 | | |
| विकेट पतन : 1/32, 2/67, 3/86, 4/107, 5/121. | | | |
| गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट | 2.2-0-24-0 | | |
| संदीप शर्मा | 3-0-30-0 | | |
| रविचंद्रन अश्विन | 4-0-35-2 | | |
| नांद्रे बर्गर | 3-0-21-1 | | |
| युज्वेंद्रा चाहल | 4-0-22-1 | | |
| आवेश खान | 2-0-12-0 | | |

# बेंगलुरु ने दिल्ली को 47 रन से हरा कायम रखी प्लेऑफ की आस

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को पांच गेंद रहते 47 रन से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों का जीवत रखा है। बेंगलुरु लगातार पांचवीं जीत से पांचवें स्थान पर पहुंच गया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बेंगलुरु ने पहले नौ विकेट पर 187 रन बनाए।

उसके बाद गेंदबाजों ने दिल्ली को 19.1 ओवर में 140 रन पर ढेर कर दिया। इस हार से दिल्ली की प्लेऑफ की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। अब उसे मंगलवार को अपने घर में लखनऊ पर बड़ी जीत के साथ अन्य टीमों के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा।

**अक्षर का अर्धशतक :** लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। उसके शीर्ष चार बल्लेबाज 21 गेंद में 30 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। कार्यवाहक कप्तान अक्षर (57) जब तक क्रीज पर थे कुछ आस थी पर उसके आउट होते हुए मैच दिल्ली के हाथ से निकल गया। अक्षर के अलावा होप (29), जैक फ्रेजर (21) और सलाम (10) ही दोहरे अंक तक पहुंचे। बेंगलुरु के लिए यश ने तीन, फर्ग्युसन ने दो जबकि स्वप्निल, सिराज और ग्रीन ने एक-एक विकेट लिया।



बेंगलुरु में रविवार को अपनी पारी के दौरान शॉट लगाते रजत पाटीदार। ● एजेंसी

**250** आईपीएल मैच खेलने वाले कोहली चौथे खिलाड़ी बने

**88** रन की पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रजत पाटीदार और जैक्स ने तीसरे विकेट के लिए निभाई

**पाटीदार-जैक्स की साझेदारी :** इससे पहले बेंगलुरु के लिए पाटीदार ने 32 गेंद में तीन छक्कों और तीन चौकों से 52 रन की पारी खेलने के अलावा जैक्स (29 गेंद, 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी भी की। ग्रीन ने अंत में 24 गेंद में नाबाद 32 रन बनाए। दिल्ली के लिए सलाम और खलील ने दो-दो विकेट चटकाए। इशांत, मुकेश और कुलदीप को एक-एक सफलता मिली।

**मुकेश ने दिया झटका :** बेंगलुरु ने चौथे ओवर में 36 रन पर दोनों ओपनरों कप्तान डु प्लेसिस (6) और कोहली (27) के विकेट गंवा दिए। डु प्लेसिस ने तीसरे ओवर में मुकेश की गेंद पर जैक फ्रेजर को कैच थमाया। कोहली ने इशांत पर दो छक्के जड़े पर उनकी गेंद पर ही पोरेल को कैच दे बैठे। पाटीदार ने मुकेश पर तीन चौके मारे और अक्षर का स्वागत छक्के के साथ किया।

## ईशा और अनीष की लगातार दूसरी जीत

**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी।** ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीत ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। दोनों ने दिल्ली में पहला ट्रायल जीता था। ईशा ने फाइनल में 43 अंक जुटाए।

मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे जबकि रिद्धम सांगवान (33 अंक) तीसरे स्थान पर रहीं। सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। अनीष ने फाइनल में पांच निशानों की तीन सीरीज में सटीक निशाने लगाए।

## दीक्षा ने 1500 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अविनाश साबले ने 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया।

**तीन साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा :** दीक्षा ने यहां शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय निकाला। इस प्रदर्शन से उन्होंने हरमिलन बैंस (4:5.39 सेकंड, 2021 राष्ट्रीय चैंपियनशिप) का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। महिलाओं की 5000 मीटर में पारुल चौधरी 15 मिनट 10.69 सेकंड का समय लेकर पांचवें जबकि अंकिता (15:28.88 सेकंड) दसवें स्थान पर रहीं। साबले ने 13 मिनट 20.37 सेकंड का समय निकाला।

साबले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13 : 19.30 सेंकड है। गुलवीर सिंह ने 13 मिनट 31.95 सेकंड में दौड़ पूरी की। कार्तिक कुमार 10000 मीटर में 28 मिनट 7.66 सेकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहे।

## बस अमन को मिला पेरिस का टिकट

**कुश्ती**

**इस्तांबुल, एजेंसी।** सुजीत कलकल और जयदीप अहलावत को विश्व क्वालीफायर में रविवार को कड़ी चुनौती देने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इससे पेरिस ओलंपिक खेलों में अब सिर्फ एक पुरुष पहलवान अमन देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**बजरंग की उम्मीद भी टूटी :** सुजीत ने 65 किग्रा के कांस्य के मुकाबले में अमेरिका के जेन एलेन रदरफोर्ड को चुनौती दी लेकिन काउंटर अटैक पर टेकडाउन के कारण योग्यता के आधार पर हार गए। सुजीत की हार का मतलब यह भी है कि डोप परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार करने के कारण निलंबित बजरंग पूनिया की पेरिस खेलों में हिस्सा लेने की रही-सही उम्मीद भी टूट गई।

जयदीप तुर्कमेनिस्तान के अर्सलान अमानमिरादोव के खिलाफ 74 किग्रा रेपेचेज में जीते लेकिन वह स्थानीय दावेदार सोनेर डेमिरतास के खिलाफ कुछ खास नहीं कर सके और कांस्य मुकाबला 1-2 से हार गए।

**पेरिस में छह भारतीय पहलवान :** अब पेरिस में भारतीय दल में छह पहलवान होंगे जिनमें पांच महिलाएं शामिल हैं। महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) ने पेरिस का कोटा हासिल किया है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या भारतीय कुश्ती महासंघ टीम चुनने के लिए ट्रायल आयोजित करता है या कोटा विजेताओं को 26 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों में प्रतिनिधित्व करने की अनुमति देगा।

## खेल 30s

### फेडरेशन कप : विथ्या हटीं, वीरपाल चैंपियन बनीं

**भुवनेश्वर।** गत चैंपियन और 400 मीटर बाधा दौड़ में संयुक्त राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी विथ्या रामराज पीठ दर्द के कारण रविवार को राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स में स्पर्धा से हट गई। पंजाब की वीरपाल कौर ने 59.43 सेकंड से स्वर्ण जीता। केरल की सालिनी वालुपारारम्बिल (1:00.73 सेकंड) दूसरे और पंजाब की रमनदीप कौर (1:01.29 सेकंड) तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु के संतोष कुमार 50.04 सेकंड के समय से अव्वल रहे। पंजाब के निखिल भारद्वाज (50.92 सेकंड) दूसरे और गुजरात के धवल महेश उतेकर (51.13 सेकंड) तीसरे स्थान पर रहे।

### अमेरिका में कॉलेजिएट दौड़ में परवेज को खिताब

**ओरेगॉन (यूजीन)।** भारत के परवेज खान ने कॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रतियोगिता एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड में पुरुषों की 1500 मीटर का खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में शनिवार को 19 वर्षीय परवेज ने अंतिम चरण में बढ़त बनाई और तीन मिनट और 42.73 सेकंड में शीर्ष स्थान पर रहे। अमेरिका के मैक्स हार्डिन (3:43.39) दूसरे स्थान तथा डाल्टन हेंगस्ट ने (3:43.51) समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। परवेज फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप पर अमेरिका में हैं। इसके बाद दिन में वह 800 मीटर में 1:46.80 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को क्लीन स्वीप से रोका

**ढाका।** कप्तान सिकंदर रजा (72 रन नाबाद, 46 गेंद) और ब्रायन बेनेट (70 रन, 49 गेंद) की शानदार पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई 75 रन की साझेदारी से जिम्बाब्वे ने रविवार को बांग्लादेश पर पांचवें और अंतिम टी-20 में आठ विकेट से जीत दर्ज कर। इसके साथ ही जिम्बाब्वे ने पांच मैच की सीरीज में मेजबान टीम को क्लीन स्वीप से रोक दिया। बांग्लादेश ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करत हुए छह विकेट पर 157 रन बनाए। जिम्बाब्वे ने 18.3 ओवर में दो विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश ने सीरीज 4-1 से जीत ली।

### इटैलियन ओपन : नडाल के बाद नोवाक भी बाहर

**रोम।** नोवाक जोकोविच रविवार को इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में सनसनीखेज हार के साथ बाहर हो गए। दिग्गज खिलाड़ी को 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो ने उलटफेर का शिकार बनाया। जोकोविच ने एक 'डबल फॉल्ट' से शुरुआत की और छह बार का रोम चैंपियन इसके बाद उबर नहीं सका। जोकोविच टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गए। एक दिन पहले 10 बार के रोम चैंपियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गए थे।

### लियोनेल मेसी चोट के बावजूद पूरे मैच में खेले

**मॉन्ट्रियल।** इंटर मियामी के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी चोटिल होने के बावजूद मेजर सॉकर लीग में पूरे मैच में खेले। उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हरा लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। मेसी के बाएं घुटने में पहले हाफ में चोट लग गई। मेडिकल स्टाफ ने उनका उपचार किया और वह कुछ देर बाहर रहे पर दर्द के बावजूद लौट आए। मॉन्ट्रियल जूल्स एंथनी विल्सेंट और ब्राइस ड्यूक के गोल से एक समय 2-0 से आगे था। फिर इंटर मियामी ने वापसी की। उसकी तरफ से बेंजामिन क्रेमास्ची, लुई सुआरेज और मैटियास रोजास ने गोल किए।

**शतरंज** | सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में चीन के वेई और नॉर्वे के मैग्नस खिताब के दावेदार, तीसरा स्थान भारतीय खिलाड़ी को मिलने की उम्मीद

# प्रज्ञाननंदा ने चतुर चालों से ध्वस्त की नंबर-1 कार्लसन की चुनौती

**वारसा, एजेंसी।** 'माइंड गेम' शतरंज में युवा भारतीय आर प्रज्ञाननंदा की चालों के सामने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन चकरा गए और हथियार डाल दिए। इस तरह प्रज्ञाननंदा ने शनिवार को कार्लसन पर 69 चालों में जीत दर्ज की।

इसके बावजूद वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत एकल बढ़त ले ली है।

**नौ दौर अभी बाकी :** 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट के ब्लिट्ज में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। नॉर्वे के कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक हैं। ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है। भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं और उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। प्रतियोगिता के शुरू में शीर्ष पर रहने वाले रोमानिया के किरिल शेवचेंको 11 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं। हॉलैंड के अनीश गिरी 10.5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**गुकेश की फॉर्म से चिंता :** दूसरी ओर, विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वेई यी ने गुकेश के खिलाफ हार से उबरते हुए कार्लसन से केवल ड्रॉ खेला, जबकि बाकी सात गेम में जीत दर्ज करने में सफल रहे। गुकेश शानदार शुरुआत के बावजूद कुल 2.5 अंक ही हासिल कर सके।

**अर्जुन को उम्मीद :** अर्जुन (14 अंक) ने प्रज्ञाननंदा और गुकेश पर जीत के साथ फिलहाल अपने पोडियम फिनिश का दावा कायम रखा है। वेई यी और कार्लसन से हारकर, अर्जुन ने अपने अन्य खेलों में पांच जीत दर्ज करने के साथ दो मुकाबले ड्रॉ बनाए खेले।




वारसा में शनिवार को नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन (बाएं) के खिलाफ मुकाबले के दौरान आर. प्रज्ञाननंदा (दाएं)। ● एजेंसी

**20.5** अंक के साथ चीन के वेई यी अंकतालिका में शीर्ष पर बरकरार

**14.5** अंक के साथ प्रज्ञाननंदा तीसरे, 14 के साथ अर्जुन चौथे स्थान पर

### सोशल मीडिया से

दुनिया के मशहूर फुटबॉलर ब्राजील के नेमार ने अपने क्लब सऊदी अरब के अल हिलाल के सऊदी प्रो लीग ट्रॉफी जीतने का जश्न अपनी बेटी के साथ मनाया। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इसका एक वीडियो वायरल है जिसमें वह अपनी टीम की अल नस्र पर 2-1 की जीत के बाद अपनी सात महीने की बेटी मावी के साथ मैदान पर नजर आ रहे हैं। उनकी टीम ने रोनाल्डो की टीम को हराकर 19वीं बार ट्रॉफी पर कब्जा किया। फिर उन्होंने ड्रेसिंग रूम में भी अपनी खुशी शेयर की। उन्होंने अपनी टीम को इस जीत पर बधाई भी दी।



POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

# अद्भुत : सूरज पर हुए धमाकों से निकली ज्वालाएं कैमरे में कैद

नासा ने सूर्य की सतह पर शुक्रवार और शनिवार को हुए दो विस्फोटों को रिकॉर्ड किया। इस दौरान सूरज से ज्वालाएं (सोलर फ्लेयर्स) भी निकलीं। सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने इस नजारे को कैद किया। बयान में कहा, 10–11 मई, 2024 को सूर्य से दो फ्लेयर्स निकले। सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने घटनाओं की तस्वीरें खींचीं, जिन्हें एक्स 5 .8 और एक्स 1 .5 श्रेणी के फ्लेयर्स के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

### आसमान में दिखती है रोशनी

दरअसल, सूर्य के नॉर्थ और साउथ पोल्स अपनी जगह बदलते हैं, जिसे दोबारा स्विच करने में 11 वर्ष लगते हैं। इस अवधि के दौरान सूर्य से फ्लेयर्स निकलते हैं। धरती पर भी इसका असर दिखता है और आसमान में खूबसूरत सी रोशनी दिखती है। हालांकि, सबसे ताकतवर सौर तूफान सन् 1859 में पृथ्वी से टकराया था। इसे कैरिंगटन इवेंट नाम दिया गया था। इस तूफान के कारण संचार लाइनें पूरी खराब हो गई थीं।



**10** मई को सूरज पर हुए विस्फोट से निकले फ्लेयर्स को एक्स 5.8 श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है।



**11** मई को सूरज पर हुए विस्फोट से निकले फ्लेयर्स को एक्स 1.5श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

### इस तरह बनती हैं सोलर फ्लेयर्स

सूर्य से जब चुंबकीय ऊर्जा रिलीज होती है, तो उससे निकलने वाली रोशनी और पार्टिकल्स सौर फ्लेयर्स का रूप लेते हैं। हमारे सौर मंडल में फ्लेयर्स अब तक के सबसे शक्तिशाली विस्फोट हैं, जिनमें अरबों हाइड्रोजन बमों की तुलना में ऊर्जा रिलीज होती है। इनमें मौजूद एनर्जेटिक पार्टिकल्स प्रकाश की गति से अपना सफर तय करते हैं। अगर सोलर फ्लेयर की दिशा पृथ्वी की ओर होती है, तो यह जियो मैग्नेटिक यानी भू-चुंबकीय गड़बड़ी पैदा कर सकता है।

## विदेश 30S

### पूर्वोत्तर यूक्रेन में रूस ने तेज किए हमले

**कीव।** यूक्रेन के उत्तर-पूर्व क्षेत्र में रूस के रविवार को नए सिरे से हमले तेज कर दिए हैं। तोपखाने और मोर्टार से कस्बों-गांवों को निशाना बनाया। हमलों ने यूक्रेनी इकाई को खारकीव क्षेत्र में पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि 4,000 नागरिक उस समय खारकीव क्षेत्र से पलायन कर गए हैं, जब मॉस्को की सेना ने ऑपरेशन शुरू किया था।

### इमरान खान से बातचीत को नवाज शरीफ तैयार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज सुप्रीमो नवाज शरीफ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं, पाक पीएम के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने रविवार को यह बात कही। राणा सनाउल्लाह ने कहा, बिना शर्त बातचीत आगे बढ़ने का रास्ता है और मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र विकल्प है।

### अफगानिस्तान से ब्राजील तक बाढ़ से बर्बादी

**काबुल/पोर्टो एलेग्रे/जकार्ता।** अफगानिस्तान से ब्राजील तक पानी कहर बरपा रहा है। यहां बाढ़ से सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों विस्थापित हुए हैं। जकार्ता में भी बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। अफगानिस्तान में बाढ़ से भारी तबाही हुई है। विश्व बैंक बाढ़ से प्रभावित ब्राजील को आपातकालीन सहायता प्रदान कर रहा है। इसके तहत 12 .5 करोड़ डॉलर की मदद दी जाएगी।

### ट्रंप को लग सकता है 836 करोड़ रुपये का झटका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक ( करीब 836 करोड़ रुपये) का कर चुकाना पड़ सकता है। ऐसा तब होगा जब वह शिकागो टावर पर भारी नुकसान के दावों की आंतरिक राजस्व सेवा की वर्षों से चली आ रही जांच हार जाते हैं। ट्रंप ने शिकागो टॉवर से अनुचित टैक्स छूट का दावा करने के लिए गलत कार्य किया था।

प्रदर्शनकारियों से झड़प के दौरान पुलिस अफसर की मौत

# विरोध : पीओके में महंगाई के खिलाफ गुस्सा फूटा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों में शनिवार को हिंसक झड़प हुई। इसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

पाक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को कहा गया कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस में हिंसक झड़प भी हुई। लोगों ने पुलिस को पीटा और पत्थर भी फेंके। पूरे इलाके में चक्का जाम कर दिया गया और दुकानें बंद रखी गईं।

मीरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कामरान अली ने बताया कि सब-इंस्पेक्टर अदनान कुरैशी की इस्लामगढ़ शहर में सीने में गोली लगने से मौत हो गई। कुरैशी वहां अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कोटली और पुंछ जिला होते हुए मुजफ्फराबाद जा रही एक रैली को रोकने के लिए तैनात थे। उन्होंने बताया कि यह रैली जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के बैनर तले निकाली थी। मुजफ्फराबाद के इलाकों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। राष्ट्रपति ने हितधारकों को मुद्दे के समाधान के लिए प्रस्ताव लाने का निर्देश दिया।



**100** से अधिक लोग प्रदर्शन के दौरान घायल

पीओके में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

### पुलिस ने गोलियां दागीं

पूरे मुजफ्फराबाद और पुंछ में हड़ताल जारी। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिसबल बुलाया गया। एसएसपी यासीन बेग ने कहा कि प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव करने और बोतलें फेंके जाने के बाद पुलिस ने कुछ इलाकों में आंसू गैस के गोले छोड़े और हवाई फायरिंग की।

### मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद

रविवार को भीमबेर और बाग कस्बों सहित पाक अधिकृत कश्मीर के ज्यादातर हिस्सों में मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में क्षेत्र की स्थिति से संबंधित एक आपात बैठक बुलाई है।

# पोलैंड का सबसे बड़ा मॉल आग से तबाह

**वारसॉ।** पोलैंड की राजधानी वारसॉ में रविवार तड़के सबसे बड़े शॉपिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। इसमें 1400 दुकानें जलकर खाक हो गईं। फायर ब्रिगेड ने कहा कि मैरीविल्स्का 44 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के 80 प्रतिशत से अधिक हिस्से में आग लगी हुई थी।

यहां पचास से अधिक टीमें आग बुझाने और बचाव अभियान में लगी थीं। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वारसॉ स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध एक औद्योगिक निर्माण कंपनी मिरबड, शॉपिंग सेंटर की मालिक है। शॉपिंग सेंटर और दुकानें आमतौर पर रविवार को बंद रहती हैं।



पोलैंड की राजधानी वारसॉ में रविवार को शॉपिंग सेंटर में लगी आग से उठता धुआं।

## 'बंधकों को छोड़े हमास, युद्ध विराम कल संभव'

**सिएटल, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अगर हमास सभी बंधकों को रिहा कर तो गाजा में युद्धविराम कल से ही संभव है। वह शनिवार देर शाम एक चुनावी कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, इजरायल ये पहले कह चुका है कि ये हमास पर निर्भर है। अगर वो ऐसा करता है तो हमल कही ही युद्ध रोक सकते हैं। बाइडन ने कहा, बंधक महिलाओं, बुजुर्गों और घायलों को हमास जितना जल्दी रिहा करेगा, युद्ध उतनी जल्दी ही रुक सकता है।

# अमेरिका के विश्वविद्यालयों में फलस्तीनी झंडे फहराए

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सप्ताह भर की शांति के बाद शनिवार को अमेरिकी विश्वविद्यालयों में फिर फलस्तीन समर्थन में प्रदर्शन हुए। दीक्षांत समारोह में छात्रों ने नारेबाजी की और कई जगह फलस्तीनी झंडे भी फहराए गए।

नार्थ कैरोलिना से लेकर कैलिफोर्निया तक स्थित कॉलेज और विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों द्वारा फलस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन किए। वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी में गवर्नर ग्लेन यंगकिन के संबोधन के दौरान करीब 100 छात्र उठकर बाहर चले गए और उनमें से कुछ छात्रों और उनके परिजनों ने फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किया तो कुछ ने यंगकिन की शिक्षा नीतियों की आलोचना की। विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय के कैंप रान्डेल स्टेडियम में दीक्षांत समारोह में कुछ फलस्तीन समर्थकों ने मौन विरोध प्रदर्शन किया।

बवासीर
खूनी, मस्से, मोके, पुरानी से पुरानी बवासीर के लिए
P-6 आयुर्वेदिक कैप्सूल व ट्यूब
Capsule & Tube
A Formula Researched by S.P. Singh Chawla
B.Sc; (Bio), M.Sc; (Chem.), EDP.
23 साल से मरीजो का भरोसा

Helpline : 98141-75205
कब्ज के लिए No - KABZ Granules & Capsules का इस्तेमाल करें

Gear up for a drive like never before.
Avail exciting benefits on your favourite Hyundai car.



Benefits made just for you

| | Cash benefits up to* | Exchange | Pride of India / Corporate | Total benefits up to* |
|---|---|---|---|---|
| i20 | ₹35 000 | ₹10 000 | | ₹45 000 |
| EXTER | ₹10 000 | | | ₹10 000 |
| Grand i10 NIOS | ₹35 000 | ₹10 000 | ₹3 000 | ₹48 000 |
| VENUE | ₹25 000 | ₹10 000 | | ₹35 000 |

Hyundai ClicktoBuy Scan here
3 YEAR 1 00 000km** Warranty Coverage
3 YEAR Unlimited** Kilometer Warranty
UPTO 7 YEARS Extended Warranty^
HYUNDAI
3 YEARS Road Side Assistance (RSA)
UPTO 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package
UPTO 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package
Get additional ₹5000 Scrappage Bonus on scraping your existing car.*

WEST DELHI
SAPPHIRE (Mayapuri Ph-1) 9650108001 | SAPPHIRE (Sec.20 Dwarka) 8448189473 | DEEP (Mangolpuri) 011-45559555 | DEEP (Mundka Indl.Area) 8860606033 | TRIUMPH (Janakpuri) 9311865801 | FRONTIER (Raja Puri Dwarka) 9711575950 | UNIVERSAL (Najafgarh) 9953757023 | VD (Peeragarhi) 9899908368 | HANS (Motinagar) 9871377445

SOUTH DELHI
SHUBAN SAI (Mathura Road, MCIE) 8882435400 | KONCEPT (Safdarjung Enclave) 8750217777 | KONCEPT (Green park) 8750217777 | KONCEPT (Kailash Colony Branch) 8750217777 | KONCEPT (Okhla) 8750217777 | RAMAA (Lajpat Nagar) 9711115252 | LAMBA (Malviya Nagar) 7290008982

CENTRAL DELHI
BAGGA LINK (East Patel Nagar) 8800021533 | SUNRISE (Daryaganj) 8448094650 | PAHWA (Karol Bagh) 8800053250

NORTH DELHI
MALWA (Pitampura) 9289094801 | MALWA (Narela) 9053070847 | UNITY (Rohini) 9811780666 | UNITY (Shalimar Place) 9643332012 | PAHWA (Shakti Nagar) 8800025123 | LAMBA (Wazirpur) 9811553341

EAST DELHI
SHUBAN SAI (East Gokulpuri) 9289351141 | SUNRISE (Opp. Mother Dairy Plant) 9871952249 | SUNRISE (Patparganj) 9871952251 | HIMGIRI (Jhilmil Indl. Area) 8287110966 | HIMGIRI (Dayanand Vihar) 7982085550

GREATER NOIDA
FORTUNE (D-74, Site-IV) 9540083004

NOIDA
CAPITAL (Dadri) 9899156393 | CAPITAL (Sector-63) 9999489444 | ROYAL DREAM (Noida) 7042493311 | FORTUNE (Noida Extension) 9355003301 | KARMA (Sector-85) 9999122790 | KARMA (Sector-49) 9289528800 | JRD NIMBUS (Sector-5) 9540200200

GHAZIABAD
M.R. (Site-IV Indl. Area Branch) 9312821198 | M.R. (Loni Road) 9312821180 | PAWAN (Lal Kuan) 8800095777 | DREAM (Meerut Road) 9560795307 | SHINE (Silver City Mall) 7065543000

GURUGRAM
DEE EMM (MG Road) 7289910900 | DEE EMM (Sector-49) 8585900822 | DEE EMM (Sector-16) 8588891541 | HIMGIRI (Palam Vihar) 7011321731 | HIMGIRI (Golf Course Road, Sector-53) 8287110854 | TRIUMPH (Golf Course Extension Road) 9205942100 | SAFDARJANG (Hero Honda Chowk) 9871395437 | SAFDARJANG (Udyog Vihar-IV) 8860626993 | SAFDARJANG (Sohna Road) 9910389341

FARIDABAD
MAHADEV (Mathura Road) 7669046296 | MAHADEV (Byepass Road) 8929439504 | MAHADEV (NHPC Chowk) 7042193333 | BOHRA (Neelam Bata Road) 8800011100 | CAPITAL (NIT Faridabad) 9355931100 | TRIUMPH (Near YMCA Chowk) 9643400505

SOHNA JMV 9999116665 | MANESAR TRIUMPH 7210004500 | PATAUDI TRIUMPH 9289361701 | MODINAGAR FORTUNE 8194000854 | JEWAR FORTUNE 9643316502 | FARRUKHNAGAR TRIUMPH 8588853368 | HODAL SHREE PUSHP 7082203601 | TAURU JMV 9999116660 | PALWAL PARASHAR 9671777736 | GANNAUR MALWA 9468100934 | GOHANA MALWA 9468100733 | KHARKODA MALWA 9671111169 | KUNDLI MALWA (NH-1, 31 K.M. Stone) 9467800924 | SONIPAT MALWA (Jat Joshi, Bahalgarh Rd.) 9467700733 | BULANDSHAHR FORTUNE (Bhoor Crossing, Delhi Rd.) 8272072034

For any Bulk enquiry please contact: munmi.rajguru@hmil.net (Delhi), sumeetkalra@hmil.net (NCR)

my Hyundai app
Hyundai Promise Certified Pre-Owned Car
Scan to chat with us

*Terms & Conditions apply. Benefits include cash discount, exchange bonus and benefits for government or corporate employees, whichever is applicable. Benefits may vary with variants and are subject to change without prior notice. **3-year warranty or upto 1 00 000 km whichever is earlier for Grand i10 NIOS, AURA, i20 & i20 N line. 3-year unlimited km warranty is applicable for VENUE, VENUE N Line, CRETA, ALCAZAR, TUCSON, VERNA, KONA Electric and IONIQ 5. ^Upto 7 years extended warranty is applicable only for petrol variants. HMIL reserves the right to withdraw/modify the scheme without prior notice. Scrappage bonus is only applicable on select models. Based on Certificate of deposit (issued by government approved and operational centre) by the customer. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules – these are meant to keep you safe on roads.

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।










SWIFT

TEST DRIVE TODAY I CALL 1800 102 1800 I WWW.MARUTISUZUKI.COM/SWIFT

MARUTI SUZUKI AUTHORISED DEALERS: NORTH DELHI: SAYA, (AZADPUR) PH: 9999369725. DD MOTORS, (NARELA) PH: 9999003888. T.R. SAWHNEY, (PITAMPURA) PH: 9582263509. D.D. MOTORS, (PEERAGARHI) PH: 9999003888. T.R. SAWHNEY, (BADLI) PH: 9999324333. RANA MOTORS, (PRASHANT VIHAR) PH: 9711507777. D.D. MOTORS, (WAZIRPUR) PH: 9999003888. SHREYASH, (PITAMPURA) PH:7838555085. RANA MOTORS, (GT Karnal Road) PH: 9873477733. SHREYASH, (GT KARNAL ROAD) PH:7838555063. FAIRDEAL WHEELS, (BUDH VIHAR) PH: 8448296614, 8448296615. SOUTH DELHI: ROHAN, (MATHURA ROAD) PH: 9560036262. T.R. SAWHNEY, (NEHRU PLACE) PH: 9999563333. COMPETENT, (LAJPAT NAGAR) PH: 9582797810. AAA VEHICLEADES, (MALVIYA NAGAR) PH: 9971500011. PREM MOTORS, (MAHIPALPUR) PH: 8745887458. D.D. MOTORS, (OKHLA PH-1) PH: 9999003888. SINGLA LINK AGENCY PVT. LTD., (KOTLA) PH: 8826892666 / 011 40488888. RANA MOTORS, (SAFDARJUNG) PH: 26712222. CENTRAL DELHI: MAGIC AUTO, (KAROL BAGH) PH: 8929268145. COMPETENT, (C.P) PH: 9582797749. T.R. SAWHNEY, (DARYAGANJ) PH: 9999399157. WEST DELHI: MAGIC AUTO, (SEC-20, DWARKA) PH: 8929268146. T.R. SAWHNEY, (RAJOURI GARDEN) PH: 9873781333. COMPETENT, (NAJAFGARH) PH: 9582797763. MAGIC AUTO, (DWARKA SEC-13) PH: 8929268144. AAA VEHICLEADES, (MUNDKA) PH: 9650445555, COMPETENT, (DWARKA) PH: 9582797879, MAGIC AUTO, (PALAM DABRI ROAD) PH: 8929400501, COMPETENT, (SHIVAJI MARG) PH: 9811477799, RANA MOTORS, (JANAKPURI) PH: 9999577776, D.D. MOTORS, (MAYAPURI) PH: 9999003888. JAGMOHAN AUTOMOTIVES, (NARAINA) PH. 011-35011310. VIPUL MOTORS, (PASCHIM VIHAR) PH: 8130093031. EAST DELHI: FAIRDEAL WHEELS, (BHAJANPURA) PH: 7290009372. FAIR DEAL WHEELS, (SHAHDARA) PH: 8448296614, 8448296615. COMPETENT, (GAZIPUR) PH: 8377007977. SINGLA LINK AGENCY PVT LTD, (PATPARGANJ) PH: 9818199370/ 011 46488888. T.R. SAWHNEY, (GOKULPUR) PH: 9999399150. MAGIC AUTO, (PREET VIHAR) PH: 8929400502. GURGAON: SWASTIK MOTOCORP, (SEC- 82): 8448440437, 7428690816. COMPETENT, (SEC-12): 9582797711. PREM MOTORS, (32ND MILESTONE): 8750487504. ROHAN, (SEC-54): 7840042444. PREM MOTORS, (6 IDC): 8750987509. VIPUL, (UDYOGVIHAR): 8929148240. PASCO, (SEC-18): 4012000., COMPETENT, (SUBHASH CHOWK): 9582797739. RANA MOTORS, (SCO PLOT NO-322 SEC-29): 4260000. PASCO, (SILVERTON SEC-50): 7835003300. FARIDABAD: VIPUL, (MATHURA ROAD): 9999994707. TCS AUTOWORLD, (NEELAM CHOWK): 0129-4252525. AUTO NATION, (MATHURA ROAD): 9899596002. VIPUL, (BALLABGARH): 0129-4208400. ROHAN, (PALWAL): 8930202062. FAIRDEAL PREMIUM WHEELS, (PIYALI CHOWK): 9582101735. MANESAR: PLATINUM MOTOCORP, (IMT CHOWK): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (FARRUKHNAGAR): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (PATAUDI): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (NARNAUL): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (BILASPUR): 9020990209. PLATINUM MOTOCORP, (MAHINDERGARH): 9020990209. SOHNA: PASCO, (ALIPUR): 8683000956. PASCO, (TAURU): 8683000929. PASCO, (PUNHANA): 8683000929, PASCO, (NUH): 8683000970. REWARI: AUTO VIBES, (KOSLI): 01259-275300. AUTO VIBES, (BAWAL): 7082100280. AUTO VIBES, 7082010000. AUTO VIBES, (DHARUHERA): 7082100481. AUTO VIBES, (KUND): 7082100244. AUTO VIBES, (DAHINA): 7082100107. GHAZIABAD: T.R. SAWHNEY, (Loni): 9999399180. ROHAN, (MUKUND NAGAR): 9650100045. MOTORCRAFT, (SAHIBABAD): 9650972222. T.R. SAWHNEY, (MOHAN NAGAR): 9582263544. SNV AUTOMOBILES, (AMBEDKAR Road): 9811001626. GLOBUS AUTO, (KAVI NAGAR): 8929422701 REGENT AUTO, (MEERUT ROAD): 7065191234. ROHAN, (HAPUR): 0122-2313204. MOTORCRAFT, (MODI NAGAR): 8057692222. MOTORCRAFT, (BHOJPUR): 9319583222. MOTORCRAFT, (MURADNAGAR): 7055440222. NOIDA: Rana (Dadri): 7669710689. Dev (Sec-49): 8448741583. VIPUL, (SEC-63): 9899095972. FAIRDEAL PREMIUM WHEELS, (SEC-10): 9999700944. ROHAN, (SEC-1): 9873501288. VIPUL, (SEC-18): 8800091555. GREATER NOIDA: ROHAN, (UDYOG VIHAR): 9811800980. VIPUL MOTORS, (GAUR CITY): 9818392491. BULANDSHAHAR: SK UNIVERSE Automobile (BULANDSHAHR): 8929734471. SK UNIVERSE Automobile (SIKANDRABAD): 9520870938. SK